हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11 खेल



**नीरज चोपड़ा को टेटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल बनाया, धोनी, कपिल और बिंद्रा...**

Page 10 देश



**शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा के लिए करना होगा इंतजार, स्थगित हुआ लॉंच...**


मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, पूर्वाषाढ़ा, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 16 मई 2025 • वर्ष 27 • अंक 154 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 93,930 | ₹ 97,000 |



## आज का इतिहास

**1960 :** भारत और इंग्लैड़ के बीच टेलेक्स सेवा की शुरुआत की गई।

**2014 :** भारतीय जनता पार्टी को 16 वें लोकसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत मिला। 16 वें लोकसभा चुनाव में 282 सीटों के साथ भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी।

## न्यूज बाइट्स

### एक करोड़ के ब्राउन सुगर के साथ चार गिरफ्तार, मणिपुर से आया था तस्कर

**मुजफ्फरपुर (नि.सं.)।** मुजफ्फरपुर पुलिस ने काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र से चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मणिपुर से ट्रेन के जरिए नशीली सामग्री लेकर आए चार तस्करों को पकड़ा है। इनके पास से भारी मात्रा में ब्राउन शुगर बरामद हुआ है। जिसकी कीमत एक करोड़ रुपये है। पुलिस ने गया से खेप लेने आए एक व्यक्ति को भी हिरासत में लिया है। उसके पास से तीन लाख रुपये और एक स्विफ्ट कार मिली है। पकड़े गए तस्करों से पूछताछ जारी है। नगर डीएसपी सीमा देवी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग नशे की खेप लेकर शहर में प्रवेश करने वाले हैं। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने क्षेत्र में घेराबंदी की और तीन तस्करों को धर दबोचा। पुलिस ने पूछताछ के दौरान तस्करों की निशानदेही पर गया से खेप लेने आए एक ड्राइवर संतोष कुमार गुप्ता को भी हिरासत में लिया है। उसके पास से तीन लाख रुपये नकद और एक कार जब्त की गई।

उप मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में खनन विभाग के लंबित मामलों पर हुई उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

# पर्यावरण मंजूरी के लंबित मामलों पर नजर रखने के लिए बनेगी निगरानी टीम

निज संवाददाता | पटना

खान एवं भूतत्व विभाग के लंबित मामलों के समाधान हेतु उप मुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने गुरूवार को विकास भवन, पटना स्थित अपने कार्यालय में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में मुख्य सचिव, बिहार, एडीजी (आर्थिक अपराध इकाई), अपर मुख्य सचिव (पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन), सचिव (खान एवं भूतत्व विभाग), सचिव (पर्यटन विभाग), पटना के जिलाधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य था – राज्य में खनन से संबंधित लंबित मुद्दों की समीक्षा करना और उन्हें शीघ्र हल करने के लिए ठोस रणनीति बनाना। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा जिन बालू घाटों की नीलामी हो चुकी है, उनके पर्यावरणीय स्वीकृति के लंबित मामलों पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके लिए एक सतत अनुश्रवण इकाई का गठन किया जाएगा, जो इन मामलों की नियमित निगरानी करेगी और त्वरित निर्णय सुनिश्चित करेगी।



### खनन क्षेत्र की सुरक्षा होगी सुनिश्चित

खनन क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने हेतु पुलिस बल की आवश्यकता पर भी विचार किया गया। इसके लिए पुलिस मुख्यालय को निर्देश दिया गया है कि वह खान एवं भूतत्व विभाग के मुख्यालय स्तर पर पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता सुनिश्चित करे।

### सफेद बालू घाटों की जांच और हटाने की प्रक्रिया शुरू

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक जिले में एक समिति गठित की जाएगी, जो उन सफेद बालू घाटों की जांच करेगी जो नदी की मुख्य धारा, दियारा क्षेत्र में स्थित हैं या किसी कारणवश नीलामी योग्य नहीं हैं। ऐसे घाटों को जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट से हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी ताकि भविष्य में नीलामी में पारदर्शिता बनी रहे।

### जिलों में होगी मुख्य सचिव की सीधी निगरानी

यह तय हुआ कि मुख्य सचिव स्वयं जिला पदाधिकारियों के साथ नियमित रूप से समीक्षा बैठकें करेंगे और बालू घाटों की बंदोबस्ती को प्रमुख एजेंडे के रूप में लेंगे, ताकि प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके।

बैठक में पर्यटन विभाग, पर्यावरण विभाग तथा खान एवं भूतत्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे पूर्व में संचालित पत्थर पट्टों का संयुक्त निरीक्षण करें और एक सप्ताह के भीतर आवश्यक अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) जारी करें, जिससे इन पट्टों का पुनः संचालन संभव हो सके। उप मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट किया कि राज्य सरकार का उद्देश्य खनन क्षेत्र में पारदर्शिता को बढ़ावा देना, नियमों का सख्ती से अनुपालन कराना और अवैध खनन पर पूर्णतः रोक लगाना है। पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने और राजस्व सृजन को गति देने की दिशा में यह बैठक एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

अलग-अलग जिलों में छह की मौत

# चूल्हे की चिंगारी ने छीनी तीन मासूमों की जिंदगी, झोपड़ी में जिंदा जल गईं बहनें

निज संवाददाता | बेतिया

बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे में तीन मासूम बहनों की जिंदा जलकर मौत हो गई। यह हृदयविदारक घटना दरपा थाना क्षेत्र के नरकटिया पंचायत के वार्ड संख्या 12 की है, जहां एक झोपड़ी में खाना बनाते वक्त चूल्हे से निकली चिंगारी ने भयावह आग का रूप ले लिया और देखते ही देखते तीन बच्चियों को अपनी चपेट में ले लिया।

हादसा उस समय हुआ जब बच्चियों की मां झोपड़ी में खाना बना रही थी। बताया जा रहा है कि चूल्हे से निकली एक चिंगारी ने सूखी घास और लकड़ियों को आग पकड़वा दी, जिसने तुरंत ही पूरी झोपड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। अंदर खेल रही तीनों बहनें आग से घिर गईं और उन्हें बचाने का कोई रास्ता नहीं बचा।

इस अग्निकांड में जिन बच्चियों की मौत हुई है, उनके नाम हैं— मुस्कान कुमारी (6), पायल कुमारी (5) और संतोषी कुमारी (2)। तीनों बहनें अपने नाना-नानी के घर गर्मी की छुट्टियों में आई हुई थीं। उनके पिता रामबाबू साह पश्चिम चंपारण के शिकारगंज थाना अंतर्गत शिकारपुर गांव के निवासी हैं। बताया गया कि बच्चियों की मां बीमार चल रही थीं, इसलिए कुछ दिन के लिए तीनों बेटियों को लेकर अपने मायके आई थीं।

जैसे ही आग की लपटों ने झोपड़ी को घेरा, मां चीखती-चिल्लाती रह गई, लेकिन कुछ कर नहीं सकी। ग्रामीणों ने बाल्टी और मिट्टी से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। तीनों बच्चियों के शव पूरी तरह झुलस चुके थे।

हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। हर आंख नम है और हर दिल द्रवित। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मां बार-बार बेहोश हो जा रही है और पिता का हाल बेहाल है। इस त्रासदी ने पूरे गांव को गहरे सदमे में डाल दिया है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

## शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग में तीन बचिच्यों की हुई मौत

निज संवाददाता | मोतिहारी

मोतिहारी के दरपा थाना क्षेत्र के नरकटिया में भीषण अगलगी कि घटना हुई, जिसमें तीन बच्चियों की जिंदा जलने से मौत हो गई। नरकटिया बाजार के पश्चिमवारी टोला के वार्ड नंबर 12 में गुरुवार की दोपहर में बिजली के शॉर्ट सर्किट होने से ये आग लग गई। घटना में आग ने ऐसा कहर बरपाया कि संजय साह समेत 2 लोगों का घर जल कर राख हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही दरपा थाना पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और अग्निशमन दल को बुलाया गया। तब आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया। घटना में संजय साह की तीन नतिनी की घर में जिंदा जलकर मौत हो गई। मृत तीनों बच्चियों की पहचान मुस्कान कुमारी उम्र 6 वर्ष, पायल कुमारी उम्र 4 वर्ष और संतोषी कुमारी उम्र 2 जे रूप में हुई है। तीनों बच्चियां पश्चिमी चंपारण के नरकटियागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मठिया गांव के निवासी रामबाबू साह की बेटियां थीं। वे अपने नाना संजय साह के यहां गर्मी की छुट्टियां बिताने आई थीं। मृतक तीनों बच्चियां पश्चामी चंपारण जिले के नरकटियागंज थाना क्षेत्र के मठिया निवासी रामबाबू साह की पुत्री बताई जा रही हैं, जो अपने नाना के घर आईं हुईं थीं। घटना में पांच गाय के साथ 6 बकरियां भी जिंदा जलकर मर गईं। इस घटना में घर में रखे अनाज, कपड़े, बिछावन, पेटी, फर्नीचर, समेत सभी सामान जल कर राख हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों के साथ आस-पास के गावों के लोगों की भीड़ जमा हो गई। वही तीन नन्ही मुन्नी बच्चियों के जिंदा जलने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पूर्व मंत्री सह नरकटिया विधायक डॉ शमीम अहमद ने घटना स्थल पहुंचकर कर आगलगी की घटना का जानकारी ली और पीड़ितों को आर्थिक सहयोग किया। शमीम अहमद ने जिलाधिकारी से फोन पर बात कर अगलगी की घटना में पीड़ितों को जल्द जल्द से सरकारी मदद करने का अनुरोध किया।

# हर गांव और बसावट तक अब पहुंच रही पक्की सड़क

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में ग्रामीण विकास की रफ्तार और बढ़ियां हो रही है हर गांव की सूरत। बिहार सरकार ने गांव-गांव तक पक्की सड़कें पहुंचाने के अपने ऐतिहासिक मिशन में अब तक बड़ी सफलता हासिल कर ली है। राज्य की 1,19,816 बसावटों को अब बारहमासी एकल संपर्कता यानी हर मौसम में सड़क से जुड़ने की सुविधा मिल चुकी है। राज्य सरकार के मुताबिक अब तक कुल 1,18,511 किलोमीटर लंबाई की ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया जा चुका है। इसका सीधा लाभ प्रदेश के गांवों को मिला है, जो अब मुख्य मार्गों, बाजारों और सरकारी सेवाओं से बेहतर ढंग से जुड़ गए हैं। शुरुआत में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत केवल 1,000 या उससे अधिक आबादी वाले गांवों को ही प्राथमिकता दी जाती थी, लेकिन बिहार ने 2006-07 में अपने स्तर पर मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना शुरू की और 500 से 999 आबादी वाले गांवों को भी जोड़ने का फैसला लिया।

### पाँचवें वर्ष में होगा पुनः कालीकरण

मुख्यमंत्री ग्रामीण संपर्क योजना (अवशेष) के तहत जो भी सड़कें बनेंगी, उनका निर्माण पूरा होने के बाद अगले छह वर्षों तक उनका सतत् अनुरक्षण किया जाएगा। इसमें पाँचवें वर्ष की पहली तिमाही में पुनः कालीकरण (री-सर्फेसिंग) भी किया जाएगा, जिससे ग्रामीण जनता को लंबे समय तक बेहतर सड़कों की सुविधा मिल सके।

# पुलिस और असैनिक कर्मियों की छुट्टियों पर लगी रोक हटी

- भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के कारण बिहार सरकार ने 8 मई को सभी असैनिक और पुलिस सेवा के कर्मियों के अवकाश पर रोक लगा दी थी।

निज संवाददाता | पटना

बिहार में पुलिसकर्मियों और असैनिक सेवा के कर्मियों की छुट्टियों को लेकर गुरुवार को एक बड़ा आदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया। भारत -पाकिस्तान के बीच बढ़े हुए तनाव के कारण 8 मई को बिहार सरकार ने सभी असैनिक और पुलिस सेवा के कर्मियों के अवकाश पर रोक लगाने का आदेश दिया था। यहां तक कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्णिया में एक बैठक की थी जिसमें राज्य के पुलिस -प्रशासन के वरीय अधिकारियों के साथ ही सैन्य सेवा से जुड़े अधिकारी भी शामिल थे। इसमें राज्य के सीमांचल सहित नेपाल सीमा से लगने वाले जिलों में गश्ती बढ़ाने और सुरक्षा चाक चौबंद करने को लेकर समीक्षा की गई थी। संवेदनशील परिस्थितियों के मद्देनजर वह बैठक बेहद अहम रही। वहीं अब सामान्य प्रशासन विभाग ने नया आदेश जारी किया है। सरकार के सचिव मो० सोहैल की ओर से जारी पत्र में सभी अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/ सचिव, सभी विभागाध्यक्ष, पुलिस महानिदेशक, सभी प्रमण्डलीय आयुक्त, सभी जिला पदाधिकारी को बिहार सरकार के सभी असैनिक/ पुलिस सेवा के कर्मियों के अवकाश के संबंध में आदेश से अवगत कराया गया है। इसमें कहा गया है कि वर्तमान सामान्य परिस्थिति के कारण 8 मई का आदेश वापस लिया जाता है। इस पत्र के तहत अब असैनिक और पुलिस सेवा के कर्मियों को अवकाश लेने में कोई दिक्कत नहीं है। अब सामान्य नियमों के तहत उन्हें छुट्टी मिलेगी। यह आदेश भारत-पाकिस्तान के बीच स्थिति सामान्य होने के कारण लिया गया है।

# सीबीएसई: 10वीं में दो बार होगा बोर्ड एग्जाम

निज संवाददात | पटना

सीबीएसइ स्कूलों में नये सत्र की पढ़ाई शुरू हो गयी है। नये सिलेबस के अनुसार स्कूलों को पढ़ाई करानी है। वहीं, 10वीं में गये स्टूडेंट्स को भी नये नियम से अवगत कराने के लिए सीबीएसइ ने स्कूलों से कहा है। सीबीएसइ रिजल्ट देने के बाद दो बार बोर्ड एग्जाम की पॉलिसी को अंतिम रूप देने में जुट गया है। अगले साल 2026 में 10वीं में दो बार बोर्ड एग्जाम की गाइडलाइंस 10 दिनों में जारी हो जायेगी। सीबीएसइ सूत्रों की मानें, तो मई के अंत तक गाइडलाइन जारी कर दी जायेगी। नयी व्यवस्था के तहत छात्र दो बार परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। इस समय जो स्टूडेंट्स 10वीं क्लास में आये हैं, वे 2026 में जब बोर्ड एग्जाम देंगे, तो उनके पास दो बार परीक्षा में बैठने का मौका रहेगा। 2025 की परीक्षा में जहां 10वीं में 24।12 लाख रजिस्टर्ड थे, वहीं 2026 में 26।60 लाख स्टूडेंट्स बोर्ड परीक्षा में शामिल होने का अनुमान है। दो बार बोर्ड एग्जाम को लेकर जो ड्राफ्ट पॉलिसी तैयार की थी, उसमें 2026 में होने वाली 10वीं की परीक्षा का पहला राउंड 17 फरवरी से शुरू होकर छह मार्च तक होने की सिफारिश की गयी थी। वहीं, दूसरे राउंड की बोर्ड परीक्षा पांच मई से 20 मई तक आयोजित करने की बात कही गयी है। दोनों राउंड की परीक्षा के लिए कुल 34 दिन का समय रखा गया है। पहले राउंड की परीक्षा के लिए 18 दिन और दूसरे राउंड के लिए 16 दिन का समय रखा गया है। दोनों परीक्षाओं में पूरा सिलेबस आयेगा। 10वीं में स्टूडेंट्स लिखित परीक्षा तो दो बार दे सकेंगे, लेकिन प्रैक्टिकल और इंटरनल असेसमेंट एक ही बार होगा। जेइइ मेन की तरह बेस्ट स्कोर माना जायेगा।

# प्रोजेक्ट आधारित लर्निंग को मजबूत करने के लिए राज्य स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

निज संवाददाता | पटना

प्रोजेक्ट-बेस्ड लर्निंग (बीपीएल) को प्रभावी और सशक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण राज्य स्तरीय बैठक आयोजित की गई। यह बैठक राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) और बिहार शिक्षा परियोजना परिषद (बीईपी) के नेतृत्व में तथा मंत्रा 4 चेंज संस्था के सहयोग से 15 मई 2025 को सम्पन्न हुई। बैठक में बीते वर्ष के कार्यों और उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए आगामी योजनाओं की स्पष्ट रूपरेखा तय की गई। चर्चा के दौरान यह निर्णय लिया गया कि छठवीं से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान विषयों पर आधारित प्रोजेक्ट तैयार कर हस्तपुस्तिका (हैंडबुक) बनाई जाएगी, ताकि बच्चों में व्यवहारिक ज्ञान और रचनात्मक सोच को बढ़ावा दिया जा सके।

इसके अलावा शिक्षकों के प्रशिक्षण, सहयोगी संरचनाओं के सशक्तिकरण और राज्य, जिला तथा प्रखंड स्तर पर अनुश्रवण और अनुसमर्थन प्रणाली को भी और प्रभावशाली बनाने की रणनीति तैयार की गई है। शिक्षकों को न केवल नई पद्धतियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, बल्कि उन्हें बच्चों के साथ नवाचार आधारित शिक्षण के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि विज्ञान और गणित मेला का आयोजन आगामी शैक्षणिक सत्र में किया जाएगा, जिससे बच्चों को अपने विचारों और खोज को प्रस्तुत करने का मंच मिलेगा।

बिहार में भीषण गर्मी का कहर

# 23 जिलों में लू का कहर, कई जिलों में बारिश की हल्की उम्मीद

निज संवाददाता | पटना

भीषण गर्मी का दौर और तेज हो गया है। गुरुवार के लिए मौसम विभाग ने प्रदेश के 23 जिलों में हीट वेव (लू) को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। इस चेतावनी के अनुसार 16 मई तक प्रदेश में हॉट डे और लू की स्थिति बनी रह सकती है। लोगों को इस दौरान विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।



पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक आशीष कुमार ने बताया कि मध्य भारत और ओडिशा के आसपास बने मौसमी सिस्टम के कारण बिहार में तेज और शुष्क पछुआ हवा बह रही है, जिससे तापमान में लगातार इजाफा हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस गर्म पछुआ हवा का असर खास तौर पर उत्तर और मध्य बिहार में अधिक देखने को मिलेगा, जहां दिन के साथ-साथ रातें भी अब गर्म होने लगी हैं।

गर्मी की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बीते 24 घंटे में 6 जिलों का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। रोहतास राज्य का सबसे गर्म जिला रहा, जहां का तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा गया में 42.6, बांका में 41, और पटना में 40.9 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। ऐसे में साफ है कि लोगों को आने वाले दिनों में और अधिक गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। इसी के बीच राहत की थोड़ी उम्मीद पूर्वी बिहार के कुछ जिलों में बनी है। मौसम विभाग ने सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, किशनगंज और सुपौल जिलों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। हालांकि बुधवार को राज्य के किसी भी जिले में बारिश नहीं हुई, जबकि 32 जिलों के लिए हल्की बारिश का अलर्ट भी जारी था। मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि इस दौरान धूप में निकलने से बचें, खुला और हल्का कपड़ा पहनें, तथा पानी और तरल पदार्थों का अधिक सेवन करें, ताकि लू से बचाव किया जा सके। अब देखना होगा कि आने वाले दिनों में यह गर्मी कितनी और कहर बरपाती है या मौसम कुछ राहत देता है।



# नालंदा में रिश्तेदार से बदसलूकी की वजह पूछने पर मारी गोली

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में बुधवार देर रात आपसी विवाद में 24 राउंड से अधिक फायरिंग हुई है। गोलीबारी में एक शख्स की मौत हो गई, जबकि सरपंच शंभू सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें कुछ लोग पथराव और फायरिंग करते हुए दिखाई दे रहे हैं। घटना दीप नगरथाना क्षेत्र का बेरौटी गांव की है।



**नशे में धुत लोगों ने की बदसलूकीः** मृतक विनीत सिंह(45) के पुत्र मनीष कुमार ने बताया कि घर में सत्यनाराण स्वामी की पूजा थी। पूजा में शामिल होने के लिए बहनोई अभिमन्यु सिंह आ रहे थे। रास्ते में केके यूनिवर्सिटी के पास नशे में धुत गांव के ही चंदन, नीतीश और प्रहलाद गाली-गलौज कर दी। घर आने पर बहनोई ने पूरी बात बताई।

**सूचना देने के 2 घंटे बाद पहुंची पुलिसः** परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि मारपीट और गोलीबारी कि सूचना देने के बाद भी दीपनगर पुलिस नहीं पहुंची। डीएसपी से बात करने के बाद भी पुलिस को पहुंचने में करीब 2 घंटे लग गए। इस बीच घर के कुछ लोगों का मारपीट में सिर फट गया।

♦ नालंदा में 24 राउंड फायरिंग, एक व्यक्ति की मौत, सरपंच घायल

**गोलीबारी में सरपंच घायलः** वहीं, लॉ एंड आर्डर डीएसपी रामदुलार प्रसाद ने बताया कि विनीत सिंह के घर पर सत्यनारायण स्वामी की पूजा थी। पड़ोस में रहने वाले अरुण सिंह से विवाद हुआ था। जिसके बाद अरुण सिंह और उनके सहयोगियों ने गोलीबारी की गई है। सरपंच शंभू सिंह घायल हैं। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 2 आरोपियों को डिटेन किया गया है।

## योगासन में बिहार के बालकों ने किया उम्दा प्रदर्शन, राजस्थान और पश्चिम बंगाल के खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने किया आकर्षित



निज संवाददाता। गया

खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 में बुधवार को योगासन चैम्पियनशिप आपसी खेल भावना और बेहतर प्रदर्शन के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में बिहार विधान परिषद सदस्य मो. अखलाक अहमद, आईआईएम की निदेशक विनीता सहाय, योगासन भारत के राष्ट्रीय महासचिव डा. जयदीप आर्य, स्पोर्ट्स आथोरिटी आफ इंडिया के डिप्टी डायरेक्टर दीपक साहू और गया जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहें। इस चैम्पियनशिप के बालिका वर्ग में महाराष्ट्र की बेटियों ने जलवा बिखेरा और पदक तालिका अंक में पहले स्थान पर रही। पश्चिम बंगाल दूसरे और असम की लड़कियों को तीसरा स्थान मिला। वहीं पुरुष वर्ग में राजस्थान प्रथम स्थान पर रहा। जबकि महाराष्ट्र दूसरे और कर्नाटक तीसरे स्थान पर रहा। मेजबान बिहार के खिलाड़ी अंतिम दो दिन कोई पदक प्राप्त नहीं कर सकें, जिससे उनकी रैंकिंग पिछड़ती चली गई। हालांकि बिहार के खिलाड़ियों ने दो प्रतिस्पर्धाओं में कांस्य पदक जीता और पहले के चैम्पियनशिप से बेहतर प्रदर्शन किया। आर्टिस्टिक पेयर के महिला वर्ग में महाराष्ट्र की जोड़ी को गोल्ड योगासन खेलों के अंतिम दिन आर्टिस्टिक पेयर इवेंट के महिला वर्ग में महाराष्ट्र की रूद्राक्षी पंकज भावे व प्रांजल सोमनाथ व्हन्ना की जोड़ी ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रथम ने 97.4% अंक ला गांव का नाम किया रौशन

**टिकारी।** सीबीएसई बोर्ड की 10वीं परीक्षा में खनेटू गांव के प्रथम कुमार ने 97.4 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। वह दवा व्यवसायी और सामाजिक कार्यकर्ता उमेश कुमार के पौत्र हैं। प्रथम की इस सफलता से गांव और स्कूल दोनों का नाम ऊंचा हुआ है। प्रथम ने सेंट पीटर्स इंग्लिश मीडियम स्कूल, पूर्णिया से परीक्षा पास की है। उसके पिता मुकेश कुमार अरिस्टो कंपनी में पूर्णिया में कार्यरत हैं। प्रथम ने पूर्व पुलिस महानिदेशक अभयानंद की सुपर 30 परीक्षा में भी सफलता पाई है। अब वह उनके मार्गदर्शन में इंजीनियरिंग की तैयारी करेगा। उसकी सफलता पर शहर के कई लोग उमेश कुमार के घर पहुंचे।

### सीताशरण मेमोरियल स्कूल में 10 वीं में मो. अर्श व 12 वीं में अमन राज रहे टॉपर

**बिहारशरीफ।** सीबीएसई बोर्ड ने दशम् एवं बारहवीं का परीक्षाफल प्रकाशित कर दिया है। जिसमें दशम् वर्ग के 94 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सभी विषयों में सफलता प्राप्त की एवं बारहवीं वर्ग में 90 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सभी विषयों में सफलता एवं अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले बारहवीं में प्रथम स्थान अमन राज 93.4%, द्वितीय स्थान सत्यम सिन्हा 92.6% एवं तृतीय स्थान साक्षी गुप्ता 92.2% अंक के साथ सफलता हासिल की हैं।साथ ही साथ वर्ग दशम् में प्रथम स्थान मो० अर्श 95.2%, द्वितीय स्थान ज्योति 95% एवं तृतीय स्थान शिवम भारती 95% अंक के साथ सफलता हासिल की है। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डा० संजय कुमार एवं प्राचार्य संजय कुमार एवं कैरियर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य ई० संदीप कुमार, उपप्राचार्या अनुप्रिया भारती ने सभी सफल परीक्षार्थियों को उज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिए। दशम् वर्ग में 95% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या 05 एवं 90 से 95 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्रों की संख्या 25 रही। तथा बारहवीं वर्ग में 90 से 95% अंक लाने वाले छात्रों की संख्या 23 रही। सभी सफल परीक्षार्थियों को विद्यालय के निदेशक व प्राचार्य एवं शिक्षकों के द्वारा मिठाई खिलाकर सफल परीक्षार्थियों का मुँह मीठा कराया गया। प्राचार्य संजय कुमार एवं कैरियर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य ई० संदीप कुमार ने संबोधन में कहा कि जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति व लक्ष्य प्राप्ति हेतु दिशा व दशा दोनों का कार्य छात्र को खुद करना पड़ता है। सभी शिक्षकों ने बच्चों को आशीर्वाद देकर उज्वल भविष्य की कामना की।

### कृषि विद्युत कनेक्शन के लिए लगेगा कैम्प

**टिकारी।** किसानों के लिए बिजली कनेक्शन देने को लेकर कैम्प का आयोजन किया गया है। आज यानी गुरुवार को प्रखण्ड के छठवां पंचायत में कैम्प लगेगा। जेईई हिमांशु कुमार ने बताया कि छठवां पंचायत में कैंप का आयोजन किया गया है। कनेक्शन के लिए इच्छुक आवेदक को आधार कार्ड, फोटो और जमीन का रसीद लेकर कैंप में आना होगा। कैंप में ही ऑनलाइन आवेदन कर दिया जाएगा। प्रक्रिया को जल्द पूरा कर कनेक्शन दिया जाएगा।

### मनरेगा में घोटाला का आरोप, डीएम से जांच की मांग

**नालंदा।** नालंदा के अस्थावां प्रखंड में मनरेगा के कार्यान्वयन में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप है। बताया गया है कि महमदपुर पंचायत में एक ही मजदूरों की तस्वीरों का उपयोग कई अलग-अलग योजनाओं में किया जा रहा है, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंकाहै। स्थानीय निवासी साहेब कुमार ने जिलाधिकारी शशांक शुभंकर को आवेदन देकर इस कथित घोटाले की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पंचायत के शेरपुर, डेढ़धारा और रजावां गांवों की योजनाओं में एक समान तस्वीरें अपलोड की गई हैं।

**राशि की लूट का आरोपः** "एनएमएमएस एप पर मजदूरों की लाइव तस्वीरें अपलोड करना अनिवार्य है, लेकिन यहां एक ही तस्वीर का उपयोग कई योजनाओं में किया जा रहा है। इसके साथ ही मशीनों से काम कराकर सरकारी राशि की लूट की जा रही है और मजदूरों की फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है। साहेब कुमार ने कहा कि कई सालों से पंचायत में पैसे का बंदरबांट हो रहा है। जिसमें पंचायत के जनप्रतिनिधि, कर्मी से लेकर जिले के बड़े अधिकारी शामिल है। डीएम से लेकर मुख्यमंत्री तक को इस मामले की शिकायत की गई है। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। मनरेगा जिला परियोजना अधिकारी (डीपीओ) प्रवीण कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि मामला हमारे संज्ञान में आया है। प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि दो अलग-अलग योजनाओं में समान तस्वीरें उपयोग की गई हैं। हम इसकी विस्तृत जांच करवा रहे हैं।

### पति के मोबाइल में लड़कियों की तस्वीर देख की आत्महत्या

**नालंदा।** नालंदा में एक महिला ने आत्महत्या कर ली है। महिला अपने पति से नाराज थी और गुस्से में आकर फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। मृतका की पहचान ह्रदनबीघा गांव की महली देवी (30) के रूप में हुई है। गांव के रहने वाले संतोष कुमार ने कहा कि महली देवी के पति सुजीत मांझी मोहन खंधा बारात में गए थे। जहां उन्होंने ऑर्केस्ट्रा का आनंद लिया था। उन्होंने कुछ बार बालाओं के साथ फोटो खिंचवा ली थी। वो फोटो उनके मोबाइल में ही रह गया था, जिसे पत्नी ने देख लिया। जिसके बाद उसने अपने पति पर अवैध संबंध का आरोप लगा दिया। पति जैसे ही घर से बाहर निकला, पत्नी ने सुसाइड कर लिया। सुजीत जब घर लौटा तो उन्होंने अपनी पत्नी को लटका देखा। डॉक्टर के पास ले गया। जहां मृत घोषित कर दिया गया। मामला तेलमर थाना क्षेत्र का है।

**मृतका के मायके वाले यूपी से आ रहेः** सुजीत अपनी पत्नी के शव को लेकर सलेमपुर थाना क्षेत्र के ग्यासपुर गंगा घाट पहुंचा। जहां वो अपनी पत्नी के अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहा था। हालांकि, कुछ लोगों ने स्थानीय पुलिस को मामले को लेकर सूचना दे दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। तेलमर थानाध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद शाह ने घटना की पुष्टि की है, उन्होंने कहा, प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। मृतका के मायके वाले यूपी में ईंट भट्ठा पर काम करते हैं। वे लोग वहां से लौट रहे हैं। चौकीदार के बयान पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

### नालंदा में संदिग्ध हालत में एक शख्स की मौत

**नालंदा।** नालंदा में बुधवार को संदिग्ध हालत में एक शख्स की मौत हो गई। जहर खाने से मौत की आशंका जताई जा रही है। 28 अप्रैल को मुंबई से पत्नी और बच्चों के साथ ससुराल आए थे। घटना बेन थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव की है। मृतक के परिजन ने बताया कि किसी बात को लेकर पत्नी से बहस हुई थी। गुस्सैल मिजाज के थे। उन्होंने जहर खाया है या फिर शराब पी है। इस बात की जानकारी नहीं है। दोपहर बाद सुधीर बालमुकुंद(56) बेन बाजार गए थे। कुछ देर बाद घर लौटे तो मुंह से झाग निकल रहा था। आनन-फानन में प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद बिहार शरीफ पहुंचते ही मौत हो गई। डॉक्टर के मुताबिक पूरे शरीर में जहर फैल गया था।

**ससुर के श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए आए थेः** जानकारी के मुताबिक सुधीर बालमुकुंद अपने दो बेटों और पत्नी के साथ ससुर के श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए बेन के भगवानपुर गांव पहुंचे थे। 2 दिन पहले ही 13वीं संपन्न हुई थी। सुधीर बालमुकुंद मुंबई में रहकर बच्चों को ट्यूशन पढ़ाते थे।

**आवेदन के आधार पर होगी कार्रवाईः** वहीं, वेन थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि पत्नी से कहासुनी के बाद अधेड़ ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## आंदोलन की आड़ में गैर कानूनी गतिविधियां

निज संवाददाता। गया

गया में बीटीएमसी एक्ट के विरोध में 12 फरवरी से आंदोलन चल रहा है। इसको लेकर प्रशासन की ओर से लगातार संवाद और समाधान की कोशिशें जारी हैं। जिला प्रशासन ने आंदोलनकारियों से कई बार वार्ता की, जिनमें अंतिम बातचीत 10 मई को हुई थी। वार्ता में गया के जिला पदाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम को आंदोलन समाप्त करने का आश्वासन भी मिला था। डीएम ने बताया कि इसके बावजूद आंदोलन खत्म नहीं हुआ। प्रशासन ने आंदोलनकारियों की बात को हर स्तर पर रखने में मदद की गई। उन्हें गृह विभाग पटना, मुख्यमंत्री सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलवाया गया। यहां तक कि राज्यपाल ने भी खुद उनसे मिल कर बात की। ये बातें डीएम डॉ त्यागराजन ने कहीं। उन्होंने कहा कि इस बीच कुछ बाहरी तत्व आंदोलन की आड़ में गैर कानूनी गतिविधियों में संलिप्त पाए गए हैं। सीसीटीवी और वीडियोग्राफी के माध्यम से ऐसे लोगों की पहचान की जा रही है। अब तक कुछ प्रमुख उपद्रवी आंदोलनकारियों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है।

असामाजिक तत्वों की संलिप्तता से कानून व्यवस्था पर असर पड़ाः गया के डीएम डॉ. त्यागराजन ने आमजनों से अपील की है कि वे इस विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल की गरिमा को ठेस न पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि आंदोलन शांतिपूर्ण होना चाहिए, लेकिन हाल के घटनाक्रम में कुछ असामाजिक तत्वों की संलिप्तता से कानून व्यवस्था पर असर पड़ा है।

प्रशासन का कहना है कि लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन अगर आंदोलन के नाम पर विधि व्यवस्था भंग करने की कोशिश होगी, तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। बोधगया पुलिस ने आंदोलन कर रहे विनोद आचार्या को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हंगामा करने और मारपीट के मामले केस दर्ज किया है। इसके अलावा बुधवार को पुलिस व प्रशासन के विभिन्न अधिकारियों महाबोधि मंदिर व धरना स्थल का जायजा लिया।

## सीसीटीवी से चिह्नित कर हिंसा फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

निज संवाददाता। गया



बोधगया में महाबोधि मंदिर मुक्ति और बीटीएमसी एक्ट में संशोधन को लेकर 12 फरवरी से अब तक आंदोलन चल रहा है। जिला प्रशासन द्वारा इनके साथ कई बार वार्ता किया गया। आखिरी वार्ता 10 मई को भी किया गया है। जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम को आंदोलनकर्ता द्वारा 10 मई के वार्ता में आंदोलन समाप्त करने का आश्वासन भी दिया गया था। लेकिन आंदोलन समाप्त नहीं किया गया। आंदोलनकर्ताओं को गृह विभाग पटना, मुख्यमंत्री सचिवालय में उच्च स्तरीय अधिकारियों के साथ मुलाकात भी करवाई गई है तथा राज्यपाल ने स्वयं आंदोलनकर्ताओं के साथ मुलाकात की इच्छा व्यक्त कर, भेंट भी किया है। इस प्रकार हर स्तर पर उनके बात रखने में प्रशासन द्वारा मदद की जा रही है, लेकिन कुछ बाहर के लोग द्वारा भी आंदोलन के नाम पर गैर कानूनी कार्य मे शामिल हो रहे हैं। ऐसे लोगों को सीसीटीवी, वीडियो ग्राफी के माध्यम से चिन्हित कर सख्त कार्रवाई किया जा रहा है। जिलाधिकारी गया ने लोगो से अनुरोध किया है कि इस विश्व प्रसिद्ध स्थल के गरिमा एवं महत्व को ध्यान में रखते हुए गैर कानूनी कार्य में नहीं शामिल हो।

## 22 डिसमिल जमीन के लिए दबंगों ने किया हमला

**भागलपुर।** भागलपुर के अकबरनगर थाना क्षेत्र में जमीन विवाद में मारपीट हुई है। किशनपुर फतेहपुर में 22 डिसमिल जमीन को लेकर पड़ोसी ने एक परिवार के 8 सदस्यों पर हमला कर दिया। जख्मी यादव ने बताया कि हमलावरों में रोहित यादव, दीपक यादव, नितेश यादव, समीर यादव, अमित कुमार, मनोज यादव समेत कई लोग शामिल है। हमले में धीरेंद्र कुमार यादव, आदित्य कुमार, प्रद्युमन कुमार, प्रशांत कुमार, लक्ष्मी देवी, सोनाली कुमारी, अंजली कुमारी, नविता देवी और प्रियंका देवी घायल हुए है। विवाद लंबे समय से चल रहा है। इससे पहले भी 5 जनवरी, 30 मार्च और 17 अप्रैल को मारपीट हुई थीं। इसको लेकर इन्होंने 3 बार थाने में आवेदन दिया था। पीड़ित परिवार ने थाना अध्यक्ष पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। इनके साथ मारपीट की घटना चौथी बार हुई है। दरअसल, जमीन के लिए पड़ोस में रहने वाले लोगों ने ही पिटाई की है।

## 'बेटी बचाओ' नारा देने वाली भाजपा बलात्कारियों को बचा रही

निज संवाददाता। गया

गया में कांग्रेस महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने बुधवार की शाम भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि "बेटी बचाओ" का नारा देने वाली भाजपा आज बलात्कारियों को संरक्षण देने में लगी है। देश की बहादुर बेटियों को अपमानित करने वालों पर कार्रवाई नहीं हो रही, उल्टा उन्हें सरकार का समर्थन मिल रहा है। लांबा ये बातें भारतीय महिला कांग्रेस की ओर से आयोजित नारी न्याय संविधान सम्मेलन में कहीं। बैरागी डाक स्थान पर आयोजित महिला न्याय सम्मेलन में अलका लांबा ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की अगुवाई करने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी पर भाजपा मंत्री विजय शाह ने आपत्तिजनक बयान दिया। उन्होंने इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिख कार्रवाई की मांग की, लेकिन चुप्पी साध ली गई। न्यायपालिका को दखल देना पड़ा। लांबा ने महिला पहलवान विनेश फौगाट के साथ हुए उत्पीड़न का जिक्र करते हुए कहा कि आरोपी पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ भी भाजपा ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने सवाल उठाया, क्या यही है भाजपा का 'नारी सम्मान'।

**बिहार मांग रहा बदलाव, कांग्रेस देगी राहतः** अलका लांबा ने कहा कि बिहार आज बदलाव चाहता है। कांग्रेस व महागठबंधन की सरकार बनी तो बहनों के ऊपर लगे कर्ज माफ होंगे। उन्होंने विशेषकर जीविका दीदियों के कर्ज माफ करने की बातें कहीं। कहा कि गरीबी, बेरोजगारी और बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर फोकस किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी गरीबों और महिलाओं के हक के लिए लड़ रहे हैं।

**जातीय जनगणना से ही मिलेगी हकः** कहा कि कांग्रेस के संघर्ष का ही नतीजा है कि अब केंद्र सरकार जातीय जनगणना को लेकर मजबूर हुई है, लेकिन जब तक यह जनगणना पूरी नहीं होती, तब तक जनता को सजग रहना होगा। उन्होंने केंद्र से सवाल पूछे कि आखिर जातीय जनगणना कब होगी। महागठबंधन की केंद्र में सरकार बनते ही आबादी के अनुपात में अधिकार तय होंगे। निजी नौकरियों में भी आरक्षण लागू किया जाएगा। पूर्व प्रत्याशी डॉ. अखौरी ओंकारनाथ 'मोहन' ने कहा कि बिना नारी सशक्तिकरण के कोई समाज आगे नहीं बढ़ सकता। कांग्रेस आधी आबादी को उनका अधिकार दिलाने के लिए कृतसंकल्पित है।


### पूर्व रेलवे

**ई–निविदा सूचना सं. ओ–एसी–टी–17 से 22–25–26 (खुली), दिनांक 14.05.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, केस सं. ओ–एसी–टी–17–25–26, कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल के अधीन बीआरआर, एसटीएन, एमएमयू, केएमएमई आदि के पीएफ में पाइपलाइन और सहायक कार्यों के साथ आरसीसी ओएच टैंकों द्वारा क्षतिग्रस्त टैंकों की बदली के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 6,14,93,214.04, **बयाना राशि :** रु. 4,57,500/– **कार्य की समापन अवधि:** 18 माह। **क्रम सं. 2, केस सं. ओ–एसी–टी–18–25–26, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के लिए मथुरापुर/राजग्राम/पाकुड़/हरिणसिंग क्वैरी से बीओबीवाईएन टाइप रेलवे वैगनों में 56171.30 घनमी. मशीन खंडित हार्ड स्टोन ट्रैक बैलस्ट की आपूर्ति, लीडिंग एवं लोडिंग के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 8,39,66,544.38, **बयाना राशि :** रु. 5,69,800/–, **कार्य की समापन अवधि:** 10 माह। **क्रम सं. 3, केस सं. ओ–एसी–टी–19–25–26, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के क्षेत्राधिकार में ठेकेदार के निजी पोर्टल (2 अदद) का उपयोग करते हुए 15.800 टीएकएम सीटीआर(पी) एवं अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 4,64,61,051.51, **बयाना राशि :** रु. 3,82,300/–, **कार्य की समापन अवधि:** 18 माह। **क्रम सं. 4, केस सं. ओ–एसी–टी–20–25–26, कार्य का नाम:** देवघर स्टेशन में क्विक वाटरिंग सिस्टम की स्थापना के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 2,60,86,038.63, **बयाना राशि :** रु. 2,80,400/–, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **क्रम सं. 5, केस सं. ओ–एसी–टी–21–25–26, कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के अधीन आसनसोल मंडल के तहत महिला आधिकारियों के लिए रेस्ट रूम के प्रावधान हेतु खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 41,95,395.36, **बयाना राशि :** रु. 83,900/–, **कार्य की समापन अवधि:** 09 माह। **क्रम सं. 6, केस सं. ओ–एसी–टी–22–25–26, कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के अधीन आसनसोल में सुपरवाइजर के रेस्ट रूम की उन्नति के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 19,02,063.84, **बयाना राशि :** रु. 38,000/– **कार्य की समापन अवधि:** 06 माह। **बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 09.06.2025 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण के लिए रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

ASN-46/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक 14.05.2025,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: टीएन–30–25–26, कार्य का नाम:** सियालदह मंडल में वरिष्ठ डीईएन/सी/सियालदह के क्षेत्राधिकार में खराब तट वाले स्थान में सेस की मरम्मत सहित मानसून सतर्कता उपाय के तौर पर तट की सुरक्षा एवं सभी सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.1,30,52,006.95, **बयाना राशि :** रु. 2,15,300/–, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 09.06.2025 को 15.00 बजे। (1) निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (2) **निविदा के खुलने की तिथि और समय दिनांक** 09.06.2025 को 15.30 बजे है।

SDAH-57/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED

CIN: U40108JH2013SGC001704

Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH

Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in

Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)

Address-Sudna, Daltonganj

e-mail : gmtzdal@gmail.com

**e-Tender Cancellation Notice**

e-NIT No. 334/PR/JUSNL/2024-25 for the work **"Repair & Maintenance of existing boundary wall (Road side) alongwith height raising at colony campus, Transmission Zone-IV, Medininagar"** is hereby cancelled due to unavoidable reasons.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

**PR No. 345517**

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 352540 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 25-26 (D)

### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

**( चोरी की गई महिन्द्रा ट्रैक्टर 275–TU रंग–लाल)**

मेराल थाना कांड सं0–10/2025 दिनांक–23.01.2025 धारा–303(2) बी0एन0एस0 में चोरी की गई महिन्द्रा ट्रैक्टर 275–TU (रंग–लाल) जिसका इंजन नं0–PRD2EAN1940 एवं चेचिस नं0– MBNABAEXKRRD15917 का अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 352435 (Police)25-26*D

### बिहार राज्य भवन निर्माण निगम,लि0 पटना

(बिहार सरकार का उपक्रम)

ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–13/2025–26

1 विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, अस्पताल रोड, शास्त्रीनगर, पटना–800023
2 निविदा आमंत्रण की तिथि : दिनांक: 14.05.2025
3 निविदा कागजात प्राप्त (डाउनलोड) करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक: 29.05.2025 से 19.06.2025 को 15:00 बजे तक।
4 निविदा जमा (अपलोड) करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक: 20.06.2025 के 15:00 बजे तक।
5 निविदा बिक्री का स्थान : केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर
6 प्री–बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान : दिनांक–09.06.2025 को 16:00 बजे संबंधित उप महाप्रबंधक के कार्यालय कक्ष में।
7 प्री–बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान : दिनांक: 10.06.2025 को 16:00 बजे, मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, अस्पताल रोड, शास्त्रीनगर, पटना–23
8 निविदा खोलने की तिथि एवं समय (टेकनीकल बीड) : दिनांक: 23.06.2025 को 15.00 बजे।
9 निविदा खोलने की तिथि एवं समय (वित्तीय बीड) : तकनीकी मूल्यांकन के बाद।
10 निविदा वैद्यता की तिथि : 120 दिन
11 कार्य का विवरण :

| क्र0 | जिला का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (अनुसूचित एवं गैर अनुसूचित) (₹) में | अग्रधन की राशि (₹ में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय)(₹ में) | Bid Processing Fee | कार्य समाप्ति की अवधि (माह में) | उप महाप्रबंधक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | औरंगाबाद | बिहार राज्य वक्फ विकास योजनान्तर्गत वक्फ इस्टेट संख्या–626 जिला–औरंगाबाद की भूमि पर G+3 बहुउद्येषीय भवन का निर्माण कार्य। | ₹9,16,66,716.00 | ₹18,33,334.00 | ₹10000.00 | As per website | 12 (बारह) | गया |

12.निविदा केवल ई–निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाइट (www.eproc2.bihar.gov.in) पर निष्पादित किया जाएगां। ई–निविदा प्रक्रिया से संबंधित जानकारी Toll Free No.-18005726571 से प्राप्त किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य महाप्रबंधक,
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना

PR- 003471 (B & C) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

## संक्षिप्त समाचार

### नौ दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ प्रारंभ

**गोड्डा/मेहरमा (नि.सं.)।** प्रखंड के शंकरपुर में नौ दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की शुरुआत कलश शोभायात्रा से हुई। यात्रा यज्ञ स्थल से शुरू होकर योगीवीर और हनुमतपुरी पहाड़ से जल भरने के बाद बाराहाट बाजार और पत्तिचक-पिरोजपुर होते हुए यज्ञ स्थल पर लौटी। वहीं अयोध्या से आए यज्ञाचार्य स्वामी गर्गाचार्य जी महाराज और उनकी टीम ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना की। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए रास्ते में शर्बत और पेयजल की व्यवस्था की गई थी। मौके पर महिलाएं एवं युवतियां माथे पर कलश रखकर हर हर महादेव और जय श्री राम के जयकारे लगा रही थीं। वहीं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने भी इस आयोजन में सहयोग किया। यज्ञ समिति द्वारा मिली जानकारी के अनुसार यज्ञ का आयोजन 9 दिनों तक दो पालियों में होगा वहीं शाम को संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा। कलश यात्रा में मेहरमा उत्तरी जिला परिषद सदस्या ज्योति कुमारी, दक्षिणी जिला परिषद सदस्या कदमी देवी, सौरीचकला पंचायत की मुखिया प्रियंका कुमारी और शंकरपुर पंचायत की मुखिया कविता कुमारी ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर सिन्हा इंटरनेशनल स्कूल के संचालक सह भाजपा नेता, समाजसेवी निरंजन कुमार सिन्हा यज्ञ समिति के अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि रमेश प्रसाद सिन्हा, उपाध्यक्ष सह उपमुखिया प्रतिनिधि विभूति प्रसाद राम, कोषाध्यक्ष सह पंसस प्रतिनिधि विभाष कुमार रंजन, उमाशंकर राम, राजेश कुमार रंजन, संयोजक शैलेंद्र सुमन, मनोज कुमार सिन्हा, शीतल सिन्हा, प्रभाष कुमार सिन्हा, बजरंग दल के ग्रामीण इकाई अध्यक्ष रचित लाला, श्रीराम कुमार, राजन कुमार सहित कई ग्रामीण व लोग मौजूद रहे।

### सीबीएसई 10वीं में अक्षरा ने मारी बाजी

**गोड्डा/ मेहरमा (नि.सं.)।** सीबीएसई ने अपनी 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया। जहां सभी जिलों से छात्रों के बेहतर परिणाम आए तो वहीं जिले के मेहरमा एवं ठाकुरगंगटी प्रखंड क्षेत्रों में भी कई छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में बेहतर परिणाम प्राप्त किया है। इसी दौरान कसबा गांव की रहने वाली अक्षरा ठाकुर ने भी बाजी मारी है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए कड़ी तैयारी एवं काफी मेहनत कर परीक्षा के लिए स्वयं को तैयार किया। उन्होंने अंध्रा एजुकेशन सोसाइटी विद्यालय से अध्ययन कर सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर माता-पिता का नाम रौशन किया है। अक्षरा से पूछे जाने पर उसने बताया कि शुरू से ही उनका सपना शिक्षक बनने का है। वहीं पुत्री की सफलता पर माता रानी ठाकुर और पिता कुमोद ठाकुर, बहन नेहा ठाकुर अत्यंत उत्साहित हैं।

### महिला सशक्तिकरण समाज के तरक्की की पहली सीढ़ी

**गोड्डा/ बसंतराय (नि.सं.)।** प्रखंड क्षेत्र के राहा पंचायत अंतर्गत ग्राम राहा में मदरसा मदीनातुल इल्म के अहाते में बीते रात्रि अब्दुल हमीद आजाद मिल्ली फाउंडेशन के तत्वाधान में अजमत ए वालदैन कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। यह आयोजन सीमावर्ती क्षेत्र के मशहूर इस्लामी विद्वान, दार्शनिक एवं चिंतक मौलाना अब्दुल हमीद आजाद के चौथे पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया गया। इस समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्तियों, नौजवानों और छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मदरसा मदीनतुल इल्म के संचालक मौलाना शफाअत रजा नूरी ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण से घर, समाज एवं राष्ट्र का सशक्तिकरण होगा। अब्दुल हमीद आजाद हमेशा शिक्षा के प्रति समर्पित रहे और उन्होंने क्षेत्र में कई शैक्षणिक संस्थाओं की बुनियाद रखकर हर तरफ शिक्षा के दीप को जलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हाफिज नाजिम रजा ने बड़े ही अछूते अंदाज में नाअत शरीफ पेश कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच का संचालन हाफिज व कारी शाहनवाज हुसैन अशरफी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अब्दुल हमीद आजाद मिल्ली फाउंडेशन के संस्थापक मो० सुलेमान जहांगीर आजाद ने किया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में मो० मुख्तार अहमद महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ज्ञानस्थली में रिजल्ट पर खुशी

निज संवाददाता | गोड्डा




प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी सीबीएसई दसवीं का रिजल्ट निकलने के बाद बुधवार को स्थानीय ज्ञान स्थली पब्लिक स्कूल में जश्न का माहौल रहा। विद्यालय परिसर में धूम -धाम से मिठाई, अबीर, पटाखा एवं ढोल -बाजा के साथ जश्न मनाया गया। खासकर बच्चों एवं उनके शिक्षक - शिक्षिकाओं का उत्साह देखने लायक था। स्कूल के प्रशासक समीर कुमार दुबे ने बताया कि प्रत्येक वर्ष दसवीं के रिजल्ट का दिन इस स्कूल के लिए सबसे खास दिन होता है जिसमें हम सभी शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक मिलकर होली, दीपावली, ईद एवं क्रिसमस एक साथ मनाते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार 90 प्रतिशत से अधिक अंक 9 छात्रों ने प्राप्त किया, 85 से 89 प्रतिशत अंक 19 छात्रों ने जबकि 80 से 84 प्रतिशत अंक 21 छात्रों ने प्राप्त किया। इस प्रकार 80 प्रतिशत से ऊपर अंक 49 छात्रों के द्वारा तथा 70 से 79 प्रतिशत अंक 24 छात्रों के द्वारा लाया गया। इस प्रकार 70 प्रतिशत से ऊपर के अंक 73 छात्रों ने प्राप्त किया। शेष छात्रों ने 70 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त किया। श्री दुबे ने कहा कि जो भी छात्रों का अंक कम आया है वह हतोत्साहित नहीं हो बल्कि अनुशासित होकर आगे बढ़ने का प्रयास करें, निश्चित रूप से वे मुकाम को प्राप्त कर सकते हैं। यदि वे संस्कार के साथ अनुशासित हैं तो जीवन में आगे बढ़ने से उनको कोई नहीं रोक सकता है। मौके पर उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय की एक स्वर एवं मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि ज्ञानस्थली का माहौल बहुत ही अच्छा है। शिक्षक बहुत मेहनत करते हैं। निदेशक समीर कुमार दुबे ने बताया कि छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल कर ज्ञानस्थली कोचिंग क्लासेस का कीर्तिमान बरकरार रखा है और हम लोगों का हमेशा प्रयास रहा है की बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य लाभकारी क्रियाकलापों में भी अनुशासन में रखते हुए एक अच्छे संस्कार के साथ आगे बढ़ावें। श्री दुबे ने इस सफलता पर अभिभावक को भी धन्यवाद एवं बधाई दिया। इस अवसर पर उपस्थित संस्थान के सलाहकार रवि रौशन दुबे, प्राचार्य गोपाल कृष्ण मिश्रा तथा उप प्राचार्य आर० एन० चौधरी के अलावा शिक्षक - शिक्षिकाओं में सुप्रिया दुबे, दिनेश मिश्रा, रफसन जानी, रतन मिश्रा, गुलाम मोहम्मद, अंबिका गोस्वामी, खेल शिक्षक कुमार आनंद, रवि चंद्र गुप्ता, शिव शरण झा, आलोक कुमार, दयानंद साह, मथुरा नंद ठाकुर, देवनंदन, मनोवर आलम, गोपी कृष्ण, आदेश पांडे, रविकांत, जन्मजय, अनीश आनंद, रिशु आनंद, सचिन झा, अनंत तिवारी, नीलम देवी, श्वेता झा, रीना महतो, कंचन सिंह, लोपामुद्रा, संगीता कुमारी, नुसरत, शिवानी कुमारी, पूजा तिवारी, प्रीति कुमारी, रागिनी कुमारी, निशा कुमारी, उमा देवी आदि ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## मोटरसाइकिल से गिरकर विवाहिता की मौत

निज संवाददाता | गोड्डा /पोड़ैयाहाट



प्रखंड क्षेत्र के धेनुकट्टा गांव की रहने वाली विवाहिता बीबी रूखसार की मोटरसाइक से गिरकर मौत हो गयी। वहीं घटना दिन के तकरीबन 11 बजे की बतायी जा रही है। मृतका रूखसार अपने पिता के साथ परिवार न्यायालय में चल रहे एक मामले में कोर्ट आ रही थी। बीबी रूखसार का मायके में पति के साथ अनबन चल रहा था। पति ने उन्हें छोड़ दिया गया था, उसी मामले में बीबी रूखसार ने कोर्ट में मामला दर्ज कराया गया था। इसी सिलसिले में वह पिता के साथ आ रही थी जहां वह गिर कर बेहोश हो गयी। पिता ने दूसरे वाहन से पुत्री को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां चिकित्सकीय जांच के उपरांत युवती को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं परिजनों को भी इसकी सूचना दी गयी। घटना को लेकर पिता ने बताया कि मोटरसाइकल से आने के दौरान अन्य वाहन के द्वारा करीब से तेजी से वाहन को काट कर निकल गया, जिसके बाद मोटरसाइकल अनियंत्रित हो गई, इस दौरान उसकी पुत्री मोटरसाइक से गिर गई और बेहोश हो गई। वहीं इस घटना के बाद विवाहिता की मां का रो-रोकर बुरा हाल था। पिता ने शव को बगैर पोस्टमॉर्टम कराए ही पोडैयाहाट के धेनुकट्टा ले गये। पुलिस को इसकी सूचना दी गयी थी जिसके बाद नगर थाना के एएसआई लखन राम ने सदर अस्पताल पहुंचकर उक्त मामले की जानकारी ली। वहीं मृतक के परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराये जाने से इंकार कर दिया।

## वेतन नहीं मिलने से रेलवे लाइन के ठेका मजदूरों ने किया प्रदर्शन

**गोड्डा /ललमटिया (नि.सं.)।** एमजीआर रेलवे लाइन केबिन में रेलवे लाइन के ठेका मजदूर ने संथाल परगना औद्योगिक मजदूर संघ के बैनर तले अप्रैल महीना का वेतन नहीं मिलने पर जोरदार प्रदर्शन किया। मजदूर संघ के सचिव रामजी साह, सहायक सचिव सोनाराम मड़ैया ने कहा कि यह सभी मजदूर फरक्का एनटीपीसी के रेलवे लाइन में ठेका मजदूर के रूप में कार्य करते हैं। मजदूर एवं एनटीपीसी प्रबंधन ठेकेदार के बीच लिखित समझौता के माध्यम से कहा गया था कि प्रत्येक महीने के 10 तारीख तक सभी मजदूर को वेतन की राशि मिल जाएगी, लेकिन अभी तक वेतन नहीं मिला है। जबकि मजदूर कठिन मेहनत से फरक्का एनटीपीसी के एमजीआर रेलवे लाइन का देखरेख करते हैं, जिससे एनटीपीसी प्रबंधन सुचारू रूप से राजमहल परियोजना से कोयल की ढुलाई करती है। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी प्रबंधन अपने समझौता को उल्लंघन कर रही है, जिससे मजदूर आक्रोशित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि 13 मई तक एनटीपीसी के ठेकेदार मजदूर को वेतन नहीं देती है, तो 14 मई के सुबह 9 बजे से मजदूर द्वारा ललमटिया केविन के पास धरना-प्रदर्शन करेंगे, इसकी सारी जिम्मेवारी प्रबंधन की होगी।

## विद्यालय में पढ़ाई के बजाय बच्चों से ढूलवाया जाता है पानी का जार

निज संवाददाता | गोड्डा/ठाकुरगंगटी



एक तरफ झारखंड सरकार प्रत्येक सरकारी विद्यालयों को स्मार्ट बनाने में लगी है तो वहीं दूसरी तरफ जिले के एक विद्यालय में पढ़ाई की बजाय बच्चों द्वारा साइकिल से पानी का जार लादकर मंगवाया जा रहा है। उक्त मामला गोड्डा जिले के ठाकुरगंगटी प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय खंधार की है, जहां विद्यालय में शिक्षा देने के बजाय छात्रों से पानी का जार मंगवाया जा रहा है। वहीं शिक्षा विभाग का नारा है, पढ़ेगा झारखंड.. तभी तो बढ़ेगा झारखंड। लेकिन ऐसी परिस्थिति में आखिर कैसे पढ़ेंगे बच्चे और कैसे बढ़ेगा झारखंड.? वहीं जब इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक से पत्रकारों ने पूछा तो उन्होंने कहा कि छात्रों को हर कार्य सिखना चाहिए, इसमें कुछ भी गलत नहीं है। लेकिन पढ़ाई के दौरान ही क्यों? छात्रा जिस मार्ग से साइकिल में पानी लादकर विद्यालय तक जाते हैं वह मुख्य मार्ग है और मुख्य मार्ग होने के कारण कभी भी दुर्घटनाएं हो सकती है, ऐसे में इसका जिम्मेदार कौन? अब देखने वाली बात होगी कि खबर प्रकाशित होने के बाद क्या विभाग द्वारा संज्ञान लिया जाता है या सब कुछ जस का तस ही रह जाएगा।

## पीडीजे ने किया चिल्ड्रन होम का निरीक्षण

निज संवाददाता | गोड्डा




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार एवं सचिव दीपक कुमार ने बुधवार को सरकंडा स्थित चिल्ड्रन होम (बालक) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सरकार व प्राधिकरण की ओर से मुहैया की जाने वाली सभी प्रकार की सुविधाओं की पड़ताल की। बाल सुधार गृह को मिलने वाली सुविधाओं समेत सफाई, स्वास्थ्य व भवन की स्थिति का जायजा लिया गया। उन्होंने बच्चों के बीच पाठ्य सामग्रियों का वितरण किया। पीडीजे ने बारी- बारी से बच्चों से बातचीत कर उनका मनोबल बढ़ाया। कहा कि बच्चों को डरने की बात नहीं है। नहीं डरने के लिए ही हम यहां आए हुए हैं। आपको यहां सभी प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। आप यहां पारिवारिक माहौल में रहकर पढ़ना-लिखने भी सीखें। कहा कि बच्चे यहां रहकर डरे नहीं और इन बच्चों का बचपन सुरक्षित रहे और ये फिर से उछलकूद कर सकें यही मुख्य उद्देश्य है। इस उम्र के बच्चे तो खेलने-कूदने में मस्त रहते हैं। चिल्ड्रन होम की ओर से जानकारी दी गई कि ये बच्चे बाल कल्याण समिति के माध्यम से सौपे गए हैं। इन बच्चों के माता-पिता के बारे में अबतक जानकारी नहीं मिली है। माता पिता की खोज के लिए काउंसिलिग जारी है। वर्तमान में बाल गृह में छह बच्चे हैं जो विभिन्न जगहों से रिस्क्यू करके लाए गए हैं। इस अवसर पर कार्यपालक दंडाधिकारी अभय कुमार झा, विधि सह परवीक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार, एलएडीसी रीतेश कुमार सिंह, आयूष राज, पीएलवी नवीन कुमार, अविनाश कुमार, तबरेज आदि उपस्थित थे।

## समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पदाधिकारी ने की प्रेस वार्ता

**गोड्डा /मेहरमा (नि.सं.)।** प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पदाधिकारी डॉ० विवेक कुमार सिन्हा ने अन्तर्राष्ट्रीय मलेरिया दिवस की तैयारियों को प्रेस वार्ता आयोजित की गई। उक्त वार्ता में बताया गया कि प्रति सप्ताह में कूलर फुलदान पशु- पक्षियों को दिए गए भोजन पानी के बर्तन को साफ़ करें। पुराने टायर, डिस्पोजल कप, कबाड़ में पानी जमा ना होने दें। पानी के बर्तन व टंकी को पुरी तरह से ढंक कर रखें और अपने आसपास नाली व गमले मे पानी जमा ना होने दे। खिड़की पर जाली लगवाए।

## पुलिस ने तीन नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

निज संवाददाता | गोड्डा/मेहरमा



थाना में दर्ज मामले पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने तीन आरोपी को जेल भेज दिया है। उक्त मामले में दो अलग- अलग कांड के तीन नामजद आरोपी के विरुद्ध थाने में दर्ज प्राथमिकी में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताते चलें कि मेहरमा थाना कांड संख्या 78/25 धारा 191 (2) /191 (3)/190 /115 (2) /126 (2) /117 (2) 303 (2) /74/352/351 (2) एवं (3) /79/62 बीएनएस के प्राथमिकी अभियुक्त मोहम्मद शमीम एवं नसीम उर्फ शेख नसीम उर्फ पप्पू दोनो पिता मुस्तफा साकिन बरारी, थाना मेहरमा के विरुद्ध आपसी जमीनी विवाद में मारपीट समेत अन्य आरोप है। वही थाना कांड संख्या 81/25 धारा 115 (2)/126 (2)/109/74/ 352 351(2) एवं (3) बीएनएस के प्राथमिकी अभियुक्त अशोक यादव, पिता रामभवन यादव, साकिन लकड़ाकोल, थाना पीरपैती, बिहार पर गोविंद गांव निवासी एक महिला ने अपने पति पर मारपीट, लज्जित करने के साथ-साथ कई गंभीर आरोप लगाकर मामला दर्ज कराया है जिसे पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## सीओ ने मेहरमा अंचल का लिया अतिरिक्त प्रभार

निज संवाददाता | गोड्डा/महागामा



अनुमंडल के ठाकुरगंगटी अंचलाधिकारी मदन महली ने मंगलवार को उपायुक्त जिशान कमर के निर्देश पर मदन महली ने मेहरमा प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी अभिनव कुमार से मेहरमा अंचल का अतिरिक्त प्रभार लिया। बताते चलें कि गोड्डा उपायुक्त के निर्देश पर अंचलाधिकारी ने प्रभार लिया है। मदन महली अब ठाकुरगंगटी अंचल के अलावे मेहरमा अंचल में भी कार्यरत रहेंगे और अंचल के कार्यों को ससमय निष्पादित करेंगे। वहीं पदभार ग्रहण करते समय मौके पर मेहरमा के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अभिनव कुमार एवं ठाकुरगंगटी व मेहरमा के अंचलाधिकारी मदन महली के अलावा ठाकुरगंगटी प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार मंडल सहित मेहरमा अंचल के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## 12वीं के वाणिज्य संकाय में 96.6% अंक लाकर सत्यम बने जिला टॉपर

निज संवाददाता | गोड्डा/ महागामा

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा परिणाम के मंगलवार को प्रकाशित होते ही परीक्षा में टॉपर एवं अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं के घरों में उत्सव का माहौल हो गया। इसी क्रम में सीबीएसई के 12वीं कक्षा से वाणिज्य संकाय के सत्यम कुमार ने 96.6 प्रतिशत अंक लाकर जिले में टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया। महागामा निवासी संजय कुमार भगत के पुत्र सत्यम कुमार मैं कक्षा 12वीं में 96.6 % प्राप्त कर परिवार का नाम रोशन किया है। वहीं सत्यम कुमार ने बताया कि दसवीं के बाद 12वीं की तैयारी में लग गया था और मोहनपुर स्थित संत माइकल एंग्लो इंडियन स्कूल से 12वीं कक्षा का पढ़ाई कर रहा था। जहां जिला के टॉप टेन में सत्यम कुमार ने अपना नाम हासिल किया है। वहीं सत्यम कुमार ने अपनी उपलब्धि का श्रेय मां- पिता, शिक्षक एवं बड़े भैया को देते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और लगन के साथ ही उपलब्धि प्राप्त हुई है। कहा कि हर दिन 5 से 6 घंटा खुद से पढ़ाई करता था, जहां घर में ऑनलाइन क्लास भी किया करता था। वही बताया कि आगे चलकर चार्टर्ड



अकाउंटेंट का तैयारी करूंगा। सत्यम के पिता संजय कुमार भगत ने बताया कि मुझे इतना खुशी है और मुझे गर्व है कि इतने ध्यान लगाकर पढ़ाई कर रहा है। फिलवक्त सत्यम कुमार सीपीयू की परीक्षा देने के लिए रांची में है।

## सड़क पर बने ब्रेकर के चलते आए दिन हो रहे हादसे

निज संवाददाता | हरिहरगंज



ब्रेकर व संकेतक के अभाव में रोजाना हादसे हो रहे थे। इसके बाद (एनएचएआइ) शिवालय कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा ब्रेकर लगाया गया। लेकिन यहां पर वाहन चालकों को सड़क व ब्रेकर एक जैसे दिखाई देने से आए दिन वाहन ऊपर उछल रहे है। हालांकि अभी ब्रेकर पर लाइन नहीं खींचे गयी है। साथ ही संकेतक चिन्ह भी नहीं लगाए जा सके हैं। सड़क में दुर्घटना से बचाव के लिए व गाड़ियों की रफ्तार कम करने के उद्देश्य से सड़क पर बनाए गए ब्रेकर आम लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। स्पीड ब्रेकर बनाने के बाद दुर्घटना घटने की बजाय बढ़ रही है। लोगों का कहना है कि एक ओर वाहनों की तेज रफ्तार दूसरी ओर सड़कों पर बने स्पीड ब्रेकर हादसे का कारण बना रहा है। आए दिन हो रहे दुर्घटना को देखते हुए ब्रेकर बनाया गया। परंतु दुर्घटना कम होने के बजाय और बढ़ गया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई मामले में तो यह जानलेवा सिद्ध हो रहे हैं। इससे जान-माल की भारी मात्रा में क्षति हो रही है। नगर पंचायत अंतर्गत एनएच 139 प्रखंड मुख्यालय मार्ग, अररूआ खुर्द कॉलेज मोड़ मार्ग और कटैया मोड़ मार्ग पर ब्रेकर लगाए गए हैं। इस ब्रेकर पर लाइन नहीं खींचे जाने से आवाजाही में वाहन ऊपर उछल रहे है। इस संबंध में युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने कहा के दुर्घटना को रोकने के लिए ब्रेकर लगाया गया है, वह तो ठीक है परंतु ब्रेकर पर रेडियम का लाइन खींची जाए और जल्द ही संकेतक भी लगाया जाए जिसे दुर्घटना होने से बच सके। वही वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष गंगा जायसवाल ने कहा कि ब्रेकर लगाया गया है वह ठीक है परंतु ब्रेकर लगाने का जो भी मानक है, उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि किसी तरह का दुर्घटना ना हो सके।

## कुएं से मिला लापता महिला का शव, क्षेत्र में सनसनी

» **सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह घटना स्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी लेते हुए शव को कुएं से बाहर निकलवाया। इस दौरान शव के कुआं से बाहर निकाले जाने के बाद शव से आ रही बदबू से लोग दूर भागने लगे।**

निज संवाददाता | गोड्डा/ठाकुरगंगटी




प्रखंड थाना क्षेत्र अंतर्गत अमरपुर गांव के एक कुएं से महिला का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं इस मामले में प्राप्त जानकारी के अनुसार अमरपुर गांव के ही 27 वर्षीय सारबीन खातुन अपने घर से शनिवार दोपहर से गायब थी, जहां ससुराल वालों ने काफी खोजबीन की पर महिला का कुछ पता नहीं चल पाया। वहीं बताया गया कि मंगलवार की सुबह घर के बगल के ही एक कुआं में जब गांव वालों ने महिला की लाश को तैरता देखा तो इसकी सूचना पूरे गांव में आग की तरह फैल गई जहां काफी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गई जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा इस बात की सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह घटना स्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी लेते हुए शव को कुएं से बाहर निकलवाया। इस दौरान शव के कुआं से बाहर निकाले जाने के बाद शव से आ रही बदबू से लोग दूर भागने लगे। मौके पर पहुंचे पंचायत के मुखिया पति मोहम्मद असदुल्ला अंसारी ने मृत महिला के परिजनों को इसकी जानकारी दी, सूचना मिलते ही मायके वाले मृतिका के घर पहुंचे। मृतका के पिता आलमगीर अंसारी ने बताया कि मृतका के पुत्री का पूर्व से ही दिमागी हालत ठीक नहीं थी। उन्होंने ठाकुरगंगटी थाने में इसकी लिखित जानकारी देते हुए बताया कि इस घटना में किसी का कोई दोष नहीं है। वहीं बताया गया कि मृतिका के पति फैयाज मुंबई में रहकर मजदूर का काम करते है जो सोमवार की रात्रि अपने घर अमरपुर लौटे थे जहां अपनी पत्नी के गायब की सूचना को पाकर काफी खोजबीनमें लगे हुए थे।

## खेल और ज्ञान का संगम है ग्रीष्मकालीन शिविर : अभिलाषा

निज संवाददाता | हरिहरगंज



विभागीय निर्देश के आलोक में प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 16 मई तक चलने वाले इस शिविर में कक्षा 10 तक के विद्यार्थी शामिल हैं। कटैया गांव स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में आयोजित इस शिविर में मंगलवार से प्रारंभ शिविर में खेल पासपोर्ट बनाना, देशी खेल, मिट्टी, लकड़ी, कागज से खेल सामग्री निर्माण कराने सहित कई तरह की गतिविधियां करवाई गयी। प्रधानाध्यापिका अभिलाषा कुमारी ने बताया कि ग्रीष्मकालीन शिविर खेल और ज्ञान का अद्भुत संगम है। आनंददायी वातावरण में बच्चे खेल के माध्यम से अपनी रचनात्मक कौशल का विकास करते हैं। इस संपूर्ण प्रक्रिया में उनका सर्वांगीण विकास होता है। इसके अलावा सीता प्लस टू उच्च विद्यालय, बालिका उच्च विद्यालय, मेन रोड़ स्थित मध्य विद्यालय सहित कई विद्यालयों में शिविर का आयोजन किया गया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### क्रिकेट विवाद में 6 गिरफ्तार

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत के हरैयाकोला गांव में बीते मंगलवार की देर शाम क्रिकेट खेलने के दौरान दो मोहल्लों के युवकों के बीच वाइड बॉल को लेकर उपजे विवाद में जमकर हुई मारपीट मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने के बाद छः आरोपियों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि हरैयाकोला गांव में क्रिकेट खेलने के दौरान नीचे टोला और ऊपरी टोला के युवकों के बीच विवाद हो गया और मामला मारपीट तक पहुंच गया। इसको लेकर पीड़ित पक्ष हरैयाकोला गांव निवासी महेंद्र मांझी के पुत्र नीतीश कुमार के द्वारा लिखित आवेदन देकर 16 नामजद लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद पुलिस ने मारपीट की घटना में शामिल हरैयाकोला गांव निवासी जालो प्रसाद यादव के पुत्र गुड्डू कुमार, दरोगी प्रसाद यादव के पुत्र राहुल कुमार, इंद्रदेव शर्मा के पुत्र प्रिंस कुमार, सुबोध सिंह के पुत्र आकाश कुमार, मनोज प्रसाद यादव के पुत्र विपिन कुमार, दिलीप प्रसाद यादव के पुत्र चुन्नू कुमार एवं सीटन यादव के पुत्र सोनू कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार लोगों का स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी कर रही है।

### दो ओभरलोडेड ट्रक जब्त

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के समेकित जांच चौकी पर खनन विभाग द्वारा चलाए गए विशेष अभियान में दो ओभरलोडेड गिट्टी लदे ट्रकों को जब्त किया गया। इस कार्रवाई के दौरान माइनिंग इंस्पेक्टर संतोष झा एवं सौरभ गुप्ता मौजूद रहे। झारखंड के कोडरमा जिले के डोमचांच के विभिन्न क्रेशरों से बिना वैद्य चालान के कुछ ट्रकों द्वारा गिट्टी का परिवहन बिहार के नवादा, बिहारशरीफ एवं पटना के विभिन्न जगहों तक किया जाता है। कई बार ट्रक मालिकों एवं चालकों द्वारा डोमचांच से दूसरे राज्यों के नाम पर चालान करवाकर बिहार में ही तीन से चार दिनों तक गिट्टी लादकर कई बार ढ़ोया जाता है। इससे बिहार सरकार के राजस्व को चुना लगाया जाता है और ट्रक मालिक एवं चालक मालामाल होते जा रहे हैं। इस बिंदु पर खनन विभाग द्वारा पहले भी कई बार कार्रवाई की जा चुकी है। बीते रात्रि खनन विभाग के इंस्पेक्टर संतोष झा और सौरभ कुमार द्वारा जांच चौकी पर छापेमारी की गई। छापेमारी होता देख अवैध चालान वाले ट्रक चालक भाग खड़े हुए। इस दौरान खनन विभाग द्वारा गिट्टी लदे दो ओभरलोडेड ट्रकों जेएच02बीके4024 एवं बीआर27जीए6892 को जब्त किया गया। साथ ही दोनों गिट्टी लदे ट्रकों पर कुल 17 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। खनन विभाग ने इसकी लिखित सूचना थाना को देकर प्राथमिकी भी दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि खनन विभाग द्वारा लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

### APwD का जिला निर्वाचन समारोह



**नवादा (नि.सं.)।** एसोसिएशन ऑफ पर्सन्स विथ डिसेबिलिटीज़ (APwD) के तत्वावधान में नवादा जिले में जिला स्तरीय संगठन का निर्वाचन समारोह भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला, अनुमंडल, प्रखंड और पंचायत स्तरीय इकाइयों के नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में दिव्यांगजन कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। निर्वाचन प्रक्रिया में सत्यदेव पासवान को सर्वसम्मति से पुनः जिला अध्यक्ष चुना गया। अपने पूर्ववर्ती कार्यकाल में उत्कृष्ट नेतृत्व और दिव्यांगजनों के हित में लगातार सक्रिय रहने के कारण उन्हें पुनः यह जिम्मेदारी सौंपी गई। नवादा जिले के 14 प्रखंडों में निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण लोकतांत्रिक ढंग से संपन्न हुई। इस मौके पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 300 से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थित प्रमुख कार्यकर्ताओं में उमेश कुमार, अवधेश कुमार, लाली कुमारी, आनंदी शाह, शंकर चौहान, उपेंद्र दास, सौरभ कुमार, दिनेश कुमार, पप्पू कुमार, सूरज साव, दिनेश गुप्ता, गंगा प्रसाद, दिलीप कुमार, अंकित कुमार, अमीन कुमार, विपिन कुमार, उदय पासवान, भागीरथ प्रसाद सहित अनेक नाम उल्लेखनीय रहे। इस ऐतिहासिक अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण कुमार मिश्रा उर्फ कविजी के निर्देशानुसार किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हरदेव प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने नवगठित टीम को बधाई देते हुए संगठन की मजबूती, पारदर्शिता और दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा हेतु एकजुट प्रयास करने का आह्वान किया।और प्रदेश महिला प्रकोष्ठ प्रभारी अंजू कुमारी, प्रदेश P R O प्रभारी अमित कुमार, बबन कुमार एवं राहुल कुमार ने भी अपने विचार रखते हुए संगठन के विजन और आगामी कार्ययोजनाओं पर प्रकाश डाला। यह आयोजन न केवल संगठन की लोकतांत्रिक परंपरा का प्रतीक बना, बल्कि दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और प्रतिनिधित्व की दिशा में एक मजबूत कदम सिद्ध हुआ।

### 20 सूत्री बैठक में समस्याएं उठीं



**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड 20 सूत्री क्रियान्वयन की बैठक गुरुवार को उजला भवन नारदीगंज में आयोजित हुई। अध्यक्षता प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष जयराम प्रसाद कुशवाहा व संचालन बीडीओ सोनिया ढनढननिया ने की। इस मौके पर प्रखंड 20 सूत्री सदस्य विपिन कुमार ने कहा नारदीगंज चौक से लेकर बेसिक विद्यालय नारदीगंज के बीच तक एक भी सामुदायिक शौचालय नहीं है। ऐसे में महिलाओं के साथ आम राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। इस स्थान पर शौचालय निर्माण होना चाहिए। इसके लिए सीओ भूमि भी उपलब्ध नहीं करा रहे है। भूमि उपलब्ध होने पर निजी फंड से हमलोग शौचालय निर्माण कर आम लोगों को समस्या समाधान हो जाएगा। नारदीगंज बाजार में अस्थायी बस स्टैंड रहने से सड़क जाम की स्थिति आये दिन बनी रहती है। यहां से बस स्टैंड स्थान्तरित कर सीडीपीओ कार्यालय के समीप किया जाय, सब्जी मंडी को भी दूसरे स्थान पर स्थान्तरित करने से सड़क जाम से मुक्ति मिल जाएगी। सब्जी मंडी की निर्विदा कई सालों से नहीं हुई है। सीओ के माध्यम से गैर सरकारी व्यक्ति से सब्जी मंडी व फुटपाथी दुकानदार से ठीकेदारी वसूली की जाती है। जो सरकारी खजाना नहीं जाकर राशि का न्यारा बारा किया जा रहा है। इस पर रोक लगना चाहिए। सदस्यों ने बैठक में शाखा प्रबंधक, सीओ, बीईओ, आवास पर्यवेक्षक समेत अन्य अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग की। सदस्य प्रियरंजन सिंह ने कहा प्रखंड के विभिन्न कार्यालय में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत सदस्यों को अधिकारियों के माध्यम से मान सम्मान मिले। नारदीगंज थाना में कार्यरत मुंशी थाने में दलालों को नाश्ता कराते हैं, और अध्यक्ष को सम्मान नहीं करते हैं, शिकायत एसपी से किया जायेगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष सह सदस्य सूरज पासवान ने कहा पीएम आवास योजना में लूट मचा हुआ है। आवास सहायक नजराना लेकर साधन संपन्न परिवार को आवास योजना का लाभ दिया है। जो जांच का विषय है। सदस्य विनय कुमार साव ने कहा जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में आम लोगों को काफी परेशानी होती है। इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, मनरेगा, जनवितरण प्रणाली, बाल विकास परियोजना, पेयजल, कृषि, बिजली, कल्याण, समेत अन्य विभाग में संचालित कल्याणकारी योजनाओं पर सदन में जमकर मामला उठाया गया।बीडीओ समेत अन्य पदाधिकारी ने समस्या समाधान का भरोसा दिलाया। मौके पर मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी नीतीश कुमार, प्रभारी डा. नवीन कुमार, बीएओ अंजनी कुमार, पीएचईडी के कनीय अभियंता सुनील कुमार बीस सूत्री उपाध्यक्ष अशोक कुमार, सदस्य दीपक कुमार समेत अन्य बीस सूत्री सदस्य व पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

# महिला संवाद से बढ़ी जागरूकता

निज संवाददाता | नवादा



बिहार सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण की दिशा में चलाए जा रहे महिला संवाद कार्यक्रम के माध्यम से नवादा जिला की महिलाएं तेजी से जागरूक एवं आत्मनिर्भर बन रही हैं। यह कार्यक्रम न केवल महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी दे रहा है, बल्कि उन्हें अपनी सफलता की कहानियां साझा करने और अपनी समस्याओं व आकांक्षाओं को खुलकर रखने का मंच भी प्रदान कर रहा है। जिले के 26 गांवों में प्रतिदिन आयोजित हो रहे इस संवाद कार्यक्रम में अब तक 708 ग्राम संगठनों में कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया जा चुका है, जबकि कुल 1510 ग्राम संगठनों में इसे संपन्न किया जाना है। इस अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन लगभग चार हजार महिलाएं सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं, जो अपने अनुभवों के माध्यम से समाज में बदलाव की प्रेरणा बन रही हैं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, अक्षर आँचल योजना, मुख्यमंत्री बालिका पोषाक योजना, बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका), सतत् जीविकोपार्जन योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। दिनांक 15 मई 2025 को सिरदला प्रखंड के चौकिया पंचायत अंतर्गत भोला चौकिया गांव में आयोजित संवाद कार्यक्रम में महिलाओं ने विभिन्न विकासात्मक मुद्दों को सामने रखाः वार्ड संख्या 04 की संजू देवी ने सार्वजनिक शौचालय की मांग की, समांतर देवी ने समूह में मिलने वाली आईसीएफ राशि बढ़ाने, मालती देवी ने बैंक ऋण पर ब्याज दर कम करने, सरिया देवी ने जीविका भवन निर्माण की मांग रखी। वहीं वार्ड संख्या 02 की सुलेखा देवी ने सामुदायिक कुआं, सोनभा देवी ने सोलर लाइट, मुन्नी देवी ने लाइब्रेरी और बसंती देवी ने महादलित भवन निर्माण की मांग की। नवादा सदर प्रखंड के सोनसिहारी पंचायत स्थित मंझनपुर गांव में आयोजित संवाद कार्यक्रम में भी महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और वार्ड संख्या 9 में लाइब्रेरी, सार्वजनिक नाली, सार्वजनिक तालाब, आयुष्मान कार्ड बनवाने, सोलर लाइट लगवाने, पशु अस्पताल एवं सड़क मरम्मत जैसी आवश्यकताओं को प्रमुखता से उठाया। महिला संवाद कार्यक्रम न केवल महिलाओं की आवाज को मंच दे रहा है, बल्कि यह उन्हें गांव की समस्याओं की पहचान कर प्राथमिकता तय करने और विकास योजनाओं के निर्माण में भागीदारी का अवसर भी दे रहा है। जिले भर में महिलाएं पूरे उत्साह और मुखरता के साथ इस अभियान में भाग ले रही हैं।

### लग्जरी कार से 27 बोतल विदेशी शराब बरामद

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने एक लग्जरी कार से 27 बोतल विदेशी शराब को जब्त किया। साथ ही दो लोगों को गिरफ्तार किया।उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद बलों के सहयोग से झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है, जिसका नेतृत्व उत्पाद एसआई राजेश कुमार पटेल कर रहे हैं। गुरुवार के अहले सुबह जांच चौकी पर उत्पाद एएसआई कैलाश पासवान ने झारखंड की ओर से आ रही एक लग्जरी कार संख्या बीआर01डीक्यू 8382 की जांच की गई।

## शोक सभा का आयोजन कर प्रखण्ड प्रशासन ने दी श्रद्धांजलि

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)

जम्मू कश्मीर के कारगिल में ड्यूटी के दौरान अपने कर्तव्य पथ पर शहीद हुए भारतीय सेना के जवान व कौआकोल प्रखण्ड के लाल मनीष कुमार की मौत पर प्रखण्ड प्रशासन ने भी गहरा शोक जताया है। गुरुवार को प्रखण्ड कार्यालय भवन के सभागार कक्ष में बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा में लोगों ने शहीद जवान की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। मौके पर मौजूद प्रखण्ड के अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शहीद जवान मनीष के शहादत पर गर्व जताया तथा कहा कि देश उनकी कुर्बानियों को हमेशा याद रखेगा।

## बुनियाद केंद्र में दिव्यांगता सर्टिफिकेट के लिए लगा शिविर

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



प्रखंड परिसर स्थित बुनियाद केंद्र में गुरुवार को दिव्यांगजनों के सर्टिफिकेट, यूडीआईडी कार्ड एवं त्रुटियों में सुधार को लेकर शिविर का आयोजन मैनेजर प्रेम शंकर प्रसाद के देखरेख में संपन्न हुआ। इस दौरान तीन सदस्यीय चिकित्सकों की टीम भी मौजूद रहे, जिसमें पीएचसी प्रभारी डॉ. सौरभ कुमार निराला, डॉ. संजय कुमार सिन्हा एवं डॉ. संजय पासवान मौजूद रहे। सामाजिक सुरक्षा कोषांग के कार्यपालक सहायक शशि कुमार ने बताया कि रजौली एवं आसपास के गांवों से कुल 66 दिव्यांग लाभार्थी बुनियाद केंद्र पहुंचे। उक्त लाभार्थियों में 15 लोगों का नए रूप से दिव्यांग सर्टिफिकेट बनाया गया, 20 लोगों ने यूडीआईडी कार्ड के लिए आवेदन दिए, 6 लोगों ने यूडीआईडी कार्ड में व्याप्त त्रुटि के सुधार हेतु आवेदन दिए एवं 25 बच्चों की जांच चिकित्सकीय टीम द्वारा कर उनके सर्टिफिकेट को रिन्यूअल किया गया। इस दौरान स्पीच थेरेपिस्ट राजमणि प्रसाद, सहायक कर्मी अशोक कुमार सिंह एवं मंटू कुमार भी मौजूद रहे।

## टोटो से ढ़ोई जा रही बियर और विदेशी शराब को पुलिस ने किया जब्त, चालक सह तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



थाना क्षेत्र में विदेशी शराब ढुलाई करने वाले एक टोटो को पुलिस बलों ने जब्त किया एवं 24.5 लीटर बियर व शराब भी बरामद किया। साथ ही टोटो चालक सह तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया। एक तरफ पुलिस बलों द्वारा थाना क्षेत्र को शराब मुक्त बनाए जाने को लेकर शराब निर्माण, परिवहन, भंडारण, बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध लगातार छापेमारी की जा रही है। वहीं दूसरी ओर शराब धंधे से जुड़े लोग शराब की खेप को लाने एवं लेजाने के लिए तरह-तरह के जुगाड़ का उपयोग करते नजर आ रहे हैं। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि शराब की खेप को लेकर गुप्त सूचना मिली। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर थाने में पदस्थापित पीएसआई सचिन कुमार को सशस्त्र पुलिस बलों के साथ भेजा गया। छापेमारी के दौरान पचम्बा गांव से पुलिस बलों ने एक टोटो संख्या बीआर27ईआर6759 को जांच हेतु रोका। जांच के क्रम में टोटो के सीट के नीचे बने तहखाने में छुपाकर रखे 19.5 लीटर बियर एवं 5 लीटर विदेशी शराब को बरामद किया गया। साथ ही एक टोटो चालक सह तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान नारदीगंज थाना क्षेत्र के कहुहारा गांव निवासी करविंद्र चौधरी के 25 वर्षीय पुत्र दीपक चौधरी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर एवं जब्त शराब, बियर और टोटो के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं गिरफ्तार तस्कर का स्वास्थ्य जांच करवाकर गुरुवार को ही न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## शहीद मनीष के गांव में दूसरे दिन भी पसरा रहा सन्नाटा

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)

जिले के कौआकोल प्रखण्ड अंतर्गत पाण्डेयगंगौट गांव निवासी व भारतीय आर्मी में कार्यरत जवान 27 वर्षीय मनीष कुमार के बुधवार की सुबह ड्यूटी के दौरान शहीद हो जाने की खबर ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है। शहीद जवान के सम्मान में हर किसी की आँखें नम है। शहीद जवान के गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। मनीष की शहादत की खबर के बाद से गांव में पिछले दो दिनों से किसी घर में चूल्हा तक नहीं जला। लोगों को उनके पार्थिव शरीर के आने का बेसब्री से इंतजार है। शहीद के बलिदान हो जाने की खबर के बाद शोक की गहराई ने हर किसी को भावविभोर कर रख दिया है। शहीद मनीष की पत्नी खुशबू, जिनकी शादी महज दो महीने पहले हुई थी,सदमे में बार-बार बेहोश होती रहीं। उनके पिता अशोक एवं माता सुशीला की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। उनके परिवार को संभालना मुश्किल हो रहा है। शहीद जवान के घर लोगों के आने जाने एवं स्वजनों से मिलकर सांत्वना जताने का सिलसिला लगातार जारी है। हर कोई शहीद जवान के स्वजनों से मिल उन्हें हिम्मत एवं ढांढस बढ़ा रहे हैं। तथा शहीद जवान मनीष के शहादत पर गर्व महसूस कर रहे हैं। सेना से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहीद जवान मनीष कुमार एमएच कारगिल के आर्मी मेडिकल कोर में पदस्थापित थें।

## शहीद मनीष के स्वजनों से मिल सांसद ने जताई संवेदना



निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)

कारगिल में पदस्थापित भारतीय सेना के जवान मनीष कुमार की शहादत के खबर के बाद गुरुवार को नवादा के सांसद विवेक ठाकुर एवं वारिसलीगंज के विधायक अरुणा देवी कौआकोल प्रखण्ड के पाण्डेयगंगौट पहुंचकर पीड़ित शहीद परिवार से भेंट कर उन्हें सांत्वना दिया। इस अवसर पर सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में सरकार की पीड़ित परिवार के प्रति पूरी संवेदना है।

## नए एमडीएम प्रभारी और सचिव का कराया गया केवाईसी

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



प्रखंड क्षेत्र के इंटर विद्यालय प्रांगण में स्थित बाबूलाल भवन में गुरुवार को सरकारी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन के सफल संचालन हेतु नवचयनित 140 एमडीएम प्रभारी बने शिक्षकों और उनके सचिव का केवाईसी बैंक कर्मी के सहयोग से करवाया गया। इस दौरान प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह सहकारिता पदाधिकारी राकेश कुमार भी मौजूद रहे। इस भीषण गर्मी में दोपहर के समय आयोजित केवाईसी के लिए आए दूर-दराज शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ सचिवों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था नदारद दिखी। कई लोग प्यास के मारे इधर-उधर भटकने के बाद बाजार से 20 रुपए के पानी बोतल खरीदकर अपनी प्यास बुझाते नजर आए।शिविर में एचडीएफसी बैंक के एकमात्र कर्मी द्वारा प्रखंड क्षेत्र के 140 एमडीएम प्रभारी के केवाईसी करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं कुछ स्वास्थ्य से लाचार रहे शिक्षकों ने बताया कि विभाग द्वारा उन्हें जबरन एमडीएम प्रभारी बनाया जा रहा है। यदि अस्वस्थ शिक्षक अपनी असमर्थता बताते हैं,तो उनकी परेशानी सुनने वाला कोई नहीं है। इस प्रकार के दर्जनों शिक्षक हैं, जो एमडीएम प्रभारी बनना ही नहीं चाहते हैं। इस पर जिले के वरीय पदाधिकारी को विचार करने की आवश्यकता है। वहीं केवाईसी शिविर में मौजूद प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि निदेशक मध्याह्न भोजन योजना, पटना के निर्देशानुसार नए एमडीएम प्रभारी एवं विद्यालय के सचिव का केवाईसी बैंककर्मी के माध्यम से किया जा रहा है।


## बीस सूत्री की बैठक में छाया रहा पशुपालन और आवास योजना में अनिमियत्ता का मामला

निज संवाददाता | नरहट (नवादा)

गुरुवार को प्रखण्ड सभा कक्ष में बीस सूत्री की पहली बैठक बीस सूत्री अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सभी ने सदस्य एवं पदाधिकारी ने अपना अपना परिचय दिया। परिचय के बाद बारी बारी से सदस्यों ने विभिन्न विभागों से जुड़े शिकायत को सदन में उठाया। सदस्य अरुण यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना में बरती जा रही अनिमियत्ता एवं पुन्थर पंचायत में उपस्वास्थ्य केंद्र की मांग सदन में रखा। सदस्य टुनटुन कुमार ने राजकृत प्राथमिक विद्यालय पत्तलबिगहा को उत्क्रमित कर मध्य विद्यालय बनाने की मांग को प्रमुखता से सदन में रखा। उन्होंने बताया कि यह विद्यालय काफी पुराना है। उत्क्रमित नही होने से बच्चों को उच्य शिक्षा के लिए इधर उधर जाना पड़ता है। सदस्य प्रमोद सिंह ने नरहट ठाकुर बाड़ी महादलित टोला के पास पुराना तालाब को जीर्णोद्धार और नरहट देवी स्थान के समीप खराब चापाकल की मरमत की मांग को सदन में रखा। सदस्य संतोष कुमार ने हजरतपुर गांव के आंगनबाड़ी केंद्र को बराबर बंद रहने का मामला और नरहट पशुपालन विभाग में घोर अनिमियत्ता का मुद्दा पुरजोर तरीके से सदन में उठाया। बताया कि अस्पताल से पशुपालकों के लिए दिए जाने वाली दवा में अनिमियत्ता बरती जाती है। टीकाकरण में गांव में 50 पशुओं का टीका लगाया जाता है और रिपोर्ट में 500 दिखाया जाता है। सदस्य रामपदारथ सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी है प्रखण्ड में जांच कर जहां चापाकल की आवश्यकता हो लगाया जाय। सदस्य मो ईसराईल ने भीषण गर्मी को देखते हुए सभा कक्ष में एसी लगवाने की मांग सदन में रखा। उपाध्यक्ष मो एहतेशाम उर्फ बंटी वने सदन में पीडीएस दुकानदारों द्वारा लाभुकों को निर्धारित मात्रा से कम अनाज देने की बात सदन को बताया। पंचायत में काम कर रहे स्वच्छता कर्मियों को मानदेय भुगतान नही होने का भी मुद्दा सदन में उठाया गया। सभी सवालों का जवाब सम्बंधित विभाग के पदाधिकारी द्वारा बारी बारी से दिया गया। बीडीओ प्रशांत कुमार बीस सूत्री की बैठक में बहुत सख्त दिखे। उन्होंने बीस सूत्री का गठन का उद्देश्य पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। कहा कि बीस सूत्री की यह पहली बैठक है जो पदाधिकारी उपस्थित है और जो अनुपस्थिति हैं, अगर जानबूझकर कर इगनोर किये है तो वैसे पदाधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग की जाएगी। सरकार द्वारा सभी योजनाओ को सुचारू रूप से संचालित कराना बीस सूत्री का मुख्य उद्देश्य है। इस मौके पर प्रखण्ड सांख्यकी पदाधिकारी परमानन्द प्रसाद, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ओम प्रकाश, सदस्य उमाकांत सिंह आदि मौजूद थे।

## रेलवे सुरक्षा बल को नए वाहन व उपकरण वितरित

निज संवाददाता | वैशाली (हाजीपुर)



महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा रेलवे सुरक्षा बल के बेहतर प्रदर्शन हेतु 08 बोलेरो गाड़ी, 22 कैमरा एवं 44 मोबाईल फ़ोन प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार तथा मुख्य सुरक्षा आयुक्त के उपस्थिति में मंडलो को वितरित किया गया। विदित हो कि मानव तस्करी के विरुद्ध किये गए कार्यो को देखते हुए गृह मंत्रालय द्वारा रेलवे सुरक्षा बल की गठित मानव तस्करी के विरुद्ध इकाई के बेहतर प्रदर्शन के लिए फंड प्रदान किया गया था। इस फंड का उपयोग करते हुए 08 बोलेरो गाड़ी, 22 कैमरा एवं 44 मोबाईल फ़ोन का क्रय किया गया था। इन 08 बोलेरो में से दानापुर, धनबाद, सोनपुर तथा डीडीयू को 01-01 तथा समस्तीपुर एवं मुख्यालय को 02-02 गाड़ी तथा 22 कैमरों में से दानापुर को 02, धनबाद को 06, सोनपुर को 04, डीडीयू को 04 एवं समस्तीपुर को 06 कैमरों का वितरण किया गया। इसी प्रकार 44 मोबाईल फ़ोन में से दानापुर को 04, धनबाद को 11, सोनपुर को 08, डीडीयू को 08, समस्तीपुर को 11 तथा मुख्यालय को 02 मोबाईल फोन का वितरण किया गया।

## शहीद चानकु महतो के 169वां शहादत दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

निज संवाददाता | गोड्डा

सदर प्रखंड अंतर्गत रंगमटिया स्थित स्मारक पर हूल फाउंडेशन के तत्वावधान में हूल क्रांतिवीर शहीद चानकु महतो 169वां शहादत दिवस पर उन्हें फूल माला पहनाकर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान कुड़मी विकास मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने बताया कि शहीद चानकु महतो की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म 09 फरवरी 1816 को रंगमटिया गांव में हुआ था।

## केंद्रीय मंत्री व पूर्व सीएम जीतनराम मांझी ने जताया दुःख

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)



भारत सरकार में केंद्रीय कैबिनेट मंत्री व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने भी शहीद जवान मनीष कुमार के बलिदान पर गहरा दुःख जताया है। उन्होंने शहीद मनीष के पिता से मोबाइल पर बात कर उन्हें सांत्वना दिया। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में वे पूरे परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि शहीद हुए जवान मनीष के स्वजनों को भारत सरकार हर सम्भव सरकारी अनुग्रह राशि एवं अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। वहीं दूसरी ओर छत्रपति शिवाजी सेवा संस्थान के अध्यक्ष कैलाश विश्वकर्मा,सचिव जितेंद्र प्रताप जीतूजमुकेश भगत एवं प्रतीक कुमार ने भी शहीद मनीष के परिवार से मिल संवेदना जताई।संस्था के अध्यक्ष कैलाश विश्वकर्मा ने बताया कि मनीष की शहादत पर गांव ही नहीं पूरा बिहार गर्व करेगा। उन्होंने कहा कि धन्य है ऐसे माता-पिता,जिनके चार लाल में तीन सेना को ही चुना। संस्था के सचिव जितेंद्र प्रताप जीतू ने कहा कि मनीष की शहादत बेकार नहीं जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### स्नातक व पीजी में नामांकन के लिए प्रकोष्ठ का गठन

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय स्नातक सत्र, 2025- 29 और स्नातकोत्तर (पीजी) सत्र, 2025-27 में नामांकन लेने की तैयारी शुरू कर दिया है ताकि ससमय स्नातक एवं पीजी में नामांकन लिया जा सके। विश्वविद्यालय ने यह निर्णय केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा इंटर का रिजल्ट जारी होने के बाद लिया है। विश्वविद्यालय ने स्नातक एवं पीजी में नामांकन के लिए नामांकन प्रकोष्ठ का गठन किया है। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के शिक्षक डॉ विजय राज कुमावत को नामांकन प्रकोष्ठ का समन्वयक बनाया गया है। वही वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के शिक्षक डॉक्टर शशि भूषण देव एवं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय गणित विभाग के शिक्षक डॉ दीपक कुमार मांझी को सदस्य बनाया गया है। कमेटी को ऑनलाइन आवेदन, मेधा सूची का प्रकाशन, दैनिक देखरेख एवं नामांकन संबंधित अन्य कार्यों को प्राथमिकता के साथ नियमानुकूल ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया है। नोडल पदाधिकारी डॉ धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि नामांकन की अवधि में प्रकोष्ठ के समन्वयक एवं दोनों सहायक सदस्य विभागीय एवं अन्य कार्यों से मुक्त रहेंगे ताकि नामांकन संबंधित कार्य को पूरा कर सके। आज होगी नामांकन समिति की बैठक वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में स्नातक एवं पीजी में नामांकन के लिए 15 मई गुरुवार को बैठक होगी बैठक में सभी सदस्यों को बुलाया गया है ताकि ससमय नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जा सके। बैठक की अध्यक्षता कुलपति डॉ शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी करेंगे। वही सदस्य के तौर पर नोडल पदाधिकारी, सामाजिक विज्ञान के संकायाध्यक्ष, जंतु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष, एसपी जैन कॉलेज के प्राचार्य, संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष, जगजीवन कॉलेज के प्राचार्य, डीके कॉलेज डुमरांव के प्राचार्य एवं जगदेव मेमोरियल कॉलेज सकरी के प्राचार्य शामिल होंगे। आमंत्रित सदस्य में कुल सचिव, नामांकन प्रकोष्ठ के समन्वयक, सदस्य और जेम पोर्टल के सहायक समन्वयक डॉ ओमप्रकाश दुबे होंगे।

### अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ा, चालक फरार

**कोईलवर** | खनन विभाग और चांदी थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया। पुलिस निरीक्षक सह चांदी थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने बताया कि भैरोटोला के पास अवैध बालू लेकर जा रहे ट्रैक्टर की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही खनन विभाग और पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी की। पुलिस को आता देख ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर भाग गया। ट्रैक्टर और ट्रॉली पर परिवहन विभाग का कोई रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं था। इस मामले में खनन विभाग की ओर से चांदी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया कि वाहन चालक और मालिक के खिलाफ जल्द कार्रवाई की जाएगी।

### रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध युवक धराया, जेब से मिला लॉकेट

**आरा**| रेल थाना आरा की पुलिस ने आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक पर मंगलवार की रात गश्ती के क्रम में संदिग्ध अवस्था में एक व्यक्ति को पकड़ा।पकड़े गए व्यक्ति की जांच किया तो उसके पॉकेट से लाल रंग के धागा में पिला रंग के धातु का बना महावीर जी का चित्र बना एक लॉकेट मिला। पुलिस ने बताया कि जब पुलिस रात्रि में गश्त कर रही तो एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देख कर भागने लगा।पुलिस ने पीछा कर उसे प्लेटफॉर्म नंबर 1 के पूर्वी छोर पर स्थित निदान बोर्ड के पास पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम बादल पिता वीरेंद्र भागने का कारण पूछने पर वह टालमटोल करने लगा।इसके बाद सिपाही रामअवतार गुप्ता और महिला सिपाही प्रिया कुमारी ने नियमानुसार उसकी तलाशी ली। युवक के पैंट की दाहिनी जेब से एक पीले धातु का बना बजरंगी लॉकेट मिला, जो एक कटा हुआ धागे में गूंथा हुआ था।लॉकेट के संबंध में युवक ने बताया कि उसने यह एक यात्री से चोरी किया है।आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### 11 बालू घाटों की 12 जून को होगी ई-नीलामी

**आरा**। 12 जून को कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम की मौजूदगी में खुली डाक से भोजपुर जिले में सोन और गंगा नदी के कुल 11 बालू घाटों की ई नीलामी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। ई नीलामी प्रक्रिया के लिए दस्तावेज अपलोड करने और अग्रिम धनराशि जमा करने की अंतिम तिथि 5 जून तय की गई थी। ई नीलामी की प्रक्रिया में शामिल सोन नदी के घाट संख्या 6, 8, 10, 16, 17 और 19 पहले संचालकों द्वारा सरेंडर कर दिए गए थे। सोन के छह घाटों की कीमत 135 करोड़ रुपये तय की गई है। गंगा के पांच घाटों की कीमत करीब 8.50 करोड़ रुपये रखी गई है। कुल 144 करोड़ रुपये की नीलामी की जाएगी। साथ ही अवैध रूप से रखे गए बालू के नौ स्टॉक भी नीलाम किए जाएंगे। ये स्टॉक बड़हरा, कोईलवर, संदेश, सहार और तरारी में जब्त किए गए थे। इनकी कीमत 3.45 करोड़ रुपये तय की गई है। आदेश के अनुसार, इन सभी स्टॉकों की भी नीलामी की जाएगी।

### डेढ़ माह बाद राजकोट से मिली लापता लड़की

**कोईलवर**| चांदी थाना क्षेत्र से डेढ़ माह पहले लापता हुई लड़की को पुलिस ने गुजरात के राजकोट से बरामद कर लिया है। चांदी के थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने बताया कि लड़की के परिजनों ने गांव की एक महिला पर उसे भगाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने लगातार जांच की। आधुनिक तकनीक और मानवीय पहलुओं की मदद से लड़की को ढूंढ निकाला गया। लड़की ने न्यायालय में दिए बयान में कहा कि वह परिजनों के डर से खुद घर से भाग गयी थी। कोर्ट के आदेश पर उसे परिजनों को सौंप दिया गया है।

### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण में प्लेसमेंट कल

**बक्सर** | राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बक्सर के तत्वावधान में 16 मई को एक दिवसीय फ्री कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा। फ्री कैंपस प्लेसमेंट में गुजरात की सुजुकी मोटर कंपनी भाग ले रही है। फ्री कैंपस प्लेसमेंट में अभ्यर्थियों की उम्र सीमा का निर्धारण 18 से 26 वर्ष रखा गया है। आईटीआई पास अभ्यर्थियों की डिमांड है। आईटीआई पास करने वाले अभ्यार्थियों के लिए यह सुनहरा अवसर है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य, मो. मसूद रशीद ने इच्छुक आवेदकों से अपील की है कि वे 16 मई को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बक्सर के कैंपस में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड बायोडाटा, फोटो एवं आईटीआई 10+2 पास सभी प्रमाण-पत्र के साथ फ्री कैम्पस प्लेसमेंट में भाग लेकर लाभ उठाएं।

### स्नातक व पीजी के लिए बना नामांकन प्रकोष्ठ

**बक्सर**। बक्सर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय स्नातक सत्र, 2025-29 और स्नातकोत्तर (पीजी) सत्र, 2025-27 में नामांकन लेने की तैयारी शुरू कर दिया है ताकि ससमय स्नातक एवं पीजी में नामांकन लिया जा सके। विश्वविद्यालय ने यह निर्णय केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा इंटर का रिजल्ट जारी होने के बाद लिया है। विश्वविद्यालय ने स्नातक एवं पीजी में नामांकन के लिए नामांकन प्रकोष्ठ का गठन किया है। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के शिक्षक डॉ विजय राज कुमावत को नामांकन प्रकोष्ठ का समन्वयक बनाया गया है। वही वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के शिक्षक डॉक्टर शशि भूषण देव एवं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय गणित विभाग के शिक्षक डॉ दीपक कुमार मांझी को सदस्य बनाया गया है। कमेटी को ऑनलाइन आवेदन, मेधा सूची का प्रकाशन, दैनिक देखरेख एवं नामांकन संबंधित अन्य कार्यों को प्राथमिकता के साथ नियमानुकूल ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया है। नोडल पदाधिकारी डॉ धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि नामांकन की अवधि में प्रकोष्ठ के समन्वयक एवं दोनों सहायक सदस्य विभागीय एवं अन्य कार्यों से मुक्त रहेंगे ताकि नामांकन संबंधित कार्य को पूरा कर सके। आज होगी नामांकन समिति की बैठक वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में स्नातक एवं पीजी में नामांकन के लिए 15 मई गुरुवार को बैठक होगी बैठक में सभी सदस्यों को बुलाया गया है ताकि ससमय नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जा सके। बैठक की अध्यक्षता कुलपति डॉ शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी करेंगे। वही सदस्य के तौर पर नोडल पदाधिकारी, सामाजिक विज्ञान के संकायाध्यक्ष, जंतु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष, एसपी जैन कॉलेज के प्राचार्य, संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष, जगजीवन कॉलेज के प्राचार्य, डीके कॉलेज डुमरांव के प्राचार्य एवं जगदेव मेमोरियल कॉलेज सकरी के प्राचार्य शामिल होंगे।

# भोजपुर के सिकरहट्टा थाना क्षेत्र में पीट-पीटकर युवक की हत्या

निज संवाददाता | आरा

भोजपुर के सिकरहट्टा थाना क्षेत्र में पीट-पीटकर एक युवक की हत्या कर दी गई। चचेरी बहन की शादी में गांव के कुछ लोगों से डांस करने को लेकर विवाद हुआ था। डेड बॉडी पर गहरे चोट के निशान मिले हैं। मामले की सूचना मिलते ही पीरो डीएसपी के.के सिंह समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक राकेश कुमार(24) पटखौली के वार्ड नंबर 8 के रहने वाले थे। ट्रक पर खलासी का काम करता था।

**दबंगों ने बारातियों को कुर्सी से हटा दियाः** परिजन दिल बहार निराला ने बताया कि 13 मई को चाचा उपेंद्र राम की बेटी रतन कुमारी की शादी थी। बारातियों के लिए डांस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। सब कुछ अच्छे से चल रहा था। इस बीच गांव के कुछ दबंग लोग पहुंचे और जाति सूचक गाली देते हुए बाराती पक्ष को कुर्सी से हटा दिया।



**नहर के पास घेरकर किया हमलाः** दिल बहार ने आगे बताया कि बुधवार देर रात 10 बजे राकेश अपने चचेरे भाई ट्रक ड्राइवर रवि को खाना देने बाइक से फतेहपुर बाजार गया था। रास्ते में दबंगों ने घेरकर कहा था

♦ चचेरी बहन की शादी में डांस के दौरान हुआ था विवाद, दबंगों ने 24 घंटे के अंदर मर्डर की धमकी दी थी

कि वापस लौटने पर तुमको बताते हैं। इसके बाद की चर्चा राकेश ने भाई से भी की थी। बिहार पुलिस कांस्टेबल का मेरिट भी निकाल चुका था।

**मामला संदिग्ध है, जांच की जा रही हैः** पीरो डीएसपी के.के सिंह ने बताया कि पहले सड़क हादसे में मौत की सूचना मिली थी। अब मामला थोड़ा संदिग्ध लग रहा है। जांच के लिए FSL की टीम को बुलाया गया है। हर एंगल से जांच की जा रही है।

## भोजपुर में सगे भाइयों समेत 4 लोगों की पिटाई



निज संवाददाता | आरा

भोजपुर में ई-रिक्शा पर यात्री बैठाने के विवाद में सगे भाइयों समेत चार लोगों की दूसरे गांव के लोगों ने पिटाई कर दी। लाठी-डंडे से जमकर पीटा। घायलों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना चरपोखरी थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव की है।

**यात्री बैठाने को लेकर हुआ था विवादः** घायलों की पहचान मो.शमीम अंसारी(40), सलीम अंसारी(33), नसीम अंसारी(35) और रागीब अंसारी(17) के तौर पर हुई है। मो.नसीम ने बताया कि मेरे बड़े भाई मुकुंदपुर से नगरी तक ई-रिक्शा चलाते है। पैसेंजर लेकर

♦ ई-रिक्शा पर यात्री बैठाने को लेकर हुआ था विवाद, घेरकर लाठी-डंडे से पीटा

नगरी गांव गए थे। वहां से लौटते समय 2-3 लड़की गाड़ी पर बैठ गई। इसी बात से दूसरे गाड़ी वाले नाराज हो गए। अस्पताल में ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने बताया कि एक युवक के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। बाकी तीन लोगों को शरीर के अलग-अलग जगहों पर चोट है। सभी का इलाज चल रहा है। पीड़ित ने इस घटना की जानकारी स्थानीय थाने को दी है।

## भोजपुर जिले में हथियार के साथ 2 अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता | आरा

भोजपुर के संदेश थाना क्षेत्र में अवैध हथियार के साथ पुलिस 2 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। 1 देसी कट्टा बरामद हुआ है। दोनों के क्रिमिनल रिकॉर्ड का पता लगाया जा रहा है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान भटौली निवासी पंकज कुमार और शिव मोहन भगत के तौर पर हुई है। एसपी राज ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दो बदमाश हथियार लेकर घूम रहे हैं। किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। इनपुट के आधार पर एक टीम का गठन किया गया। टीम गांव में छापेमारी करने पहुंची। पुलिस को देखते ही दोनों भागने लगे, जिसे खदेड़कर पकड़ लिया। इससे पहले टाउन थाना पुलिस ने पिस्टल और देसी पिस्तौल के साथ 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया था। अवैध हथियारों के खिलाफ लगातार ऑपरेशन चलाया जा रहा है।



**गेसिंग के अड्डे पर छापेमारी, 10 गिरफ्तारः** वहीं, टाउन थाना क्षेत्र के नाजीरंगज से पुलिस ने गेसिंग के अड्डे पर छापेमारी कर 10 सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया है। 31 हजार कैश, कार्ड और 7 मोबाइल बरामद हुआ है। पकड़े गए सट्टेबाजों में रौजा निवासी मो. अफरोज, मो. मुन्नू , मो.अली हुसैल उर्फ लक्की, मो. सारूल, मो.खुर्शीद आलम, धर्मनाथ कुमार, मो. जावेद अख्तर उर्फ सोनू, मो. लक्की, मो. शाकिब और अहिरपुर निवासी दीपक शर्मा शामिल है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

## राहुल गांधी के आने से सरकार को डर- कांग्रेस विधायक

♦ भोजपुर पहुंचे राजस्थान के लाडनूं विधायक, कहा-भाजपा की बोली बोल रहे डीएम

निज संवाददाता | आरा

आरा के एक निजी होटल में शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर राजस्थान से लाडनूं विधानसभा के विधायक मुकेश भाकर पहुंचे। जहां मुकेश भाकर का जोरदार स्वागत किया गया। कांग्रेस विधायक ने कहा है कि नीतीश कुमार और भाजपा की बोली डीएम बोल रहे है। सरकार डरी हुई है। छात्राओं पर लाठीचार्ज हुआ था। उन्हें डर है कि युवा जाग गए तो उनका क्या होगा। इसलिए कार्यक्रम को परमिशन नहीं दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के बाद दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुकेश भाकर को वीर कुंवर सिंह का मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जनसभा युवाओं को




संबोधित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मुकेश भाकर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज से बिहार में राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी ने शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम की शुरुआत की। पूरे बिहार में 75 जगहों पर शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम हो रहा है। इस कार्यक्रम की महत्वत्ता इतनी है कि राहुल गांधी का कार्यक्रम दरभंगा में होने वाला था, तो रातों रात उनका कार्यक्रम बदल दिया गया। सरकार घबराई हुई है क्योंकि नीतीश कुमार और भाजपा की सरकार में जैसे छात्रों और युवाओं के साथ जैसा व्यवहार हुआ है, अगर ये छात्र जाग गए, अपने हक के लिए खड़े हो गए तो आने वाले चुनाव में उनको खतरे में देखा जा सकता है।

**आंदोलन करने पर लाठीचार्जः** विधायक ने कहा कि बिहार में छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है। उनके पेपर लीक हो रहे है। उनके बदले में आंदोलन करने पर लाठीचार्ज किया जा रहा है। बिहार के कितने छात्रों पर शिक्षा का कर्ज है। बिहार का युवा जब तक नहीं जगेगा, बिहार के युवाओं को जब तक रोजगार नहीं मिलेगा। बिहार की जो हम संपूर्ण विकास की बात कर रहे है, तभी कहीं हो पाएगी। मुकेश भाकर ने कहा कि जो शासन घबराता है, जिस मुद्दे से उसी पर एफआईआर होती है। तो यह कितना महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, कितने महत्वपूर्ण मुद्दे है। आज प्रशासन को यह सब करना पड़ रहा है। भाजपा पर तंज कसते हुए मुकेश भाकर ने कहा कि भाजपा क्यों अंबेडकर के नाम से डरती है। कार्यक्रम था, पहले परमिशन रद्द की, फिर परमिशन दी, तो जिस तरह का माहौल बना, तो डीएम जो है, पूरी नीतीश कुमार और भाजपा की बोली बोल रहे है।

## बक्सर में विधायक की स्कॉर्पियो कीचड़ में फंसी

निज संवाददाता | बक्सर

बक्सर में गुरुवार को एक हास्यास्पद, लेकिन गंभीर संकेत देने वाला वाकया सामने आया। ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र के आरजेडी विधायक शम्भूनाथ यादव की स्कॉर्पियो कीचड़ में फंस गई। यह घटना उनके ही क्षेत्र की जर्जर सड़क पर गरहथा कला गांव के पास हुई। यहां सालों से खराब पड़ी सड़क को लेकर जनता नाराज है।

**सालों से जर्जर है सड़क, कोई सुनवाई नहींः** यह रास्ता राष्ट्रीय राजमार्ग-922 से गरहथा कला होते हुए चक्की गांव को जोड़ता है। ग्रामीणों के मुताबिक, यह सड़क कई वर्षों से टूट-फूट का शिकार है। स्कूल वैन, बाइक और ट्रैक्टर जैसे वाहन रोज इसी रास्ते से गुजरते हैं। बरसात में कीचड़ इतना गहरा हो जाता है कि दुर्घटनाएं आम बात हो गई हैं।



**गाड़ी फंसी, वीडियो आया सामनेः** विधायक की BR-44P-7611 नंबर की स्कॉर्पियो कार जब कीचड़ में धंसी तो पास के ग्रामीणों ने पूरा वाकया वीडियो में कैद कर लिया। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि गाड़ी के शीशे पर विधानसभा का प्रतीक चिन्ह और आरजेडी का झंडा लगा है। गाड़ी की नेम प्लेट कपड़े से ढंकी हुई थी। स्थानीय लोगों की मदद और एक पिकअप वाहन की सहायता से गाड़ी को बाहर निकाला गया। तब तक वीडियो सोशल मीडिया में फैलने से विधायक की किरकिरी शुरू हो गई थी।

**जनता का तंज - अब तो समझ आया होगाः** ग्रामीणों ने

♦ ग्रामीणों ने कहा- "अब विधायक को समझ आएगी जनता की परेशानी"

तंज कसते हुए कहा कि अब शायद विधायक जी को समझ में आ गया होगा कि आम जनता किस परेशानी से रोज़ जूझती है। सड़क की बदहाली पर बार-बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**10 साल की नाकामी पर उठे सवालः** इस घटना ने ब्रह्मपुर में पिछले 10 वर्षों के विकास कार्यों पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। विधायक की गाड़ी जिस दलदल में फंसी, उसी दलदल में हजारों लोग हर दिन गुजरते हैं, लेकिन उनकी आवाज़ अब तक अनसुनी रही।

## जच्चा-बच्चा की मौत के बाद पीएचसी में हंगामा

निज संवाददाता | आरा

भोजपुर जिले के सिन्हा थाना क्षेत्र के गजियापुर गांव स्थित एडिशनल पीएचसी में बुधवार को प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। जिसके बाद परिजन भड़क उठे। परिजन ने एडिशनल पीएचसी में हंगामा किया। सुरक्षाकर्मियों और अन्य लोगों ने समझा-बूझकर उनके परिजनों को शांत कराया। मृतका सिन्हा थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव निवासी नरेश कुमार की 24 वर्षीया पत्नी प्रमिला देवी है। मृतका की चचेरी ननद यशोदा देवी ने कहा कि वह गर्भवती थी और बुधवार की सुबह उसे काफी तेज दर्द होने लगा। जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए गजियापुर गांव स्थित एडिशनल पीएससी ले गए। महिला चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ ने तुरंत बेड पर लेटा दिया। तभी उसका दर्द बढ़ गया और उसकी हालत काफी बिगड़ हो गई। महिला को इंजेक्शन दिया गया, लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। जिसके बाद परिजन उसे वहां से वापस आरा सदर अस्पताल



ला रहे थे। तभी उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बावजूद इसके परिजन अपनी संतुष्टि के लिए उसे आरा सदर अस्पताल के लेबर वार्ड ले आए। जहां महिला चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन बिना पोस्टमॉर्टम के ही लाश गांव ले गए।

**नर्सिंग स्टाफ पर लापरवाही का आरोपः** वहीं दूसरी तरफ मृतका की चचेरी ननद यशोदा देवी ने गजियापुर एडिशनल पीएससी में मौजूद महिला चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ पर प्रसव के दौरान खींचातानी और लापरवाही बरतने के कारण अपनी भाभी की मौत होने का आरोप लगाया है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## बक्सर में कांग्रेस का "शिक्षा न्याय संवाद" आज




निज संवाददाता | बक्सर

बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी ने कमर कस लिया है। पार्टी ने आज बक्सर समेत राज्य की 75 विधानसभाओं में ''शिक्षा न्याय संवाद'' कार्यक्रम का आयोजन किया है। बक्सर में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। वे नगर भवन में कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

**छात्रों से शिक्षा संबंधी समस्याओं पर करेंगे चर्चाः** बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष आशुतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत बक्सर गोलंबर से चूरामनपुर के बीच किया जाएगा। उदय भानु चिब जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास में छात्रों से शिक्षा संबंधी समस्याओं पर चर्चा करेंगे। वे पलायन और डोमिसाइल नीति से प्रभावित लोगों की समस्याएं भी सुनेंगे।

**बिहार की शिक्षा व्यवस्था पर होगी बातचीतः**

♦ युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष आज पहुंचेंगे बक्सर, 75 विधानसभाओं में एक साथ कार्यक्रम

युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव पंकज उपाध्याय ने बताया कि बक्सर नगर भवन में होने वाले कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा बिहार की शिक्षा व्यवस्था पर अपनी आवाज उठाएंगे। राहुल गांधी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम युवा कांग्रेस और अन्य घटक दलों के साथ आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राहुल गांधी के युवा विजन को आगे बढ़ाना है। इसके तहत शिक्षा और सामाजिक न्याय से वंचित युवाओं तक पहुंच बनाई जाएगी। साथ ही बिहार की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और वंचित वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

**विधानसभा चुनाव के लिए झोंकी पूरी ताकतः** बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने पूरी ताकत अभी से झोंकना शुरू कर दी है।एक महीने पहले बक्सर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे का कार्यक्रम देखने को मिला ।वही अब युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बक्सर पहुंच रहे है।जिससे साफ हो गया है की बिहार में इस बार कांग्रेस शिक्षा और न्याय के मुद्दो सरकार को घेरने वाली है।

## बक्सर जिले में आज से होमगार्ड भर्ती शुरू

निज संवाददाता | बक्सर

बक्सर जिले में गृहरक्षकों के 312 रिक्त पदों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इस भर्ती के लिए कुल 23,374 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें 19,974 पुरुष और 3,400 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं। शारीरिक दक्षता परीक्षा आज 15 मई से 16 जून 2025 तक पुलिस लाइन, इटाढ़ी रोड, महदह में होगी। अभ्यर्थियों को प्रथम बैच के लिए सुबह 4 बजे और अन्य बैचों के लिए 4:30, 5:00 और 5:30 बजे परीक्षा स्थल पर पहुंचना होगा। प्रवेश पत्र 7 मई से वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। परीक्षा में दौड़, ऊंचाई-सीना माप, ऊंची कूद, लंबी कूद और गोला फेंक शामिल हैं। दौड़ में सफल होने वाले अभ्यर्थियों की ही आगे की जांच होगी। प्रत्येक प्रतिस्पर्धा के बाद बायोमैट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। हर प्रतिस्पर्धा में अधिकतम 5 अंक निर्धारित किए गए हैं।



**अनुपस्थित अभ्यर्थियों को नहीं मिलेगा दूसरा मौकाः** जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा के दौरान दो वातानुकूलित एंबुलेंस और चिकित्सकीय दल मौजूद रहेंगे। तीन अतिरिक्त एसी रिलीफ रूम बनाए गए हैं। नियंत्रण कक्ष, हेल्प डेस्क और बायोमैट्रिक काउंटर की व्यवस्था की गई है। परीक्षा स्थल पर सीसीटीवी कैमरे, वीडियोग्राफी, टेंट, कुर्सी, पेयजल और शौचालय की व्यवस्था की गई है। अभ्यर्थियों के परिजनों के लिए पेयजल टैंकर की व्यवस्था लोक स्वास्थ्य प्रमंडल द्वारा की जा रही है। नगर परिषद और नगर पंचायत साफ-सफाई और चलंत शौचालय की व्यवस्था करेंगे। डीएम ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि और समय पर अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को दूसरा मौका नहीं दिया जाएगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## 50 जरूरतमंद बच्चों को वितरित की गईं किताबें

**भागलपुर**। मदरसा रिजविया शाहबाजुल उलूम खीरीबांध में जरूरतमंद बच्चों के बीच बुधवार को कई विषयों की किताब का निःशुल्क वितरण किया गया। किताब का वितरण अरहम ट्रस्ट के द्वारा किया गया। चेयरमैन रिजवान खान ने बताया कि मदरसा के 50 बच्चों के बीच किताबों का वितरण किया गया। अरहम ट्रस्ट की ओर से शिक्षा की रोशनी को हर घर पहुंचाने के लिये लगातार काम कर रही हैं। हमारे देश का हर एक बच्चा शिक्षित बने, ताकि हमारा देश दुनिया में तरक्की में सबसे ऊंचे मुकाम पर पहुंचे। भागलपुर। जमीयत उलमा-ए-हिंद की स्थापना 1919 में हुई। यह मुसलमानों का सबसे बड़ा और सबसे प्रभावशाली संगठन है। इस संस्था ने देश की आजादी में बहुत ही अहम भूमिका निभाई है। 1942 के आंदोलन में सैकड़ों कार्यकर्ता ने बलिदान दिया। उक्त बातें जमीयत उलमा-ए-हिंद के जिला महासचिव मौलाना असजद नाजरी नजर बुधवार को मदरसा अरबिया हयाउल उलूम, नाथनगर में 15 मई को आयोजित कार्यक्रम के पूर्व संध्या पर कहीं। उन्होंने कहा कि मौलाना अबूल कलाम आजाद, मुफ्ती किफायत उल्लाह, मौलाना हुसैन अहमद मदनी, मौलाना हिफजुर्रमान, मौलाना असद मदनी और सैकड़ों जमीअत के कार्यकर्ताओं की कुर्बानी इतिहास के पन्नों पर दर्ज है। देश में इस संस्था के डेढ़ करोड़ सदस्य हैं। देश के हर राज्य, जिला और प्रखंड में इसके यूनिट कायम है। भागलपुर। किलकारी बिहार बाल भवन, भागलपुर के चार बच्चों का चयन राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना के लिए हुआ है। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की इस योजना के तहत बच्चों को हर साल 12,600 की छात्रवृत्ति दी जाएगी। चयनित बच्चों में करीना कुमारी और नेहा कुमारी (लोक नृत्य), प्रिया कुमारी (नाटक) और सोहन कुमार गुप्ता (सितार वादन) शामिल हैं। यह चयन 11 से 12 मार्च तक किलकारी बाल भवन, पटना में आयोजित साक्षात्कार परीक्षा के माध्यम से हुआ। इस परीक्षा में राज्यभर से प्रतिभागियों ने भाग लिया था। भागलपुर से भेजे गए इन चार बच्चों ने अपनी कला से निर्णायकों को प्रभावित किया।

कोलकाता के हज यात्री पहले मक्का शरीफ जाएंगे

भागलपुर। डाउन जमालपुर हावड़ा ट्रेन से हज यात्रियों का जत्था बुधवार को रवाना हुआ। इस मौके पर हज यात्रियों का स्वागत लोगों ने फूलमाला से किया। हज यात्रियों से मिलने के लिए खानकाह शहबाजिया के नायब सज्जादानशीं सैयद शानदार आलम शहबाजी, सैयद एहरार आलम शहबाजी शामिल हुए। हज यात्रियों के जत्था में अब्दुल कादिर उर्फ महसर, मदीना खातून और वसी अहमद शामिल रहे। हज यात्रियों के स्वागत में रिजवान खान, गुलाब आलम, परवेज खान, हननी खान, मेराज मुनिफ, चुनना आदि शामिल रहे। बता दें कि अब हज यात्रियों का जो भी जत्था रवाना होगा वह मक्का शरीफ के लिए रवाना होगा। इससे पहले दिल्ली व अन्य राज्यों से जाने वाले हज यात्री मदीना शरीफ के लिए रवाना हुए हैं।

## वारदात की साजिश रच रहे तीन को एसटीएफ ने दबोचा

**मुंगेर**। एसटीएफ और जिला पुलिस ने मंगलवार को गंगा पार तारापुर दियारा के एक बासा से तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इनके पास से दो कट्टा और 14 गोली मिलीं। कार्रवाई मुफस्सिल थाना क्षेत्र में हुई। थानाध्यक्ष बीके कुमार सिंह ने बताया कि पीएसआई विशाल कुमार को एसटीएफ आर्म्स सेल से सूचना मिली थी कि सीताकुंड डीह बिंद टोला का अपराधी संजय सिंह अपने गिरोह के साथ तारापुर दियारा के एक बासा में छिपा है। वह किसी बड़ी वारदात की तैयारी में था। सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों को जानकारी दी गई। सत्यापन के बाद एसटीएफ और जिला पुलिस की टीम गंगा पार मकई खेत के रास्ते बासा तक पहुंची। पुलिस ने बासा की घेराबंदी शुरू की तो संजय सिंह और उसके साथी भागने लगे। पीछा कर तीन लोगों को पकड़ा गया, लेकिन संजय सिंह फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर बासा की तलाशी ली गई।

## अब सेमेस्टर-2 में 20 तक दाखिला

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय ने स्नातक सत्र 2024-28 के सेमेस्टर-2 में नामांकन और पंजीयन के लिए फिर से मौका दिया है। विश्वविद्यालय ने इसकी अंतिम तिथि 15 से 20 मई तक बढ़ा दी है। इसके लिए सूचना भी जारी कर दी गई है। नामांकन समिति पदाधिकारी और डीएसडब्ल्यू प्रो. देवराज सुमन ने बताया कि अब 20 मई तक नामांकन एवं रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। वैसे विद्यार्थी जो किसी कारणवश पहले नामांकन और पंजीयन नहीं करा सके थे, वे अपने संबंधित कॉलेज में दस्तावेज सत्यापन कराकर नामांकन और पंजीयन करा सकते हैं।

## युवक की सड़क हादसे में मौत, मृतक के भाई को दहेज में मिली थी बाइक

**भागलपुर**। भागलपुर में बुधवार को हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। घटना एकचारी थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, 13 मई की रात करीब 11 बजे कहलगांव के भोला टोला रानी दियारा के पास 22 साल का छोटू कुमार को बेकाबू तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी थी, जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। जो बाइक हादसे की शिकार हुई है, वो 5 दिन पहले मृतक के भाई की शादी में दहेज में मिली थी। बताया जा रहा है कि बाइक अमित कुमार नाम का युवक चला रहा था, जो छोटू कुमार के बड़े भाई का साला है। हादसे में अमित कुमार भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

## न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,सदर मेदिनीनगर पलामू

### नोटिस

**दा0 खा0 अपील वाद सं0 – 48/2023–24**

1. बिपुल शुक्ला पिता–स्व0 केश्वर शुक्ला ग्राम+पो0–सिंगरा खुर्द, थाना– मेदिनीनगर, पलामू, झारखण्ड। + 2

– प्रथम पक्ष

**बनाम**

1. बिरेन्द्र शुक्ला पिता–स्व0 जुगेश्वर शुक्ला,
2. प्रभात कुमार पिता–स्व0 राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला,
3. रष्मि प्रभा पति–राकेश शुक्ला

सभी ग्राम+पो0–सिंगरा खुर्द,थाना–मेदिनीनगर, पलामू झारखण्ड।

– विपक्षी

एतद द्वारा सूचित करना है कि अपीलार्थी/आवेदक ने मेरे न्यायालय में उपर्युक्त दा0 खा0 अपील वाद दायर किया है। जिसमें आपको पक्षकार बनाया गया है उपरोक्त वाद में में अगली तिथि दिनांक 16.05.2025 निर्धारित है।

अतः आपको आगाह किया जाता है कि आप उक्त निर्धारित तिथि को 10:30 बजे पूर्वाहन में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब दें/अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपके अनुपस्थित रहने पर एकतरफा सुनवाई करते हुए निर्णय लिया जा सकता है। बाद में कोई सुनवाई नहीं होगी।

इसे सख्त ताकिद जानें।

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
सदर मेदिनीनगर

PR 352526 District(25-26).D

## न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,सदर मेदिनीनगर पलामू

### नोटिस

**दा0 खा0 अपील वाद सं0 – 225/2022–23**

1. गनौरी भुईंया,पिता–स्व0 कैल भुईंया,ग्राम–अदौरिया,पो0–चक,थाना–मनातू, जिला–पलामू, झारखण्ड।

– प्रथम पक्ष

**बनाम**

1 तेतर भुईंया,पिता स्व0 राम किशुन भुईंया
2 मुरती देवी पति–श्री विजय भुईंया
3 ललिता देवी पति–श्री सुरेश भुईंया
4 लातो देवी पति–स्व0 बिगन भुईया
5 कुंती देवी पति–श्री बाबुचंद भुईंया
6 समुंद्री देवी पति–श्री बुटा भुईंया
7 कैल भुईंया, पिता–श्री जोगन भुईंया
8 हिरामण भुईंया,पिता–स्व0 कैल भुईंया
9 बिरजु भुईंया, प्रमोद भुईंया,विनोद भुईंया सभी पिता–स्व0 बुधन भुईंया
सभी ग्राम–अदौरिया,पो0–चक,थाना–मनातू, जिला–पलामू,झारखण्ड।
10 पनवा देवी,पति–श्री मंगर भुईंया ग्राम–येगहारा पो0–कउरा,थाना–चतरा,जिला चतरा।

– विपक्षी

एतद द्वारा सूचित करना है कि अपीलार्थी/आवेदक ने मेरे न्यायालय में उपर्युक्त दा0 खा0 अपील वाद दायर किया है। जिसमें आपको पक्षकार बनाया गया है तथा आपको दिनांक– 30.11.2022 को सूचना निर्गत की गयी जिसकी सुनवायी की तिथि 27.12.2022 निर्धारित थी परन्तु उपरोक्त वाद में निर्धारित तिथि को आप उपस्थित नहीं हुये। वाद में अगली तिथि दिनांक 26.06.2025 निर्धारित है।

अतः आपको आगाह किया जाता है कि आप उक्त निर्धारित तिथि को 10:30 बजे पूर्वाहन में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब दें/अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपके अनुपस्थित रहने पर एकतरफा सुनवाई करते हुए निर्णय लिया जा सकता है। बाद में कोई सुनवाई नहीं होगी।

इसे सख्त ताकिद जानें।

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
सदर मेदिनीनगर

PR 352523 District(25-26)#D

## JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED

**CIN: U40108JH2013SGC001704**
**Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH**
**Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in**
**Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)**
**Address-Sudna, Daltonganj/ e-mail : gmtzdal@gmail.com**

### TENDER NOTICE

Sealed tender are invited in in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes superscribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work :-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non refundable) | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 93/PR/JUSNL/ 2025-26 | Procurement of electrical materials for 220/132 kV GSS Bhagodih | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | Rs. 17500/- |

1. Start date and time for sale of Tender Documents **17.05.2025** at 12:00 PM.
2. Last date and time for sale of Tender Documents upto **09.06.2025** at 02:00 PM.
3. Last date and time for submission of tender upto **09.06.2025** at 05:00 PM.
4. Date and time for opening of tender : **10.06.2025** at 03:30 PM.
5. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D. drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
7. The under signed reserves the right to issue the tender documents/ extend the date of sale/ submission/ opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/ all tenders without assigning any reason thereof.
8. If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 9973936358

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनीशिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager,
Transmission Zone-IV Medininagar

PR 352530 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26).D

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## प्राचार्य का कार्यालय- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,डालटनगंज

**Office e-mail id- principalitidtg@gmail.com**

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डालटनगंज में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन संबंधित सूचना

**01** झारखण्ड सरकार के NCVT के अन्तर्गत संचालित सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डालटनगंज में निदेशालय, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखण्ड राँची के पत्रांक– 639 एवं पत्रांक–640, दिनांक– 07.05.2025 के अनुपालन में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 के विभिन्न व्यवसाय में नामांकन के लिए योग्य आवेदक से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी–स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाईन आवेदन–पत्र (https://iti.jharkhand.gov.in Admission Tab) आमंत्रित किये जाते हैं।

**02 न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :–**

(क) वेल्डर, प्लम्बर एवं वायरमैन व्यवसाय के लिए आठवाँ उत्तीर्ण।
(ख) इलैक्ट्रीशियन, फीटर, टर्नर, मशीनिष्ट, शीट मेटल वर्कर, फाउन्ड्रीमैन, एवं कारपेन्टर व्यवसायों के लिए माध्यमिक/10वीं परीक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है।

**03 महत्वपूर्ण तिथियाँ :–**

| क्र0 सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20.05.2025 |
| 02 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 13.06.2025 अपराह्न 05:00 बजे तक |
| 03 | औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) को प्रकाशन | 16.06.2025 अपराह्न 05:00 बजे तक |
| 04 | औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक/ प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि एवं अन्य प्रविष्टियों में त्रुटि सुधार की अवधि | 17.06.2025 से 19.06.2025 तक |
| 05 | अन्तिम मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 21.06.2025 |
| | **Time schedule for 1st Round of online counselling** | |
| **Sl no.** | **activity** | **Date** |
| **01** | Choice filling of Trade (s) and / or ITI (s) | 24/06/2025 to 01/07/2025 |
| **02** | Seat allotment and downloading provisional seat allotment letter | 04/07/2025 to 21/07/2025 |
| **03** | Admission in the concerned ITI | 04/07/2025 to 21/07/2025 |
| | **Time schedule for 2nd Round of online counselling** | |
| **Sl no.** | **activity** | **Date** |
| **01** | Choice filling of Trade (s) and / or ITI (s) | 24/07/2025 to 30/07/2025 |
| **02** | Seat allotment and downloading provisional seat allotment letter | 04/08/2025 to 14/08/2025 |
| **03** | Admission in the concerned ITI | 04/08/2025 to 14/08/2025 |

**04** डी0जी0टी0 के पत्रांक– DGT-MIS011/1/2025-Oo DIR (TC) [71015],, दिनांक– 08.04.2025 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डालटनगंज में नामांकन लेने वाले अभ्यार्थियों का वैध मोबाईल नंम्बर, ई–मेल ID एवं आधार नम्बर आवश्यक है तथा NTC उत्तीर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी। डी0जी0टी0 के पत्र https://iti.jharkhand.gov.in के download Section के Notification Tab में देखा जा सकता है।

**05** नमांकन संबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के download Section के Notification Tab में देखा/ download किया जा सकता है।

**06** किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी हेतु ITI Webprtal के Grievance Section में टिकट (Complain) Raise किया जा सकता है एवं आवश्यकतानुसार मों0 नं0– 8252575749/9308058506/7717775369 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

उक्त सूचना को झारखण्ड के ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के download Section के Notification Tab में देखा/ download किया जा सकता है।

प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,डालटनगंज

PR 352517 District(25-26).D

## प्रपत्र VI 'क'
## समाहर्त्ता या समुचित सरकार
## उपायुक्त का कार्यालय, चतरा (भू–अर्जन शाखा)

### प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)
### ज्ञापांकः– 1123/भू0अ0दिनांकः–10.05.2025

चूंकि समाहर्त्ता, चतरा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–**पत्थलगड्डा**, थाना नं0–59, थाना–**पत्थलगड्डा**, अंचल–**पत्थलगड्डा**, जिला–**चतरा** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा **परियोजना Widening & Strengthening to 2 lane of Duwari to Role Road (MDR-99) निर्माण हेतु** अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–**पत्थलगड्डा**,थाना–**पत्थलगड्डा**, थाना नं0–59, अंचल–**पत्थलगड्डा**, जिला–**चतरा** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **1.0869** एकड़ यानि **0.43986** हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है,

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 71 | 156 | 388 | रैयती | धान खेत III | 0.0073 | विकास दांगी पिता– कुंजल महतो | राजेश दांगी | अरूण दांगी | पक्का सड़क | नीज |
| 72 | - | 478 | – | – | 0.0024 | कुंदन दांगी वो रोहन दांगी वो केदार दांगी पिता– भोला महतो | जवाहर साव | गोर्वधन महतो | झालू दांगी | पक्की सड़क |
| 73 | - | 484 | – | – | 0.0085 | जवाहर साव पिता– प्रसाद साव | पचकोड़ी दांगी | भोला महतो | पचकोड़ी दांगी | पक्का सड़क |
| 74 | - | 484 | – | – | 0.0066 | पचकौड़ी दांगी पिता– छबनी महतो | अशोक दांगी | जवाहर साव | पक्का सड़क | पक्का सड़क |
| 75 | - | 484 | – | – | 0.0048 | अशोक दांगी पिता– नानहू महतो | – | पचकोड़ी दांगी | नीज | पक्का सड़क |
| 76 | - | 485 | – | – | 0.0090 | रामवृक्ष दांगी पिता– धरम महतो | राजू दांगी | अशोक दांगी | जयराम महतो | पक्का सड़क |
| 78 | - | 485 | – | – | 0.0099 | राजु दांगी पिता– गोखुल दांगी | विनय दांगी | रामवृक्ष महतो | नीज | पक्का सड़क |
| 79 | - | 485 | – | – | 0.0022 | विनय दांगी पिता– गणेश दांगी वो छत्रधारी दांगी पिता– लेख महतो | देवनन्दन दांगी | राजु दांगी | नीज | पक्का सड़क |
| 80 | - | 350 | – | – | 0.0055 | राजेन्द्र दांगी पिता– सोमर महतो | मिथलेश केशरी | विकास दांगी | पक्का सड़क | नीज |
| 81 | - | 350 | – | – | 0.0055 | मिथलेश केशरी पिता– ......... | मुकेश केशरी | मिथलेश केशरी | नीज | पक्का सड़क |
| 82 | - | 349 | – | – | 0.0055 | मुकेश दांगी वो राजेश दांगी पिता– टिकेश्वर दांगी | रूदन दांगी | भुनेश्वर दांगी | पक्का सड़क | मुशाफिर दांगी |
| 83 | - | 349 | – | – | 0.001 | राकेश दांगी पिता– टिकेश्वर दांगी | केदार दांगी | मुकेश दांगी | मकान | मुशाफिर दांगी |
| 84 | - | 349 | – | – | 0.0041 | केदार दांगी पिता– भोला महतो | कामेश्वर गिरी | राकेश दांगी | पक्का सड़क | मुशाफिर दांगी |
| 85 | - | 346 | – | – | 0.0015 | कला गिरी वो अशोक गिरी पिता– बैजु गिरी | विद्या सागर | केदार दांगी | पक्का सड़क | विद्या सागर |
| 86 | - | 345 | – | – | 0.002 | विद्यासागर दांगी वो अयुष कुमार पिता– भगवान महतो | गुलाबचंद महतो | कांटा गिरी | पक्का सड़क | नीज |
| 87 | - | 340 | – | – | 0.0017 | झमन दांगी पिता– रेखा महतो | जामुन साव | कमता गिरी | पक्का सड़क | नीज |
| 88 | 161 | 341 | रैयती | धान खेत III | 0.0096 | अनिल दांगी पिता– गुलाबचंद दांगी | मंजु देवी | विद्या सागर | पक्का सड़क | मुरली महतो |
| 89 | 161 | 341 | रैयती | धान खेत III | 0.0019 | मंजु देवी पति– तारकेश्वर दांगी | झमन दांगी | अनिल दांगी | पक्का सड़क | किशोरी राम |
| 90 | 86 | 487 | रैयती | धान खेत III | 0.0011 | जयनंदन दांगी वगै0 पिता– ...... ... | बसंत दांगी | छत्रधारी दांगी | नीज | नीज |
| 91 | 86 | 487 | रैयती | धान खेत III | 0.0013 | बसंत दांगी पिता– धनु महतो | संतोष दांगी | जयनन्दन दांगी | नीज | पक्का सड़क |
| 92 | - | 488 | – | – | 0.0034 | संतोष दांगी पिता– बढ़न महो वो इन्द्रदेव महतो | टीकू महतो | बसंत दांगी | नीज | पक्का सड़क |
| 93 | - | 488 | – | – | 0.0057 | टिनकु दांगी पिता– बढ़न महतो वो इन्द्रदेव महतो पिता– चमारी महतो | छत्रधारी महतो | बसंत दांगी | नीज | पक्का सड़क |
| 94 | - | 186 | – | – | 0.0045 | छत्रधारी दांगी पिता– लेख महतो | विनय दांगी | टीकू दांगी | योगेन्द्र दांगी | पक्का सड़क |
| 95 | - | 186 | – | – | 0.0045 | विनय दांगी पिता– गणेश महतो | राजु दांगी | छत्रधारी दांगी | योगेन्द्र दांगी | पक्का सड़क |
| 96 | - | 186 | – | – | 0.0071 | राजु दांगी वगै0 पिता– हिलो महतो | विनोद दांगी | विनय दांगी | योगेन्द्र दांगी | पक्का सड़क |
| 97 | - | 186 | – | – | 0.0085 | बिनोद दांगी वगै0 पिता– नानहू महतो | राजु दांगी | राजु दांगी | सूरज महतो | पक्का सड़क |
| 98 | - | 186 | – | – | 0.0011 | राजु दांगी वगै0 पिता– डिलो महतो | खुशियाल महतो | बिनोद दांगी | लोकनाथ महतो | पक्का सड़क |
| 99 | - | 192 | – | – | 0.0018 | खुशियाल दांगी पिता– मधु महतो | प्रमोद कुशवाहा | राजु दांगी | नीज | पक्का सड़क |
| 100 | 148 | 339 | रैयती | धान खेत III | 0.0071 | जामुन साव पिता– द्वारिका साव | लालो देवी | झमन दांगी | पक्का सड़क | नीज |
| 101 | - | 339 | रैयती | धान खेत III | 0.0070 | ललदेव दांगी पिता– प्रेम महतो | राजदीप गिरी | जामुन साव | पक्का सड़क | नीज |
| 102 | 148 | 339 | रैयती | धान खेत III | 0.0070 | रसदीप गिरी पिता– लखन गिरी | देवदीप गिरी | लालदेव दांगी | पक्का सड़क | नीज |
| 103 | - | 339 | – | – | 0.0018 | भनेश्वर गिरी पिता– कोमल गिरी | बिरोचन गिरी | राजदी गिरी | पक्का सड़क | नीज |
| 104 | 209 | 305 | रैयती | धान खेत III | 0.0027 | गोपाल गिरी वो परमानन्द गिरी वो बिरोचन गिरी पिता– चतुरगुण गिरी | मुशाफिर दांगी | भुनेश्वर गिरी | पक्का सड़क | नीज |
| 105 | - | 304 | – | – | 0.0081 | मुसाफिर दांगी पिता– धनी महतो | अभय कुमार | गोपाल गिरी | पक्का सड़क | प्रयाग दांगी |
| 106 | - | 304 | – | – | 0.0088 | अभय कुमार वो संजय कुमार | सेवाली दांगी | मुसाफिर दांगी | पक्का सड़क | प्रयाग दांगी |
| 107 | - | 304 | – | – | 0.0061 | सेवाली दांगी पिता– बढ़न महतो | कमलेश दांगी | अभय कुमार | पक्का सड़क | प्रयाग दांगी |
| 108 | 175 | 195 | बकास्त | धान खेत III | 0.0068 | नीतीश कुमार पिता– प्रमोद कुमार कुशवाहा | अमित कुमार | खुशियाल दांगी | नीज | पक्का सड़क |
| 109 | 175 | 195 | बकास्त | धान खेत III | 0.0092 | अमित कुमार पिता– उमाशंकर प्रसाद | फेकू साव | नीतीश कुमार | नीज | पक्का सड़क |
| 110 | 211 | 196 | बकास्त | धान खेत III | 0.0022 | फेकू साव पिता– बुधन साव | रामेश्वर साव | अमित कुमार | मोहन साव | पक्का सड़क |
| 111 | - | 200 | – | – | 0.0059 | संजय सोनी पिता– रामेश्वर साव | अशोक कुमार | फेकू साव | अशोक दांगी | पक्का सड़क |
| 112 | - | 200 | – | – | 0.0068 | अशोक दांगी पिता– वकील दांगी | विक्रम दांगी | रामेश्वर साव | नीज | पक्का सड़क |
| 113 | - | 205 | – | – | 0.0054 | विक्रम दांगी पिता– दिलो महतो | हीरामन महतो | अशोक दांगी | राजु दांगी | पक्का सड़क |
| 114 | - | 205 | – | – | 0.0054 | हिरलाल दांगी पिता– बिसहूँ महतो | मुकेश कुमार दांगी | विक्रम दांगी | राजु दांगी | पक्का सड़क |
| 115 | - | 206 | – | – | 0.0057 | मुकेश कुमार दांगी वगै0 पिता– जीवन महतो | झलू दांगी | हिरालाल दांगी | नीज | पक्का सड़क |
| 116 | - | 207 | – | – | 0.0052 | झालू महतो पिता– दुली महतो | कमलेश प्रसाद वर्मा | मुकेश दांगी | नीज | पक्का सड़क |
| 117 | - | 300 | – | – | 0.0037 | कमलेश प्रसाद वर्मा पिता– ... | सुरेन्द्र दांगी | सेवाली दांगी | पक्का सड़क | नीज |
| 118 | - | 300 | – | – | 0.0040 | सुरेन्द्र कुशवाहा पिता– गणपथ दांगी | रामप्रसाद | कमलेश दांगी | पक्का सड़क | संजय दांगी |
| 119 | - | 300 | – | – | 0.0025 | राम प्रसाद पिता– रूदन दांगी | बिनोद प्रसाद कुशवाहा | सुरेन्द्र कुशवाहा | पक्का सड़क | संजय दांगी |
| 120 | - | 300 | – | – | 0.0035 | बिनोद प्रसाद कुशवाहा पिता– रूदन महतो | विपेन्द्र दांगी | राम प्रसाद | पक्का सड़क | खुशीमल दांगी |
| 121 | - | 300 | – | – | 0.002 | दिपेन्द्र दांगी पिता– हेमन महतो | अशोक कु0 दांगी | बिनोद कु0 कुशवाहा | पक्का सड़क | कमल राम |
| 122 | - | 300 | – | – | 0.0020 | अशोक कु0 दांगी पिता– हेमन महतो | चन्द्रदेव दांगी | दिपेन्द्र दांगी | पक्का सड़क | अजय राणा |
| 123 | - | 300 | – | – | 0.0014 | चन्द्रदेव दांगी पिता– बिशुन महतो | हरीश दांगी | अशोक कु0 दांगी | पक्का सड़क | विशेश्वर दांगी |
| 124 | - | 300 | – | – | 0.0082 | हरीश दांगी पिता– विशुन महतो | जयराम दांगी | दिपेन्द्र दांगी | पक्का सड़क | विशेश्वर दांगी |
| 125 | 94 | 208 | रैयती | धान खेत III | 0.0066 | सहदेव दांगी वगै0 पिता– हादन हसन | बिजोद कुमार | मुलू महतो | नीज | पक्का सड़क |
| 126 | - | 209 | – | – | 0.0010 | बिनोद कुमार पिता– जगदीश महतो | जयप्रकाश नारायण | सहदेव दांगी | सहदेव दांगी | पक्का सड़क |
| 127 | - | 209 | – | – | 0.0087 | जयप्रकाश नारायण पिता–दर्शन राम दांगी | शिबु | बिनोद कुमार | सहदेव दांगी | पक्का सड़क |
| 128 | 146 | 210 | रैयती | धान खेत III | 0.0012 | शिवशंकर नारायण पिता– नन्दलाल दांगी | दशरथ दांगी | जय प्रकाश नारायण | सहदेव दांगी | पक्का सड़क |
| 129 | 146 | 210 | रैयती | धान खेत III | 0.0011 | दशरथ दांगी पिता– नन्दलाल दांगी | रामविलास दांगी | शिबु | नीज | पक्का सड़क |
| 130 | 143 | 137 | रैयती | धान खेत III | 0.0031 | रामबिलास दांगी पिता– बुलक महतो | भुनेश्वर महतो | दशरथ दांगी | नीज | पक्का सड़क |
| 131 | 143 | 137 | रैयती | धान खेत III | 0.0072 | भुनेश्वर महतो पिता– लेखा महतो | जितन महतो | रामबिलास दांगी | नीज | पक्का सड़क |
| 132 | 143 | 137 | रैयती | धान खेत III | 0.0014 | जितेन्द्र दांगी पिता– नुनी महतो | शीबन प्रजापति | भुनेश्वर महतो | नीज | पक्का सड़क |
| 133 | - | 136 | – | – | 0.0080 | शीबन प्रजापति पिता– धरम प्रजापति | मोहन प्रजापति | जितेन्द्र दांगी | दशरथ दांगी | पक्का सड़क |
| 134 | - | 136 | – | – | 0.0092 | मोहन प्रजापति पिता– नराज प्रजापति | भुनेश्वर महतो | शीबन प्रजापति | दशरथ दांगी | पक्का सड़क |
| 135 | 127 | 135 | रैयती | धान खेत III | 0.0014 | धनेश्वर दांगी पिता– सहदेव महतो | जयराम महतो | मोहन प्रजापति | नीज | पक्का सड़क |
| 136 | 127 | 135 | रैयती | धान खेत III | 0.0081 | जयराम दांगी पिता– सहदेव महतो | लोकनाथ दांगी | धनेश्वर दांगी | नीज | पक्का सड़क |
| 137 | 127 | 135 | रैयती | धान खेत III | 0.0070 | लोकनाथ दांगी पिता– सहदेव महतो | बिझेसवर दांगी | जयराम दांगी | नीज | पक्का सड़क |
| 138 | - | 213 | – | – | 0.0081 | जयराम दांगी पिता– सहदेव महतो | लोकनाथ दांगी | हरीश दांगी | पक्का सड़क | नीज |
| 139 | - | 213 | – | – | 0.0094 | लोकनाथ महतो पिता– सहदेव महतो | हरीलाल दांगी | जयराम दांगी | पक्का सड़क | नीज |
| 140 | 153 | 214 | रैयती | धान खेत III | 0.0012 | हरीलाल दांगी पिता– दोपी महतो | प्रसाद महतो | लोकनाथ दांगी | पक्का सड़क | नीज |
| 141 | - | 215 | – | – | 0.0020 | प्रसाप महतो पिता–.......... | संजय कुमार | हरीलाल दांगी | पक्का सड़क | नीज |
| 142 | - | 216 | – | – | 0.0026 | संजय कुमार वो अजय कुमार पिता– बनवारी साव | मिथुन अग्रवाल | प्रसाद महतो | पक्का सड़क | नीज |
| 143 | - | 216 | – | – | 0.0011 | मिथुन अग्रवाल पिता– शंकर साव | बिपेन्द्र दांगी | संजय कुमार | पक्का सड़क | नीज |
| 144 | - | 216 | – | – | 0.0033 | दिपेन्द्र नाथ दांगी वगै0 पिता– भेखलाल महतो | मिथलेश कुमार | मिथुन अग्रवाल | पक्का सड़क | नीज |
| 145 | - | 217 | – | – | 0.0088 | मिथिलेश कुमार पिता– महेन्द्र महतो | समलाल दांगी | पिपेन्द्र नाथ दांगी | पक्का सड़क | नीज |
| 146 | 78 | 217 | रैयती | धान खेत III | 0.0039 | समलाल दांगी पिता– पेमा महतो | नरकु दांगी | मिथिलेश कुमार | पक्का सड़क | नीज |
| 147 | 78 | 217 | रैयती | धान खेत III | 0.0039 | नरकु दांगी पिता– पेमा महतो | देवलाल महतो | समलाल दांगी | पक्का सड़क | नीज |
| 148 | 78 | 217 | रैयती | धान खेत III | 0.0085 | दिनेश्वर दांगी वगै0 पिता– देवलाल महतो | मोहन महतो | नरकु दांगी | पक्का सड़क | नीज |
| 149 | - | 220 | – | – | 0.0042 | मोहन महतो पिता– भीखा महतो | जालो दांगी | दिनेश्वर दांगी | पक्का सड़क | नीज |
| 150 | - | 220 | – | – | 0.0047 | जालो दांगी पिता– ईश्वर महतो | – | मोहन महतो | पक्का सड़क | नीज |

लगातार प्रकाशित ....................

उपायुक्त,चतरा

PR 352474 (Land Reforms)25-26*D

# किसान पथ पर बस में लगी आग, दो बच्चों समेत पांच की जिंदा जलकर मौत



**लखनऊ, एजेंसी।** कल्ली पश्चिम में किसानपथ पर गुरुवार सुबह बिहार से दिल्ली जा रही एक निजी बस में आग लगने से दो बच्चे, दो महिलाओं समेत एक पुरुष की जलने से मौत हो गई। मौके पर पहुंची पीजीआई, मोहनलालगंज पुलिस ने खिड़की दरवाजे खोलकर अंदर फंसे अन्य लोगों को बाहर निकाला।

जानकारी के मुताबिक, मोहनलालगंज के कल्ली पश्चिम में गुरुवार की सुबह एक निजी डबल डेकर बस बिहार से सवारियां लेकर दिल्ली जा रही थी। इस बीच बस के गियर बॉक्स में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। घटना के वक्त सवारियां अंदर सो रही थी। लपटें देख लोगों में चीख पुकार मच गई।

लोगों ने बस से निकलने के प्रयास शुरू कर दिए। इस बीच अंदर फंसने से बिहार के समस्तीपुर निवासी 55 वर्षीय लख्खी देवी, उनकी 26 वर्षीय बेटी सोनी, 26 वर्षीय मधुसूदन, बिहार के सीतामढ़ी निवासी रामबालक की दो वर्षीय बेटी साक्षी और तीन वर्षीय देवराज की अंदर फंसकर जलने से मौत हो गई।

आग लगने से लोगों में अचानक भगदड़ मच गई। किसी तरह खिड़कियां तोड़कर लोग बाहर निकले। घटना में कई लोगों का सारा सामान, दस्तावेज जलकर राख हो गए। लोग जैसे तैसे निकलकर बाहर भागे। एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बताया कि घायलों का प्राथमिक उपचार कराया गया। साथ ही जो लोग हैं उन्हें अन्य वाहनों से रवाना किया गया है।

वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

सवारी बालकराम की तहरीर पर बस मालिक, ट्रैवल एजेंट, ड्राइवर समेत अन्य पर गैर इरादततन हत्या का मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। कार्रवाई के लिए एक टीम बनाई गई है।

## दो ट्रकों की आपस में भिड़ंत से लगी आग, एक के चालक की मौत हेल्पर घायल



**लखनऊ, एजेंसी।** अयोध्या रोड स्थित सेमरा मोड़ पर गुरुवार तड़के दो ट्रकों में भीषण टक्कर हो गई। टक्कर से ट्रक में आग लग गई। चिनहट पुलिस ने दमकल की मदद से आग पर काबू पाया, फिर दो घायलों को लोहिया अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया। दूसरे का इलाज चल रहा है। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि सुबह करीब पांच बजे की घटना है।

जांच में सामने आया कि अयोध्या रोड स्थित सेमरा मोड़ के पास दो ट्रकों में टक्कर हो गई, फिर आग लग गई। मौके पर पहुंचे देखा कि दो लोग फंसे हुए हैं। तत्काल दमकल बुलाया गया। दमकल कर्मियों ने 20 मिनट में आग पर काबू पाया। इंस्पेक्टर ने बताया कि ट्रक संख्या यूपी 43 एटी 5918 का हेल्पर अंकित निवासी सिंहपुर थाना धानेपुर जनपद गोंडा को साधारण चोटें आई है। वहीं, चालक राजेन्द्र निवासी मादवापुर थाना वजीरगंज जनपद गोंडा आग में झुलस गया, जिसे लोहिया अस्पताल भेजा गया, जहां राजेन्द्र को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि मौके पर दोनों ट्रकों को सड़क किनारे कराकर यातायात सुचारू रूप से चला दिया गया है। मृतक के परिवारिजन को सूचना दे दी गई है। उनके आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रक की टक्कर से ऑटो पलटा, सात लोगों की मौतज्दो गंभीर घायल

**कानपुर, एजेंसी।** हरदोई जिले के कासिमपुर थाना क्षेत्र में संडीला–बांगरमऊ मार्ग पर ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे के बाद ऑटो पलट गया, जिसमें दबकर ऑटो सवार सात लोगों की मौत हो गई। संडीला–बांगरमऊ मार्ग पर बड़ी संख्या में ऑटो चलते हैं। इसी तरह का एक ऑटो बृहस्पतिवार को नौ सवारियां लेकर संडीला की तरफ जा रहा था। हरदलमऊ गांव के पास ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। ऑटो में सवार सात लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दो घायलों को अस्पताल भेजा गया है। पुलिस जांच की कार्रवाई में जुटी है। पुलिस ने मृतकों की शिनाख्त की है, रंजीत (27) ऑटो चालक निवासी बाजरखेड़ा कासिमपुर, निसार (35) निवासी बनवा कछौना, रविंद्र (19) पुत्र नंदराम निवासी ग्राम मलहन खेड़ा थाना कासिमपुर, फूलजहां (28) पत्नी सिराज निवासी ग्राम बेहटा थाना बेहटा मुजावर जनपद उन्नाव, अंकित (20) पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम बहदिन थाना कछौना, बिटान उर्फ पिंकी 30 पत्नी रोहित निवासी ग्राम धतीगढ़ा थाना कासिमपुर और मृतक अयाज (3) पुत्र सिराज निवासी ग्राम बेहटा मुजावर जनपद उन्नाव शामिल हैं।



## कानपुर चिड़ियाघर में गोरखपुर से लाए गए शेर पटौदी की मौत, बर्ड फ्लू की आशंका

**कानपुर, एजेंसी।** गोरखपुर से शहर के चिड़ियाघर लाए गए शेर पटौदी की मौत हो गई है। उसने खाना छोड़ दिया था, बहुत कम मात्रा में पानी पी रहा था। शेर को ड्रिप से दवाई चढ़ाई जा रही थी। शेर के खून के नमूने राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान भोपाल भेजे गए है। रिपोर्ट आने के बाद पुष्टि हो सकेगी की शेर को बर्डफ्लू था अथवा नहीं। शेर की मौत के बाद चिड़ियाघर में सतर्कता बढ़ दी गई है। पूरे परिसर को सेनीटाइज किया जा रहा है। जानवरों की व्यवहार पर नजर रखी जा रही है, नियमित जांच की जा रही है।

गोरखपुर के चिड़ियाघर में बीमार शेर पटौदी को कानपुर चिडियाघर में इलाज के लिए रविवार को कानपुर भेजा गया था। उसके लीवर में संक्रमण था। गोरखपुर में उसका इलाज बरेली स्थित इंडियन वेटनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट की टीम कर रही थी। उसकी हालात में सुधार नहीं हो रहा था।

प्रदेश के पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा. अरुण कुमार सक्सेना के निर्देश पर उसे कानपुर चिड़ियाघर में इलाज के लिए भेजने का निर्णय लिया गया। पटौदी लगभग 15 वर्ष का है। शेर की औसत आयु भी इतनी होती है। पटौदी काफी कमजोर था।

वहीं गोरखपुर चिड़ियाघर में बाघिन शक्ति की मौत के बाद राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान भोपाल से आई उसकी विसरा जांच में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि शेर को भी बर्डफ्लू हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अगले महीने मुश्किल भरा होगा दक्षिण भारत का सफर, राप्ती सागर एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनें रद्द

**लखनऊ, एजेंसी।** गर्मी की छुट्टी मनाने अगले महीने दक्षिण भारत जाने वाले यात्रियों के लिए उनका सफर मुश्किल भरा हो सकता है। रेलवे ने जून महीने में दक्षिण भारत की ओर जाने वाली कई ट्रेनों को निरस्त कर दिया है।

दक्षिण मध्य रेलवे के बल्लारशाह-काजीपेट रूट पर तीसरी लाइन की कमीशनिंग काम होगा। इस कारण 05, 06, 08, 12, 13, 15 व 19 जून को चलने वाली 12511 गोरखपुर-तिरूवनन्तपुरम राप्ती सागर एक्सप्रेस का संचालन निरस्त होगा।

वहीं, वापसी में 04, 08, 10, 11, 15, 17 व 18 जून को 12512 तिरूवनन्तपुरम-गोरखपुर राप्ती सागर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। इसी तरह 02 व 09 जून 12521 बरौनी-एर्नाकुलम एक्सप्रेस, 06 व 13 जून को 12522 एर्नाकुलम एक्सप्रेस, 07 व 14 जून को 12591 गोरखपुर-यशवन्तपुर एक्सप्रेस और वापसी में 09 व 16 जून को 12592 यशवन्तपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस का संचालन निरस्त होगा।

### ऑपरेशन सिंदूर को लेकर वीर सैनिकों दिया गया अनोखा सम्मान, तिरंगे की रोशनी से नहाया रेलवे स्टेशन



**देवरिया, एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के अदम्य शौर्य और पराक्रम के सम्मान में जिले के रेलवे स्टेशन बुधवार की रात में ट्राई कलर (तिरंगा) रोशनी से जगमगाने लगे। भारतीय रेल ने वीर सैनिकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए यह अनूठा आयोजन किया।

इस मौके पर जिले के गौरीबाजार से बनकटा, भटनी से तूतीपार और बरहज तक के रेलवे स्टेशनों पर राष्ट्रभक्ति का अलग जोश देखने को मिला। इस दौरान तिरंगे की रोशनी में नहाए रेलवे परिसर देशभक्ति के गीतों से गूंज उठे। वहीं स्टेशनों पर लगी स्क्रीनों पर राष्ट्रभक्ति से जुड़े विजुअल्स ने यात्रियों को राष्ट्र प्रेम की भावनाओं से भर दिया।

भारतीय रेल की इस पहल ने न केवल सेना के रणबांकुरों का अभिनंदन किया, बल्कि आम जनता को भी ऑपरेशन सिंदूर की गौरव गाथा से जोड़ा। यह आयोजन दर्शाता है कि देश का प्रत्येक नागरिक अपने वीर सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद न्याय की अखंड प्रतिज्ञा को पूरा करने के लिए शुरू हुआ ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की वह गौरव गाथा है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

स्टेशन अधीक्षक संदीप भटनागर ने कहा कि ऑपरेशन की सफलता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय रेल ने देश के विभिन्न हिस्सों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया है। जिसने देशवासियों के मन मस्तिष्क में राष्ट्रप्रेम और सेना के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत किया जा सके। इसके अलावा भारतीय रेल ने तिरंगा यात्रा के साथ तमाम स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के जरिए भी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को जनमानस तक पहुंचाया।

### 17 मई से नौ जुलाई तक इन प्रमुख स्टेशनों पर नहीं रुकेगी गोरखधाम

**गोरखपुर, एजेंसी।** लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग पर विभिन्न तिथियों में गोरखपुर-बांद्रा समेत सात एक्सप्रेस ट्रेनें मार्ग बदलकर चलाई जाएंगी। 17 मई से नौ जुलाई तक गोरखधाम एक्सप्रेस बादशाहनगर एवं ऐशबाग व लखनऊ स्टेशन पर नहीं रूकेगी। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह के अनुसार उत्तर रेलवे के लखनऊ स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार और पांच पर निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण के चलते विभिन्न तिथियों में यातायात एवं पावर ब्लाक लिया जाएगा। इसके चलते कुछ ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा।

## युवक को घर से बुलाकर ले गए, लाठी-डंडों से पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट



**नई बाजार (गोरखपुर), एजेंसी।** झंगहा के नदुआझानपार गांव स्थित काली टोला निवासी 22 वर्षीय धीरज निषाद उर्फ विधायक की बुधवार देर रात हत्या कर दी गई। मृतक को घर से बुलाकर बाइक सवार युवक नई बाजार-बोहाबार मार्ग पर ले गए, जहां पोछियहवां बीस नंबर बोरिंग के पास सड़क किनारे लाठी, डंडे और लोहे की राड से पीट-पीट कर उसकी जान ले ली गई। घटना से गांव में हड़कंप मच गया है। आरोपितों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

मृतक के भाई सूरज और बहन संध्या ने पुलिस को बताया कि बुधवार रात धीरज को कुछ युवक घर से बुलाकर बाइक पर साथ ले गए। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजन चिंतित हो गए। रात करीब 11 बजे सूचना मिली कि सड़क किनारे किसी युवक की लाश पड़ी है। जब वह लोग पहुंचे तो धीरज खून से लथपथ मृत मिला। उसके सिर और शरीर पर चोट के गंभीर निशान थे। परिवार के लोगों ने मिश्रौलिया गांव के युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों से धीरज की पुरानी रंजिश थी। इसी विवाद में वारदात हुई है। गांव के लोगों में इस घटना को लेकर नाराजगी है।

घटनास्थल की जांच के लिए फोरेंसिक टीम भी बुलाई गई है। हत्या में प्रयुक्त हथियारों की तलाश के लिए आसपास के क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से बातचीत कर हर पहलू की जानकारी ली।

उन्होंने बताया कि घटना गंभीर है। जिन पर आरोप है उनकी तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की जाएगी। घटना से जुड़े सभी बिंदुओं पर जांच जारी है।

## यूपी कैबिनेट की बैठक : ऑपरेशन सिंदूर में सेना के शौर्य की सराहना की, कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को दी मंजूरी

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी कैबिनेट ने बृहस्पतिवार को कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी है। प्रदेश में सीड पार्क बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इससे करीब 15000 लोगों को रोजगार मिलेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को सराहा गया और प्रशंसा की गई। इसके अलावा कैबिनेट ने कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

बैठक के बाद फैसलों की जानकारी देते हुए यूपी सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि यूपी में बीजों के प्रसंस्करण के लिए चौधरी चरण सिंह के नाम पर सीड पार्क बनेगा। इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इसके तहत 270 लाख हेक्टेयर पर खेती की जाएगी।

प्रदेश के लिए लिए 70 लाख कुंतल बीज की जरूरत है। अभी यूपी में 40 लाख कुंतल बीज का ही उत्पादन हो रहा है। 10 क्लाइमेट जोन में स्थापित किए जाएंगे। पहला अटारी पार्क होगा। इसमें 270 करोड़ का खर्च आएगा। सीड पार्क में हाईब्रिड सीड बनेगा। इससे डेढ़ गुना उत्पादन बढ़ेगा।

6500 करोड़ बीज पर खर्च होंगे। सीड उत्पादक कंपनियों को लीज पर जमीन दी जाएगी। इससे 15000 लोगों को रोजगार मिलेगा। अभी 3500 करोड़ का ही उत्पादन हो रहा है। 36 कंपनियों ने रुचि जाहिर की है। बड़ी कंपनियों के आने का रास्ता खुलेगा।

बैठक में नगर विकास विभाग के प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। यह योजना 2016 से भारत सरकार के सहयोग से चल रही है। अमृत एक योजना में 328 कार्य दिए गए थे। 307 हो गए हैं 60 निकायों में। दूसरे चरण में 529 काम दिए गए थे।



यूपी दुग्धशाला विकास एवं उत्पादन नीति को मंजूरी दुग्ध आधारित उद्योगों की स्थापना को मंजूरी दी। इसमें छोटे निवेशक आयेंगे। खाद्य प्रसंस्करण में पांच करोड़ का अनुदान दिया गया है। नई दुग्ध इकाई में 35 फीसदी तक की सुविधा होगी। अब बड़े निवेशक आयेंगे। कई मद में अनुदान दिया जाएगा।

वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सभा में प्रधान का मानदेय आदि पर खर्च को लेकर ग्राम सभा को मिलने वाला फंड कम पड़ जाता है। ग्राम सभाएं अपनी आय बढ़ाएं। जो ग्रामसभा जितना आय करेगी उसका पांच गुना बजट दिया जाएगा। इसके लिए सौ करोड़ की व्यवस्था बजट में है। अगर कोई व्यक्ति बरातघर बनवाता है तो 60 फीसदी धनराशि दान से और 40 फीसदी सरकार के देने का प्रावधान है। 60 से ज्यादा ग्राम पंचायतों में बारातघर बनेंगे।

नागरिक उड्डयन निदेशालय में संविदा कर्मचारियों के वेतन का पुनर्निधारण किया गया। उन्हें सातवें वेतनमान का लाभ नहीं मिल पा रहा था। 18 पायलट हैं और अन्य 150 से ज्यादा पद हैं। पायलट ज्यादा पैसे की वजह से छोड़ कर जा रहे हैं।

## माफिया अतीक से मुक्त कराई गई जमीन पर कब्जे मामले में इंस्पेक्टर सस्पेंड, विभागीय जांच के आदेश

**प्रयागराज, एजेंसी।** माफिया अतीक के कब्जे से मुक्त कराई गई जमीन पर लगे कुर्की संबंधी बोर्ड को उखाड़कर फेंकने और फिर बाउंड्री बनाकर प्लाटिंग करने के मामले में एयरपोर्ट थाने के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार सिंह (आब्जर्वर) को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही विभागीय जांच भी बैठाई गई है। पुलिस की जांच में पता चला है कि जमीन पर कब्जा करने का 'खेल' तत्कालीन आब्जर्वर की मिलीभगत से हुआ था, जिसकी जांच रिपोर्ट के आधार पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। माफिया अतीक अहमद ने कुछ साल पहले राजमिस्त्री हुबलाल के नाम पर गरीब किसानों को डरा–धमकाकर जमीन गौसपुर कटहुला में जमीन लिखवाई थी। माफिया की मौत के बाद हुबलाल सामने आया तो अतीक की बेनामी संपत्ति का पता चला था। तब करीब साढ़े 12 करोड़ रुपये की प्रापर्टी को गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किया गया। साथ ही प्रापर्टी को राज्य सरकारी में निहित कराने की कार्यवाही हुई थी। कुर्क की गई जमीन की देखरेख करने के लिए तत्कालीन थाना प्रभारी एयरपोर्ट अरुण कुमार सिंह को आब्जर्वर बनाया गया था, ताकि कोई भी शख्स सरकारी संपत्ति से छेड़छाड़ नहीं कर सके। लेकि इसके बाद भी हिस्ट्रीशीटर समेत अन्य लोगों ने सरकारी बोर्ड उखाड़ दिया और फिर बाउंड्री करके प्लाटिंग शुरू कर दी थी। शिकायत पर पुलिस कमिश्नर ने राजपत्रित अधिकारी से जांच कराई, जिसके बाद कार्रवाई हुई है। इससे पहले पुलिस ने कुर्क की गई जमीन पर फिर से बोर्ड लगवाया था। डीसीपी पुलसि लाइन नीरज पांडेय ने बताया कि इंस्पेक्टर पर गंभीर आरोप लगे थे, जिसकी जांच हुई थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर इंस्पेक्टर अरुण कुमार को निलंबित करते हुए विभागीय जांच बैठाई गई है।

# पीएचसी में अचानक आ धमकी टीम, डीएम के सामने खुला अस्पताल का बड़ा राज

## सीएमओ को तुरंत एक्शन के दिए निर्देश

**हापुड़, एजेंसी।** हापुड़ में कस्तला कासमाबाद स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में भ्रष्टाचार की मिली शिकायत पर बुधवार को डीएम अभिषेक पांडेय औचक निरीक्षण करने को पहुंचे।

उन्हें शिकायत मिली थी कि प्रसव के नाम पर 1500-2000 रुपये लिए जाते हैं। आशा जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए रिश्वत ले रही है। इसके बाद उन्होंने महिलाओं से जानकारी ली तो इसकी पुष्टि हुई। इस पर डीएम ने अस्पताल की एएनएम शीतल व आशा शिमला के खिलाफ कार्रवाई करने के सीएमओ को निर्देश दिए हैं। डीएम कार्यालय में कस्तला कासमाबाद गांव के एक व्यक्ति ने पीएचसी पर तैनात एएनएम शीतल की शिकायत की थी। इस शिकायत पर डीएम सीएमओ डा. सुनील कुमार त्यागी के साथ करीब तीन बजे पीएचसी केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भी वार्ता की।

ग्रामीणों ने बताया कि अस्पताल में उन्हें अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं। प्रसव कराने के लिए प्रसूता के पुरिजन से अलग से पैसे की मांग करते हैं। साथ ही गांव में तैनात आशा से यदि जन्म प्रमाण पत्र बनवाया जाता है तो उसके नाम पर 200 रुपये लिए जाते हैं। इस पर डीएम ने सीएमओ को निर्देश दिए कि एएनएम शीतल व आशा शिमला की सेवा समाप्त की जाएं। निरीक्षण करने के बाद जैसे ही डीएम चले गए तो एएनएम ने आरोप लगाया कि कुछ ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया और मारपीट की। ग्राम प्रधान प्रदीप तोमर ने बीच-बचाव करनाया। जिस पर ग्रामीणों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। इसके बाद ग्राम प्रधान ने कोतवाली में इसकी शिकायत की। इससे नाराज होकर उनके घर



40-50 लोग आ गए। उन्होंने गेट तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो पाए। अब गांव में तनाव देखते हुए पुलिस बल को तैनात कर दिया है।

डीएम डीएम बुधवार को नगर पंचायत बाबूगढ़ का भी औचक निरीक्षण करने को पहुंचे। उन्होंने पालिकाध्यक्ष सुधा देवी व सभासदों के साथ-साथ लोगों के साथ बैठक की। उन्होंने उनसे नगर पंचायत क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों को लेकर चर्चा की।

लोगों ने बताया कि काफी समय पहले सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए आदेश आए थे, लेकिन नहीं लग सके हैं। जलकल विभाग द्वारा ओवरहेड टैंक का निर्माण कराया गया था, लेकिन उसमे लीकेज है। विभाग द्वारा रास्ते भी टूटे ही छोड़े गए हैं। लोगों ने क्षेत्र में सीएचसी खुलवाने के लिए भी मांग की है। अवैध रूप से लगे होर्डिंग का भी मुद्दा उठाया गया। इसपर डीएम ने अवैध होर्डिंग हटाने के निर्देश दिए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

# छोटी सी आशा

पीएम नरेंद्र मोदी का संबोधन देश के नाम था, लेकिन इसने संदेश पूरी दुनिया को दिया। भारत ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बावजूद उसने पाकिस्तान की समझौते की गुहार मान ली, क्योंकि यह युग युद्ध का नहीं है, लेकिन यह युग आतंकवाद का भी नहीं है। एक बड़े मकसद और व्यापक हित में भारत ने शांति की राह चुनी। पहले से ही युद्धों में उलझे विश्व के लिए हिंदुस्तान का कदम आशा की बहुत बड़ी किरण है। पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान भारत ने अद्भुत संयम का परिचय दिया। लड़ाई आतंकवाद के खिलाफ थी और भारतीय सेनाओं ने उसे ही लक्ष्य किया। पीएम मोदी ने अपने संबोधन से साफ कर दिया कि आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखा जाएगा। शांति का एकमात्र रास्ता यही है कि पाकिस्तान को अपने टेरर इंफ्रा का सफाया करना होगा। पड़ोसी देश से अब बात होगी तो आतंकवाद और पीओके पर। पीएम नरेंद्र मोदी ने विकसित और शक्तिशाली भारत की बात की है। देश के सामने सबसे बड़ा लक्ष्य यही है। 2047 तक विकसित मुल्क बनने के लिए पूरी जी-जान लगाकर दौड़ना होगा। क्षेत्रीय अस्थिरता इसमें बड़ी बाधा है, और भारत ने फिलहाल इसका इलाज कर दिया है। पाकिस्तान तक सख्त संदेश पहुंच चुका है। इस टकराव के आगे न बढ़ने और भारत के फिर से अपने लक्ष्य की ओर चलने से ग्लोबल जियो पॉलिटिक्स में नई आशा जगी है। इसी तरह की एक और आशा है अमेरिका और चीन के बीच जारी टैरिफ वॉर का टल जाना, भले ही अभी केवल 90 दिनों के लिए ही। डॉनल्ड ट्रंप की रेसिप्रोकल टैरिफ पॉलिसी के चलते दोनों देश एक नए ट्रेड वॉर की तरफ बढ़ चले थे। इससे पूरी ग्लोबल इकॉनमी तनाव में थी, भारत भी। अब जब बात हुई है, तो आशा है कि आगे कोई बेहतर हल भी निकल आएगा। एक और सकारात्मक खबर यह भी रही कि तीन साल से ज्यादा समय से युद्ध में उलझे रूस और यूक्रेन में सुलह हो सकती है। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से ही इसे लेकर उम्मीदें जग गई थीं और अब गुरुवार को तुर्किये में दोनों देशों के बीच पहली बार सीधी बातचीत होने जा रही है। यूक्रेन युद्ध, टैरिफ वॉर और भारत-पाक तनाव ने दुनिया को गंभीर संकट में डाल दिया था।

# विराट और रोहित के संन्यास से क्रिकेट का एक युग समाप्त

(आदर्श प्रकाश सिंह)

विराट कोहली से सचिन तेंदुलकर के सौ शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ने की उम्मीद की जा रही थी। पर, अब ऐसा नहीं होगा। अपने 14 साल के कॅरियर में कोहली ने 123 टेस्ट खेले और कुल 9,230 रन बनाए। उनके नाम 30 शतक और 31 अर्ध शतक है। देश के दो प्रमुख क्रिकेटरों ने टेस्ट मैचों से संन्यास का ऐलान कर दिया है। इससे भारतीय क्रिकेट के एक युग का समापन हो गया है। कप्तान रोहित शर्मा के बाद 12 मई को पूर्व कप्तान विराट कोहली ने भी टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। भारत की ओर से अब ये दोनों केवल वनडे मैच खेलेंगे। अगले महीने भारतीय टीम को इंग्लैंड दौरे पर जाना है। वहां 20 जून से पांच टेस्ट मैचों की सीरीज आरंभ होगी। इस लिहाज से इसे एक झटका कहा जा सकता है। दो अनुभवी खिलाड़ियों की गैर हाजिरी से टीम के जीतने की संभावना क्षीण हो जाएगी। इंग्लैंड की धरती पर उन्हें हराना कठिन चुनौती है। विराट उम्र में रोहित से दो साल छोटे हैं इसलिए उनसे अभी ऐसी उम्मीद नहीं थी। बीसीसीआई ने उनसे अपना फैसला बदलने के लिए भी कहा लेकिन विराट नहीं माने। वह इंग्लैंड दौरे के बाद यह निर्णय करते तो ज्यादा उचित होता। पर, रिटायरमेंट किसी भी खिलाड़ी का निजी फैसला होता है। इन दोनों ने जून 2024 में टी?20 विश्व कप जीतने के बाद एक साथ ही टी?20 फार्मेट से संन्यास लेने की घोषणा की थी। अब टेस्ट मैच को इन्होंने लगभग एकसाथ ही अलविदा कह दिया है। विराट कोहली से सचिन तेंदुलकर के सौ शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ने की उम्मीद की जा रही थी। पर, अब ऐसा नहीं होगा। अपने 14 साल के करियर में कोहली ने 123 टेस्ट खेले और कुल 9,230 रन बनाए। उनके नाम 30 शतक और 31 अर्ध शतक है। टेस्ट में 7 दोहरा शतक जड़ने वाले वे इकलौते भारतीय और दुनिया के एकमात्र कप्तान हैं। 254 नाबाद उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। उन्होंने 68 टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी की जिसमें से 40 में जीत हासिल की। पिछले साल जब न्यूजीलैंड से भारत 3?0 से टेस्ट सीरीज

*हिटमैन के रूप में हुए चर्चित रोहित शर्मा पर सीमित ओवरों के मैच के बढ़िया खिलाड़ी का ठप्पा लग चुका था। उन्होंने वनडे मैचों में दनादन पारियां खेलीं। 50 ओवर के मैच में दो दोहरे शतक बनाकर सुर्खियां बटोरी। वर्ष 2019 के वनडे विश्व कप में वह जबर्दस्त फार्म में थे। चार शतक उनके बल्ले से निकले। उनके शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम अंक तालिका में टॉप पर थी।*

हारा तब विराट कोहली और कप्तान रोहित की खूब आलोचना हुई थी। ऑस्ट्रेलिया दौरे के पहले टेस्ट मैच में विराट ने पर्थ में शतक लगाकर अच्छा संकेत दिया था लेकिन बाद के मैचों में उनकी फार्म फिर गड़बड़ रही। भारत यह सीरीज हार कर स्वदेश लौटा। वनडे में उनके 50 से अधिक शतक हैं। एक शतक टी?20 में है। सौ का आंकड़ा बहुत दूर नहीं था। मैदान पर विराट की आक्रामक मुद्रा टीम में जोश भरने के लिए काफी है। टेस्ट मैचों में पिछले कुछ वर्षों से विराट और रोहित दोनों का प्रदर्शन उतार पर था। विराट ने टेस्ट क्रिकेट में दस हजार रन पूरे करने से पहले ही संन्यास ले लिया। रोहित का निर्णय अप्रत्याशित नहीं कप्तान रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का निर्णय अप्रत्याशित नहीं कहा जा सकता लेकिन विराट ने सबको चौंका दिया है। वह मौजूदा आईपीएल में भी उम्दा खेल दिखा रहे हैं। दो माह पहले दुबई में चैम्पियंस ट्राफी में उन्होंने पाकिस्तान के विरुद्ध शतक भी लगाया था। उम्मीद थी कि वह अभी दो?तीन साल और खेलेंगे। अब हम इन दोनों को वनडे में ही खेलते देख सकेंगे। इस खेल के लंबे प्रारूप में रोहित प्रदर्शन उतार?चढ़ाव वाला रहा है। 38 साल के रोहित पर उम्र का असर दिख रहा है। वर्ष 2024 में उनका प्रदर्शन बहुत निराशाजनक रहा। उनकी कप्तानी में भारत ने अपने घर में ही न्यूजीलैंड से तीन टेस्ट मैचों की सीरीज गंवाई। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की बार्डर?गावस्कर टेस्ट सीरीज में भी भारत को पराजय स्वीकार करनी पड़ी। हालत यह थी कि अंतिम टेस्ट मैच में कप्तान रोहित को खुद बाहर बैठना पड़ा। उनकी जगह जसप्रीत बुमराह ने कप्तानी की। कोच गौतम गंभीर से विवाद की खबरें भी सामने आईं। रोहित के नेतृत्व पर सवाल उठने लगे। उनसे संन्यास लेने की मांग की जाने लगी। खैर, अब जब रोहित ने टेस्ट मैच से हटने का फैसला किया है तो बीसीसीआई को नए कप्तान की तलाश करनी होगी। जून में भारतीय टीम को पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने इंग्लैंड का दौरा करना है। इसी के साथ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अगले सत्र की शुरुआत हो जाएगी। रोहित शर्मा टी-20 से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। अब वह केवल वनडे मैच खेलते नजर आएंगे। जून 2024 में टी?20 विश्व कप जीतने के बाद उन्होंने इस प्रारूप से संन्यास लेने का ऐलान किया था। उनके साथ विराट कोहली और रवींद्र जडेजा ने भी देश की ओर से टी?20 नहीं खेलने का निर्णय किया था। रोहित ने 2007 के टी?20 विश्व कप से अपना अंतरराष्ट्रीय करियर आरंभ किया था। मगर, टेस्ट मैचों में उन्हें जगह देर से मिली। 2013 में जब वेस्ट इंडीज की टीम भारत आई तब रोहित को टेस्ट टीम में शामिल किया गया। पहले वह मध्य क्रम में खेलते थे। बाद में सलामी बल्लेबाज की भूमिका में आ गए। रोहित ने कुल 67 टेस्ट खेले जिसमें 12 शतक और 18 अर्ध शतक के साथ 4301 रन बनाए। पांच दिन के मैचों में 212 उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। यह आश्चर्य की बात है कि रोहित जैसा बड़ा खिलाड़ी सौ टेस्ट भी नहीं खेल पाया। ये आंकड़े उनके कद के अनुरूप नहीं हैं। विराट कोहली ने जब 2021 में कप्तानी छोड़ी तो रोहित शर्मा को यह जिम्मेदारी दी गई। वह सभी फार्मेट में कप्तान बने। बतौर कप्तान रोहित ने 24 टेस्ट मैच खेले जिसमें 12 जीते और 9 में पराजय मिली। इस दौरान उनका औसत 30.58 का रहा। हिटमैन के रूप में हुए चर्चित रोहित शर्मा पर सीमित ओवरों के मैच के बढ़िया खिलाड़ी का ठप्पा लग चुका था। उन्होंने वनडे मैचों में दनादन पारियां खेलीं। 50 ओवर के मैच में दो दोहरे शतक बनाकर सुर्खियां बटोरी। वर्ष 2019 के वनडे विश्व कप में वह जबर्दस्त फार्म में थे। चार शतक उनके बल्ले से निकले। उनके शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम अंक तालिका में टॉप पर थी। दुर्भाग्य से सेमी फाइनल में न्यूजीलैंड से हार कर भारत खिताबी दौड़ से बाहर हो गया। टी?20 और वनडे में रोहित की धुंआधार बल्लेबाजी से उनका नाम 'हिटमैन' पड़ गया। उन्होंने 273 वनडे मैचों में 11,186 रन बनाए। इसमें 264 उनका सर्वोच्च स्कोर है। 2023 के वनडे विश्व कप में रोहित कप्तान थे। हमारी टीम ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन फाइनल में कंगारू टीम से हार गए। अब लगता है कि वह अगला वनडे विश्व कप 2027 खेल कर इस फार्मेट से भी संन्यास ले लेंगे। तब तक वह 40 साल के हो जाएंगे।

# आपरेशन सिंदूर की सफलता पर सभी ने सेना का समर्थन किया

जब भी कोई संकट की घड़ी आती है, तो पूरा देश एकजुट हो जाता है। पहलगाम हमले के बाद एक ओर नागरिकों का आक्रोश सामने आया, तो दूसरी ओर वे पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई के मुद्दे पर सरकार और सेना के साथ खड़े दिखे। वहीं सभी राजनीतिक दल भी अपने मतभेद भुला कर आगे आए। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव और सैन्य कार्रवाई के लिए बढ़ते दबाव के बीच सहमति की सकारात्मक तस्वीर दिखी। इससे स्पष्ट है कि देश के सभी दल राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर एक हैं।'आपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में गुरुवार को सभी दलों ने न केवल सरकार का समर्थन किया, बल्कि सशस्त्र बलों के प्रति भी एकजुटता दिखाई। इससे पूरी दुनिया को संदेश गया है कि भारत आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा और इस मसले पर अब सख्ती से पेश आएगा। इस लिहाज से देखें तो सर्वदलीय बैठक से एक व्यापक राष्ट्रीय सहमति भी बनी है। इसमें सभी दलों ने सुरक्षा संबंधी अपनी चिंता जरूर जताई, लेकिन किसी भी बहस से दूर रहे। यह भारतीय राजनीति की परिपक्वता का परिचायक है।सर्वदलीय बैठक इस मायने में भी महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें सरकार ने 'आपरेशन सिंदूर' से संबंधित कई जानकारियां साझा कीं। रक्षा मंत्री ने सुरक्षा चिंताओं को तरजीह देते हुए आश्वस्त किया कि पाकिस्तान के किसी भी सैन्य हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। सरकार बड़ा कदम उठाने से पहले जिस तरह पूरे देश को, खासकर विपक्ष को साथ लेकर चल रही है, उससे साबित होता है कि वह पड़ोसी देश द्वारा फैलाए गए आतंकवाद को समूल नष्ट करना चाहती है और कड़ी कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है।यह बिल्कुल स्वाभाविक है कि भारत अब आर-पार के लिए तैयार है।

# पाकिस्तान में पनप रहे गृह युद्ध के हालात?

(सुरेश हिंदुस्तानी)

जब पाकिस्तान में इमरान खान की सरकार थी, तब यही कहा जाता है कि इमरान को सेना और आतंकियों का समर्थन मिला था। आज इमरान की पार्टी विपक्ष में है। इसलिए उनकी पार्टी के कार्यकर्ता सरकार के विरोध में वातावरण बनाने में लगे हुए हैं। पहलगांव में घटित आतंकी घटना के बाद भारत की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई से एक बार फिर से पाकिस्तान हताश और निराश दिखाई दिया। इसी हताशा के चलते पाकिस्तान ने अमेरिका के समक्ष मिन्नत करके भारत की जबरदस्त कार्यवाही को युद्ध विराम में परिवर्तित करने में सफलता प्राप्त की। लेकिन इससे पाकिस्तान पर मंडरा रहे संकट का पूरा समाधान नहीं निकल सका है। भारत की ओर से स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। आतंक और वार्ता एक साथ नहीं हो सकती। इसका आशय स्पष्ट है कि भारत किसी के दबाव में नहीं है। आतंक को समाप्त करने के लिए उसका अभियान जारी रहेगा। हालांकि अब युद्ध विराम हो गया है, लेकिन चारों तरफ से बुरी तरह से घिर चुके पाकिस्तान के सामने अब नई चुनौती पैदा हो गई है। यह नई चुनौती भारत ने नहीं, बल्कि उनके अपनों ने ही पैदा की है। पाकिस्तान की शहबाज शरीफ की सरकार को राजनीतिक विरोधियों के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है, वहीं आम जनता भी सरकार के युद्ध विराम के फैसले से नाखुश है। आम जनता अपनी ही सरकार और सेना पर कई प्रकार के सवाल खड़े करने लगी है। कहा जाता है कि जब धुआं उठा है तो आग भी अपना रूप दिखा सकती है। वैसे पाकिस्तान के बारे में यह सत्य है कि उसने अपने ही देश में बारूद के ढेर स्थापित कर दिए हैं। यह बारूद के ढेर आतंकी सरगनाओं द्वारा चल रहे प्रशिक्षण शिविर हैं। जहां आतंकी पैदा किए जाते हैं। आज जहां पूरे विश्व में आतंक के विरोध में वातावरण है, वहीं पाकिस्तान आतंकियों को पालने और पोषने वाले देश के रूप में पहचान बना चुका है। यह कई बार प्रमाणित भी हो चुका है। आज भी पाकिस्तान के अंदर अंतरराष्ट्रीय आतंकी तौर पर घोषित आतंकी छिप कर बैठे हैं। भारत ने आपरेशन सिन्दूर के तहत जिस तरह से आतंकी शिविरों पर आक्रमण किया था, उससे एक बार फिर यह सिद्ध हो चुका है कि पाकिस्तान में आतंकवादियों को पैदा करने के उद्योग चल रहे हैं। पाकिस्तान को आतंक के विरोध में कार्यवाही करने के लिए कई बार चेतावनी दी गई, लेकिन पाकिस्तान सरकार आतंकियों के विरोध में कोई ठोस अभियान नहीं चलाती। इसका कारण यह भी है कि पाकिस्तान की राजनीति को आतंकी ही संचालित करते हैं। आतंकियों द्वारा कई बार सरकार को बनाने के लिए राजनीतिक दलों का समर्थन भी दिया जाता है। जब पाकिस्तान में इमरान खान की सरकार थी, तब यही कहा जाता है कि इमरान को सेना और आतंकियों का समर्थन मिला था। आज इमरान की पार्टी विपक्ष में है। इसलिए उनकी पार्टी के कार्यकर्ता सरकार के विरोध में वातावरण बनाने में लगे हुए हैं। पाकिस्तान के अंदर राजनीतिक विद्वेष इतना है कि जो भी राजनीतिक दल सत्ता में आता है, वह अपने पूर्ववर्ती सत्ता प्रमुख को ठिकाने लगाने को ही अपना प्रमुख कार्य मानता है। अभी शहवाज शरीफ प्रधानमंत्री हैं, उन्होंने अपने से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर कई आरोप लगाकर जेल भेजने का काम किया। पाकिस्तान में ऐसा पहली नहीं हुआ। ऐसा पहले भी हो चुका है। इसलिए यही कहा जा सकता है कि यह पाकिस्तान की नियति बन चुका है। जिसके कारण पाकिस्तान के राजनीतिक दलों में बहुत गंभीर मतभेद हैं। आज पाकिस्तान में भले ही पाकिस्तान मुस्लिम लीग के नेता शहवाज शरीफ प्रधानमंत्री हैं, लेकिन पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो भी सरकार में शामिल हैं। कभी एक दूसरे के धुर विरोधी रहे यह दोनों दल बेमेल गठबंधन करके पाकिस्तान में सरकार चला रहे हैं। ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि इन दोनों दलों का एक ही उद्देश्य था।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5732

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 4 | 2 | | | | |
| 8 | | 4 | 9 | | | | 7 | 3 |
| 3 | | | | | | 4 | 5 | |
| | | | 8 | 7 | | | 9 | |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | 3 | | | 6 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | 7 |
| 9 | 6 | | | | 5 | 8 | | 2 |
| | | | | 3 | 9 | | | 4 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5731

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 6 | 2 | 4 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 |
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 2 | 5 | 3 | 6 |
| 8 | 4 | 9 | 1 | 6 | 7 | 3 | 5 | 2 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 9 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 8 | 1 | 6 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 |
| 6 | 7 | 4 | 3 | 2 | 8 | 9 | 1 | 5 |

## वर्ग पहेली 5732

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | ■ | 9 | |
| ■ | 10 | 11 | ■ | 12 | 13 | | ■ |
| 14 | | | 15 | ■ | | ■ | 16 |
| ■ | 17 | | | ■ | 18 | 19 | |
| 20 | | ■ | 21 | | | | ■ |
| 22 | | 23 | | ■ | ■ | ■ | 24 |
| ■ | 25 | | | | ■ | 26 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. इस देश में स्थित तांबे की विश्व कीसबसे बड़ी खान है (2)
3. पक्षी विहार के लिए प्रसिद्ध यह स्थान राजस्थान में स्थित है (5)
7. वृक्ष का वह भाग जिसमें डालियां नहीं होती (2)
8. अलक, जुल्फ (2)
9. बटन का घर, कारण (2)
10. चंद्रमा का अपभ्रंश (2)
12. अद्‌भुत, अनोखा, विचित्र (3)
14. दुश्मनी, बैर, शत्रुता (4)
17. राष्ट्र, देश, मुल्क (3)
18. ग्रेटर एंटीलीज पर स्थित एक द्वीप राष्ट्र है जिसकी राजधानी किंग्सटन है (3)
20. उतना भोजन जितना एक बार मुंह में डाला जाए, निवाला (2)
21. बदलवाना, बदले का काम दूसरे से कराना (4)
22. अभिप्राया, मतलब (4)
25. प्रस्थान होने की क्रिया, प्रयाण, गमन (4)
26. एक पेय पदार्थ जो देव और दानव दोनों को प्रिय था, चंद्रमा का एक नाम (2)

**ऊपर से नीचे**
1. धराशायी, उत्तान, अपृष्ठाशायी (2)
2. किशोर कुमार की अभिनेत्री पत्नी (8)
3. कल्याणकारी, सज्जन, छलहीन (2)
4. आमोद यात्रा करना, तल्लीन होना (3)
5. बुलावा, नसीम-चंद्रमोहन सोहराब मोदी की हिट फिल्म (3)
6. धूल, गर्द, पराग के कण (2)
11. न्योता, निमंत्रण (3)
13. किसी के चित्त या मन का कष्ट पहुंचा हो (4)
15. यह गोविंदा अभिनीत पहली फिल्म थी (5)
16. ख्याति, नगाड़ा, धौंसा (2)
19. काले रंग की प्रसिद्ध चिड़िया (2)
20. जाति, वर्ण, नसल, वंश, समाज (2)
23. एक में चौथाई ओर जोड़कर (2)
24. इटली का यह शहर सात पहाड़ियों का नगर कहलाता है, देह के बाल, रोआं (2)

### वर्ग पहेली 5731 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दु | ब | ई | ■ | अ | मे | रि | का |
| का | ल | का | ■ | ब | ल | वा | न |
| न | ■ | रां | झा | ■ | ■ | ज | न |
| दा | व | त | ■ | ज | स्ता | ■ | दे |
| र | न | ■ | का | का | ■ | ले | ना |
| ■ | स्प | र्श | क | र्ता | ■ | न | ■ |
| र | ति | ■ | पि | ■ | खु | दा | या |
| थ | ■ | प | ट | ना | ■ | र | म |

# आज का राशिफल

### मेष
आज दिन नई उपलब्धियों से भरपूर रहेगा। करियर में आगे बढ़ने के लिए अनुकूल अवसर प्राप्त होंगे, खासकर प्रतियोगी क्षेत्र या सरकारी सेवाओं से जुड़े लोग लाभ में रहेंगे। जो लोग नौकरी में बदलाव चाह रहे हैं, उन्हें शुभ समाचार मिल सकता है। व्यापारियों को रुके हुए सौदे में लाभ मिलेगा। आर्थिक दृष्टि से दिन मध्यम है।

### वृष
आज किसी महत्त्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। व्यापार में अचानक कोई बड़ा ऑर्डर प्राप्त हो सकता है नौकरी में किसी महिला सहकर्मी के सहयोग से कार्य में गति आएगी। वाहन चलाते समय सतर्क रहें और अनावश्यक खर्च से बचें। शाम को किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात भविष्य के लिए उपयोगी साबित हो सकती है।

### मिथुन
आज दिन घरेलू शांति और पारिवारिक सुख में बीतेगा। आय में वृद्धि के संकेत हैं और अटके हुए धन की प्राप्ति संभव है। नौकरीपेशा लोगों को वरिष्ठ अधिकारियों से सहयोग मिलेगा, जिससे प्रमोशन की संभावना बढ़ेगी। व्यापार में कोई नया समझौता लाभदायक रहेगा।

### तुला
आज दिन अत्यंत लाभकारी रहेगा। ग्रहों की अनुकूलता से करियर में तेजी से प्रगति होगी। उच्च पद प्राप्ति का योग है और बड़े अधिकारियों से प्रशंसा मिलेगी। शेयर बाजार या निवेश से लाभ हो सकता है

### वृश्चिक
आज दिन सामाजिक कार्यों में बीतेगा। करियर में कुछ उतार-चढ़ाव रह सकते हैं, लेकिन आप अपनी सूझबूझ से स्थिति को संभाल लेंगे। व्यापार में खर्च अधिक रहेगा लेकिन आने वाले

### कर्क
आज दिन व्यस्तताओं से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई चुनौतियां आएंगी लेकिन आप अपने कौशल से उन्हें पार करेंगे। व्यापार में आय की वृद्धि के संकेत हैं। परिवार में किसी सदस्य की सेहत चिंता का विषय हो सकती है, जिससे खर्च बढ़ सकता है। निवेश से जुड़े निर्णयों में विशेषज्ञ की सलाह लें। शाम को मनचाही वस्तु की प्राप्ति से आनंद की अनुभूति होगी।

### सिंह
आज अपने कामकाज में प्रगति मिलेगी। नौकरी में पदोन्नति के योग बन रहे हैं और व्यापारी वर्ग को भी अच्छा लाभ होगा। मानसिक रूप से प्रसन्न रहेंगे और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अचल संपत्ति से संबंधित कार्यों में सफलता मिलेगी। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिल सकता है। धन की स्थिति संतुलित रहेगी, फिजूलखर्ची से बचने का प्रयास करें।

### कन्या
आज व्यापार और नौकरी दोनों क्षेत्रों में उन्नति मिलेगी। किसी बड़े प्रॉजेक्ट की शुरुआत हो सकती है। आर्थिक रूप से मजबूती का अनुभव करेंगे और रुकी हुई पेमेंट मिल सकती है। घरेलू खर्च बढ़ सकते हैं लेकिन आय के स्रोत भी मजबूत रहेंगे।

### मकर
आज नौकरी व शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। धन संबंधी मामलों में कोई रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। कोई नया व्यवसायिक प्रस्ताव आएगा जो भविष्य में लाभ दे सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें

### कुंभ
आज अपने करियर और व्यापार में नई दिशा मिलेगी। सरकारी योजनाओं से लाभ हो सकता है या किसी कानूनी मामले में जीत संभव है। परिश्रम का पूर्ण फल मिलेगा। ध्यान रहे कि आज किसी से उधार लेने या देने से बचें अन्यथा

# आज का राशिफल

### मेष
आज दिन करियर में आपके लिए प्रगति लेकर आ सकता है। यदि आप किसी लीडरशिप रोल में हैं, तो आपके फैसले की सराहना होगी। टीम में आपकी सक्रियता और आत्मविश्वास से माहौल सकारात्मक रहेगा। जो लोग प्रमोशन या नई जिम्मेदारियों की प्रतीक्षा में थे, उन्हें सकारात्मक संकेत मिल सकते हैं। आर्थिक रूप से रुका हुआ पैसा वापस आने की संभावना है।

### वृष
आज कार्यस्थल पर दबाव महसूस होगा और आपका काम काम में मन नहीं लगेगा। खासकर यदि आप किसी महत्वपूर्ण डेडलाइन पर काम कर रहे हैं तो सहयोगियों या वरिष्ठों से अपेक्षित समर्थन नहीं मिलने के कारण निराशा हो सकती है, लेकिन धैर्य रखें। आज की प्लानिंग भविष्य में फायदेमंद साबित होगी। आर्थिक मोर्चे पर खर्च अधिक हो सकता है।

### कर्क
आज दिन प्रफेशनल रूप से बेहद व्यस्त रहेगा लेकिन आपकी योजना और समय प्रबंधन से सब कुछ कंट्रोल में रहेगा। यदि आप मल्टीटास्किंग या क्लाइंट सर्विस से जुड़े क्षेत्र में हैं, तो जबरदस्त सफलता मिलने की संभावना है। करियर में कोई नई दिशा या प्रस्ताव आ सकता है जो भविष्य में उन्नति देगा। आर्थिक दृष्टि से यह दिन काफी अनुकूल है।

### सिंह
आज दिन लाभ और तरक्भोपाल, शुक्रवार, 16 मई 2025की से भरा होगा। ऑफिस में आपके योगदान को सराहना मिलेगी और आपको एक नई जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है, जो आपके करियर को अगले स्तर पर ले जाएगी। यदि आप किसी गवर्नमेंट सेक्टर या प्रशासनिक सेवा से जुड़े हैं तो कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**



# कच्चे आम के बेशकीमती लाभ

## इस मौसम में जरूर फायदा उठाएं

**गर्मियों में कच्चे और पके आम की भरपूर आवक होती है और इन दोनों के अपने अलग फायदे हैं। कच्चे आम की चटनी हो या पना, गर्मी के मौसम में स्वाद और सेहत दोनों के लिए बेहद लाभदायक है। जानिए कच्चे आम यानि कैरी के यह 7 बेहतरीन फायदे**

- कच्चे आम का प्रयोग सिर्फ भोजन को स्वादिष्ट बनाने के लिए ही नहीं बल्कि स्वस्थ रहने के लिए भी किया जा सकता है। कच्चे आम के सेवन से रक्त संबंधी विकारों से बचा जा सकता है।
- अगर आपको एसिडिटी, गैस या अपच जैसी समस्या हो रही हैं, तो कच्चे आम का सेवन आपके लिए काफी लाभदायक होगा। यह कब्ज और पेट के सभी विकारों से निपटने में आपकी मदद करेगा।
- ऊल्टी आना या फिर जी मचलाने की समस्या में कच्चे आम का काले नमक के साथ सेवन करना आपको निजात दिला सकता है। कुछ ही देर में यह आपको सामान्य महसूस कराने में मदद करेगा।
- कच्चे आम का नियमित सेवन कर न केवल आप अपने बालों को काला बनाए रख सकते हैं, बल्कि बेदाग और दमकती हुई त्वचा आसानी से पा सकते हैं। इससे त्वचा में कसाव भी बना रहता है।
- शुगर की समस्या होने पर इसका प्रयोग आपके शुगर लेवल को कम करने में बेहद सहायक होगा। इसका प्रयोग कर आप शरीर में आयरन की पूर्ति भी आसानी से कर सकते हैं।
- इसमें विटामिन सी अच्छी खासी मात्रा में मौजूद है, जो आपकी खूबसूरती का ध्यान तो रखता ही है, रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी इजाफा करता है। इसक प्रयोग आंखों के लिए भी फायदेमंद है।
- अगर आपको अत्यधिक पसीना आता है, तो कच्चे आम का पना या फिर किसी भी रूप में इसका प्रयोग आपकी इस समस्या को आसानी से दूर करने में कारगर साबित होगा।



## हेल्दी स्नैक्स भी बढ़ा सकते हैं कोलेस्ट्रोल

# मिसलीडिंग फूड लेबल्स ऐसे करते हैं स्वास्थ्य को प्रभावित

**हम लोग हेल्दी फूड्स समझकर कुछ ऐसी चीजें ले लेते हैं, जो हमारी हेल्थ को नुकसान पहुंचा सकते हैं। आइए आपको बताएं कि मिसलीडिंग फूड लेबल्स कैसे आपके स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं।**

आज के समय में, लोग काफी-ज्यादा हेल्थ कॉन्शियस हो रहे हैं। वे लोग बाजार से ऐसी चीजें लेना पसंद करते हैं, जिनके लेबल में No Sugar, Low Fat or No Cholesterol जैसे क्लेम होते हैं। ये फूड लेबल हमारी डाइट्री चॉइस में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मगर क्या आपको पता है कि ये लेबल्स कितने भ्रामक हो सकते हैं। ऐसे क्लेम करने वाले फूड लेबल्स असल में स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। सभी लेबल समान नहीं होते हैं। नो शुगर और लो फैट जैसे शब्दों का इस्तेमाल अक्सर उत्पादों को स्वस्थ विकल्पों के रूप में बेचने के लिए किया जाता है, लेकिन ये दावे सच को सकते हैं। न्यूट्रिशनिस्ट ने इस बारे में काफी बढ़िया जानकारी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। आइए आपको बताएं कि इन क्लेम का सच क्या होता है।

### लो फैट फूड का सच



वजन को मेनटेन या कम करने वाले लोग अक्सर ऐसे फूड्स की तलाश करते हैं, जिनमें लो फैट होता है। हालांकि, ये लो फैट फूड्स में हाई कैलोरी हो सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि इनमें शुगर डाली जाती है और रिफाइन्ड आटे का इस्तेमाल होता है। फैट को हटाने पर स्वाद प्रभावित हो सकता है, इसलिए निर्माता अक्सर शुगर या रिफाइन्ड कार्बोहाइड्रेट मिलाते हैं। ये ऐडेड शुगर वजन, टाइप 2 मधुमेह के जोखिम को बढ़ाने और अन्य मेटाबॉलिज्म संबंधी समस्याओं को जन्म दे सकती हैं।

**आवश्यक पोषक तत्व** - प्राकृतिक फैट एसेंशियल पोषक तत्वों का स्रोत है, जैसे कि विटामिन-ए, डी, ई और के, जो विभिन्न शारीरिक कार्यों के लिए महत्वपूर्ण हैं। ऐसे लो फैट फूड आइटम्स में इन पोषक तत्वों की कमी हो सकती है। इसलिए ऐसे फूड आइटम्स चुनते हुए कैलोरी कॉन्टेंट के साथ एसेंशियल न्यूट्रिएंट्स का भी ध्यान रखें।

### शुगर-फ्री क्लेम का सच



चीनी का सेवन कम से कम करने के लिए हम शुगर फ्री चीजों की ओर भागते हैं। क्या आपको इस फूड लेबल का सच पता है? डायबिटीज से पीड़ित लोगों को ध्यान में रखकर ये प्रोडक्ट तैयार किए जाते हैं, लेकिन ये असल में नुकसानदेय हो सकते हैं। इन फूड्स में फैट्स की मात्रा ज्यादा होती है। ये कैलोरी के लोड को बढ़ा देता है। शुगर-फ्री प्रोडक्ट्स में आर्टिफिशियल स्वीटनर्स या शुगर अल्कोहल होते हैं। ये सब्स्टीट्यूट भले ही ब्लड शुगर लेवल को न बढ़ाएं, लेकिव अन्य हेल्थ संबंधी समस्याओं को बढ़ा सकते हैं। कुछ शुगर अल्कोहल के कारण पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इसके लॉन्ग-टर्म इफेक्ट्स भी होते हैं।

**कैलोरिट कॉन्टेंट** - शुगर फ्री होने का मतलब यह नहीं है कि फूड आइटम्स में कैलोरी भी कम हो। ये फैट्स की भरपूर मात्रा के साथ आते हैं, इसलिए ऐसे किसी भी तरह की चीज को लेने से पहले उसके लेबल को जांचें और कैलोरिक कॉन्टेंट पर ध्यान दें।

### नो कोलेस्ट्रोल क्लेम का सच



किसी डिब्बे में नो कोलेस्ट्रोल देखकर ही मन खुश हो जाता है कि यह हेल्थ के लिए अच्छा है मगर ऐसा नहीं होता है। इसे हेल्दी हार्ट के लिए अच्छा माना जाता है। आमतौर पर प्लांट-बेस्ड ऑयल्स इसका क्लेम करते हैं, लेकिन उनमें फैट्स की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। कई सारे प्लांट-बेस्ड और प्रोसेस्ड फूड्स में ट्रांस फैट या सैचुरेटेड फैट्स का हाई लेवल हो सकता है, जो बैड कोलेस्ट्रोल को बढ़ा सकता है। इससे दिल संबंधी बीमारियां उत्पन्न हो सकती हैं।

**न्यूट्रिशन प्रोफाइल** - जरूरी है कि आप अपने प्रोडक्ट के न्यूट्रिशनल प्रोफाइल पर गौर करें। उसमें कोलेस्ट्रोल है या नहीं सिर्फ ये न देखें। हाइड्रोजेनेटेड ऑयल्स और सोडियम के हाई लेवल के कारण आपकी हेल्थ को नुकसान पहुंच सकता है।

### फूड लेबल देखते हुए ध्यान रखें ये बातें

**इंग्रीडिएंट लिस्ट पढ़ें**

फूड लेबल में इंग्रीडिएंट लेबल को गौर से पढ़ें। अनहेल्दी फैट और आर्टिफिशियल एडिटिव्स की जांच करें।

**पोषण संबंधी फैक्ट्स को एनालाइज करें**

टोटल फैट, सैचुरेटेड फैट, ट्रांस फैट, अतिरिक्त शुगर और सोडियम के बारे में जानकारी के लिए पोषण फैक्ट पैनल को पढ़कर एनालाइज जरूर करें। इससे आपको उत्पाद के ओवरऑल पोषण मूल्य के बारे में स्पष्टता से पता चलेगा।

**भाग के आकार को समझें**

लेबल अक्सर प्रति सर्विंग पोषण संबंधी जानकारी के बारे में बताते हैं। सर्विंग साइज के बारे में सावधान रहें।

अब अगर आप भी इन फूड लेबल्स को देखें, तो ध्यान रखें कि यह भ्रामक लेबल्स आपके लिए कितने हानिकारक हो सकते हैं। ऐसे किसी भी क्लेम वाले फूड को आहार में शामिल करने से पहले अपने सलाहकार से बात करें।



# सेहतमंद रहने के लिए डाइट में शामिल करें ये 5 बीज, जानें खाने का सही समय और तरीका

**सेहतमंद रहने के लिए हेल्दी डाइट बहुत जरूरी है। अगर आप न्यूट्रिएंट्स से भरपूर डाइट लेती हैं, तो बीमारियों से बची रहती हैं। हमारे किचन में भी कई ऐसे मसाले और हर्ब्स मौजूद होते हैं, जिन्हें अगर आप सही तरह से डाइट में शामिल करेंगे, तो सेहतमंद रहने में मदद मिल सकती है।**

इसके अलावा कुछ नट्स और सीड्स भी गुणों से भरपूर होते हैं। सीड्स में कई तरह के न्यूट्रिएंट्स होते हैं। महिलाओं की फर्टिलिटी, पीरियड्स और अन्य कई तरह की दिक्कतों को दूर करने में सीड्स मदद कर सकते हैं। खासकर, कुछ सीड्स तो गुणों की खान होते हैं। लेकिन, आपको इसे खाने के सही तरीके के बारे में पता होना चाहिए। यहां हम आपको 5 सीड्स और उन्हें खाने के सही तरीके व समय के बारे में बता रहे हैं।

एक्सपर्ट के मुताबिक, सौंफ के बीज सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। ये कब्ज दूर करते हैं। इनसे डाइजेशन सुधरता है और वजन कम करने में भी मदद मिलती है।

- जिन लोगों को खाने के बाद पेट में गैस या एसिडिटी होती है, उन्हें इसका सेवन जरूर करना चाहिए। लंच के बाद आप 1 चम्मच सौंफ को पानी में उबालकर पिएं।
- कद्दू के बीजों में मैग्नीशियम होता है। ये इंसुलिन सेंसिटिविटी को सुधारते हैं। ये कोलेस्ट्रॉल कम करने में भी मदद करते हैं और महिलाओं की हेल्थ के लिए काफी फायदेमंद होते हैं।
- आप मिड-मील में फल खाएं। उनके ऊपर कुछ कद्दू के बीजों को छिड़क लें।
- सूरजमुखी के बीज सेलेनियम से भरपूर होते हैं। ये एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं और इनमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। ये दिल के रोगियों के लिए फायदेमंद होते हैं। इनसे शरीर को ताकत मिलती है, कब्ज दूर होती है और बालों का झड़ना कम होता है।
- शाम के वक्त 1 टीस्पून सूरजमुखी के बीज खाएं।
- चिया सीड्स में ओमेगा-3 फैटी एसिड्स होते हैं। ये बालों और स्किन के लिए बहुत जरूरी होते हैं।
- चिया सीड्स में फाइबर, प्रोटीन और एंटी-ऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं। इनसे वजन कम होता है, शुगर कंट्रोल होती है और एजिंग के साइन्स भी कम होते हैं।
- मिड मील में 1 गिलास चिया सीड्स का पानी पिएं।
- धनिये के बीज थायराइड में बहुत फायदेमंद होते हैं। ये थायराइड फंक्शन को बूस्ट करते हैं, मेटाबॉलिज्म को सुधारते हैं और वॉटर रिटेंशन को कम करते हैं। इनसे खून की कमी भी दूर होती है। खाली पेट धनिये के बीजों की 1 कप चाय पिएं।

सेहतमंद रहने के लिए इन 5 बीजों को एक्सपर्ट के बताए तरीके से डाइट में शामिल करें। अगर आपको स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या है, तो हमें आर्टिकल के ऊपर दिए गए कमेंट बॉक्स में बताएं। हम अपने आर्टिकल्स के जरिए आपकी समस्या को हल करने की कोशिश करेंगे।




# बच्चों में डाइजेशन से जुड़ी दिक्कतें हो सकती हैं किडनी की बीमारी का संकेत, न करें नजरअंदाज

**बच्चों की सेहत का ख्याल रखना माता-पिता और घर के बड़ों की जिम्मेदारी होती है क्योंकि बच्चों को इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं होती है। इसलिए, बच्चों की हेल्थ के लिए माता-पिता पूरी तरह से सजग रहते हैं और किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतते हैं।**

बच्चों में डाइजेशन से जुड़ी दिक्कतें काफी आम होती हैं। कई बार बच्चे बाहर का खाने पर बीमार हो जाते हैं। वहीं, कई बार उनका डाइजेस्टिव सिस्टम हैवी चीजों को नहीं पचा पाता है। इसलिए, ज्यादातर पैरेंट्स, बच्चों में डाइजेशन से जुड़ी परेशानियों को आम समझते हैं। लेकिन, कई बार ये किडनी की बीमारी का संकेत हो सकती हैं। इसलिए, अगर आपके बच्चे को लंबे समय से डाइजेशन से जुड़ी दिक्कतें हैं, तो इस पर ध्यान दें।

एक्सपर्ट का कहना है कि डाइजेस्टिव सिस्टम और किडनी एक-दूसरे से कनेक्टेड होते हैं। किडनी खून से वेस्ट पदार्थों को बाहर निकालती है और शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स व पानी का बैलेंस बनाती है।

- किडनी खराब होने पर शरीर में टॉक्सिन्स जमा होने लगते हैं और इसके कारण भी डाइजेशन से जुड़ी दिक्कतें हो सरती हैं।
- कई लोग जिनका किडनी फंक्शन कमजोर होता है, उन्हें डाइजेशन से जुड़ी दिक्कतें ज्यादा परेशान करती हैं।
- अगर आपके बच्चे को लगातार उल्टी हो रही है, तो यह किडनी की परेशानी का संकेत हो सकता है।
- किडनी खराब होने पर, शरीर से गंदगी बाहर नहीं निकल पाती है और इस वजह से डाइजेस्टिव सिस्टम में इंफ्लेमेशन होता है और उल्टी आती है।
- किडनी स्टोन या इंफेक्शन की वजह से कमर के निचले हिस्से और पेट के साइड में दर्द हो सकता है।
- अगर बहुत तेज पेट दर्द हो, तो इसे नजरअंदाज न करें।
- किडनी की परेशानी होने पर डायरिया या कब्ज हो सकती है।
- किडनी फंक्शन सही न होने पर शरीर में फ्ल्यूड कंटेट में इंबैलेंस होता है और इसकी वजह से कब्ज होती है।
- बच्चे की भूख कम हो जाना या खाना खाने की इच्छा न होना भी किडनी की परेशानी का संकेत हो सकता है।
- अगर आपके बच्चे को लगातार पाचन में दिक्कत आ रही है, कमजोरी महसूस हो रही है और यूरिन के रंग में भी बदलाव है, तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लें।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### नूंह पुलिस के साथ एनकाउंटर; 3 गौ तस्करों को लगी गोली, करने जा रहे थे गाय की हत्या

**नूंह, एजेंसी।** नूंह पुलिस के साथ मंगलवार को हुई एक मुठभेड़ में तीन कथित गौ तस्करों को गोली लग गई। उनको पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जबकि तीन अन्य भागने में सफल रहे। अधिकारियों ने बताया कि तीनों आरोपियों के पैरों में गोली लगी। इससे तीनों घायल हो गए। पुलिस कांस्टेबल अजय की दाहिनी आंख पर एक तस्कर ने चाकू से हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मी और आरोपियों को इलाज के लिए नल्हड़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी गौ तस्करों के



पास से दो देशी पिस्तौल, तीन कारतूस, सात खोखे, तीन चाकू, दो कुल्हाड़ियां, एक मृत और दो जीवित गाय, दो मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पकड़े गए तस्करों की पहचान राहिल (36), ताहिर (42) और शहजाद (35) के रूप में हुई है। तीनों के पैरों में गोलियां लगी हैं। तीनों ही पचगांव गांव के निवासी हैं। आरोपियों के खिलाफ ताउरू सदर थाने में एक केस दर्ज कर लिया गया है। नूंह के उपायुक्त (डीएसपी) हरिंदर कुमार ने बताया कि एक खुफिया इनपुट के आधार पर पचगांव गांव की पहाड़ी के पास दो पुलिस टीमों ने छापेमारी की। पुलिस ने मौके पर एक गाय को रस्सियों से बंधा पाया। छह लोग गाय की हत्या करने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस की टीमों को देखकर आरोपियों ने अवैध हथियारों से गोलीबारी शुरू कर दी। इस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। पुलिस की ओर से की गई फायरिंग में 3 गौ तस्कर राहिल, ताहिर और शहजाद गोली लगने से घायल हो गए। डीएसपी ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। ताहिर और राहिल भाई हैं। दोनों ही गौ तस्करी में संलिप्त बताए जाते हैं। दोनों के खिलाफ पहले से ही पांच मामले दर्ज हैं। शहजाद के खिलाफ दो मामले दर्ज हैं। मुठभेड़ के दौरान तीन अन्य गो तस्कर भागने में सफल रहे। पुलिस की जांच में उनकी पहचान हो गई है। पुलिस ने उनकी पहचान बिलाल, शोएब और तसलीम के रूप में की है।

### बिजनौर में दो सहेलियां शादी करने के लिए जिद पर अड़ी, अनुमति लेने पहुंची थान

**बिजनौर, एजेंसी।** यूपी के बिजनौर में दो सहेलियां शादी करने के लिए जिद पर अड़ गईं। उनके घर वाले नहीं माने तो घर से भाग गईं और पुलिस के पास अनुमति लेने पहुंची। वहीं, एक लड़की की मां ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवा दी। मामला बिजनौर के अफजलगढ़ का है। दो सहेलियां साथ रहने के लिए घर छोड़कर चली गईं। तीन दिन पहले दोनो सहेलियां थाने पहुंची थी और शादी करने की



अनुमति मांगी थी। बालिग होने के चलते दोनों को पुलिस ने नहीं रोका था। अब एक युवती की मां ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है।
अफजलगढ़ थाने के गांव निवासी महिला के पति की काफी पहले मौत हो गई थी। उसकी दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी को बेटे की तरह पाला। जिसके चलते लड़की का रहन सहन लड़कों की तरह हो गया। युवती ने घर चलाने के लिए पेट्रोल पंप पर काम किया। यहां तक कि ई-रिक्शा चलाकर मां और बहन की जिम्मेदारी उठाई। इस दौरान युवती का प्रेम प्रसंग अपनी सहेली के साथ हो गया। दोनों ने साथ जीने मरने की कसमें खाईं। तीन दिन पूर्व दोनों सहेलियां अफजलगढ़ थाने पहुंच गईं और शादी करने की अनुमति मांगी।

# तुर्की के बॉयकॉट के सवाल पर कन्नी काटने लगे कांग्रेस प्रवक्ता

## भाजपा ने कसा तंज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस पार्टी की बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में तुर्की और अजरबैजान के बहिष्कार को लेकर पूछे गए सवाल पर पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश और पवन खेड़ा जवाब देने से कतराते नजर आए। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे की ओर माइक पास करते हुए सवाल को टालने की कोशिश की, जिसके बाद भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने इस मुद्दे पर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में क्या हुआ?

कांग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक पत्रकार ने तुर्की के खिलाफ भारत में बढ़ते बहिष्कार के आह्वान पर पार्टी का रुख पूछा। ये दोनों देश खुलकर पाकिस्तान का समर्थन करते दिखे थे। ऐसे में सवाल का जवाब देने के बजाय, कांग्रेस के संचार प्रभारी जयराम रमेश और मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा एक-दूसरे को माइक पास करते नजर आए। पवन खेड़ा ने आखिर में कहा, हम इस मुद्दे पर बाद में बात करेंगे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद बीजेपी ने इसे कांग्रेस की राष्ट्र-विरोधी मानसिकता का सबूत बताया।

### बीजेपी का हमला


बीजेपी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने इस घटना पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस देश के व्यापक जनभावनाओं के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ है। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, तुर्की और अजरबैजान द्वारा आतंकी देश पाकिस्तान को दिए जा रहे समर्थन से देश गुस्से में है। इन देशों के साथ व्यापार और पर्यटन का बहिष्कार करने की मांग बढ़ रही है और निजी नागरिक एकजुटता में खड़े हो रहे हैं। लेकिन कांग्रेस पार्टी खुद को भारतीय लोगों की व्यापक भावना के साथ भी नहीं जोड़ पा रही है। कोई आश्चर्य नहीं कि यह जनता से इतनी कटी हुई है। यह अपनी राजनीतिक गुमनामी और पूर्ण अलगाव की हकदार है।

### कांग्रेस का पलटवार

जवाब में, कांग्रेस ने बीजेपी पर पलटवार करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर फैसले लेना सरकार का काम है, न कि विपक्ष का। पवन खेड़ा ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, चूंकि यह सवाल बीजेपी के एक पदाधिकारी ने उठाया है, इसलिए प्रधानमंत्री कार्यालय और विदेश मंत्री एस. जयशंकर को तुरंत स्पष्ट करना चाहिए कि क्या भारत सरकार ने तुर्की के साथ सभी राजनयिक और व्यापारिक संबंध तोड़ दिए हैं और क्या भारत में तुर्की का दूतावास बंद कर दिया गया है। जयराम रमेश ने भी इस मुद्दे पर बीजेपी को घेरते हुए कहा, इसी तरह, प्रधानमंत्री कार्यालय और एस. जयशंकर को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि मोदी सरकार ने चीन के साथ सामान्यीकरण की प्रक्रिया क्यों शुरू की, जबकि वह भारतीय क्षेत्र में अतिक्रमण कर रहा है।

### अगले हफ्ते आ रहा बंगाल की खाड़ी में नया चक्रवाती तूफान शक्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने उन खबरों का जोरदार खंडन किया है कि अगले हफ्ते बंगाल की खाड़ी में एक नया चक्रवाती तूफान शक्ति' आ रहा है। मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को एक सख्त स्पष्टीकरण में कहा कि ऐसे किसी भी चक्रवात का पूर्वानुमान नहीं लगाया गया है। मौसम विज्ञान विभाग ने मीडिया के एक वर्ग पर गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उन खबरों से लोगों में भ्रम की स्थिति पैदा हुई है। अपने आधिकारिक बयान में ढ्ढरूष्ठ ने स्पष्ट किया कि 13 मई को, उसने केवल अंडमान सागर पर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन की उपस्थिति की ही सूचना दी थी, न कि चक्रवाती तूफान आने की। एक दिन पहले मंगलवार को ऐसी खबरें आई थीं कि मौसम विज्ञान विभाग ने अंडमान सागर के ऊपर एक साइक्लोनिक



सर्कुलेशन की उपस्थिति को नोट किया है और कहा है कि वहां 16 से 22 मई के बीच कम दबाव वाली एक प्रणाली विकसित हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि यह प्रणाली 23 से 28 मई के बीच एक गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील हो सकती है, जिसे संभवत: शक्ति नाम दिया जा सकता है। अब मौसम विज्ञान विभाग ने इस खबर का खंडन किया है।

**साइक्लोन और साइक्लोनिक सर्कुलेशन अलग-अलग-** मौसम विभाग ने कहा है कि साइक्लोन और साइक्लोनिक सर्कुलेशन, दोनों मौसम विज्ञान की दृष्टि से अलग-अलग हैं। चक्रवाती परिसंचरण यानी साइक्लोनिक सर्कुलेशन ऊपरी वायुमंडल में घूमती हवाओं के साथ कम दबाव के क्षेत्र को संदर्भित करता है और यह एक मजबूत प्रणाली में विकसित हो भी सकता है और नहीं भी। जबकि इसके विपरीत, चक्रवाती तूफान एक सुव्यवस्थित प्रणाली है, जिसमें सतह पर हवा की गति 62-88 किमी प्रति घंटा होती है, जिसे अक्सर संभावित खतरे के रूप में नामित और ट्रैक किया जाता है।

#### मीडिया को चेतावनी

इसके साथ ही मौसम विज्ञान विभाग ने सभी मीडिया प्लेटफॉर्म से अटकलें लगाने वाली या गलत जानकारी प्रकाशित करने से बचने का आग्रह किया है। मौसम विज्ञान विभाग ने ये भी चेतावनी दी कि बार-बार गलत रिपोर्टिंग के परिणामस्वरूप आईएमडी को 'मीडिया को मौसम संबंधी जानकारी प्रदान करना बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।'

## ऑपरेशन सिंदूर के बीच रेलवे का ऐतिहासिक कदम

# जवानों को लेकर कश्मीर पहुंची पहली ट्रायल ट्रेन



**कटरा, एजेंसी।** भारतीय रेलवे ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर में रणनीतिक रूप से बेहद अहम कटरा-काजीगुंड सेक्शन पर पहली ट्रायल स्पेशल ट्रेन सफलतापूर्वक चलाई। खास बात ये है कि इस ट्रेन में केवल सैनिक सवार थे। ये जवान छुट्टी पर थे और उड़ानों के रद्द होने के चलते फंसे हुए थे। इस खंड में विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे पुल, चिनाब ब्रिज को भी शामिल किया गया है। यह कदम सरकार की उस व्यापक योजना का हिस्सा माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा और कनेक्टिविटी को मजबूत करना है। भारत-पाक तनाव के बावजूद, कश्मीर को शेष भारत से रेल के जरिए जोड़ने की योजना निर्बाध रूप से आगे बढ़ रही है।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम-** टाइम्स ऑफ इंडिया ने रेलवे सूत्रों के हवाले से लिखा है कि यह विशेष ट्रेन सुबह करीब 10 बजे कटरा से रवाना हुई और शाम 6 बजे वापस लौटी। पूरे सफर के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। ट्रेन का यह सफर इसलिए भी महत्वपूर्ण रहा क्योंकि यह सेक्शन भारत के सबसे कठिन इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स में से एक चिनाब ब्रिज को भी पार करता है।

इस ट्रायल रन को ऑपरेशन सिंदूर और मौजूदा भारत-पाक संघर्ष की पृष्ठभूमि में और भी अधिक अहम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सेक्शन का उद्घाटन पिछले महीने करने वाले थे, लेकिन खराब मौसम के कारण कार्यक्रम टाल दिया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि, फिलहाल यह ट्रायल केवल कटरा से काजीगुंड तक किया गया। काजीगुंड से बारामूला तक सामान्य ट्रेन सेवाएं पहले से ही जारी हैं। काजीगुंड को कश्मीर का प्रवेशद्वार भी कहा जाता है। यह केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में पड़ता है।

### पहले ही हो चुका है वंदे भारत ट्रेनों का परीक्षण

गौरतलब है कि इससे पहले रेलवे ने कटरा और श्रीनगर के बीच वंदे भारत ट्रेनों का परीक्षण किया था, लेकिन उन ट्रेनों में कोई यात्री सवार नहीं थे। बुधवार का यह ट्रायल रन इस मायने में भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह पहली बार है जब किसी ट्रेन ने सैनिकों को लेकर इस सेक्शन को पार किया। अब तक जम्मू-कश्मीर की मुख्य भूमि से संपर्क का एकमात्र साधन राष्ट्रीय राजमार्ग था, जो कई बार खराब मौसम, बर्फबारी या भूस्खलन की वजह से बाधित हो जाता था। ऐसे में इस रेलमार्ग से जुड़े इस नए प्रयास को क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स और सेना की तेज आवाजाही के लिहाज से गेम चेंजर माना जा रहा है।

### यह क्या दर्शाता है ये ट्रायल रन?

सरकार कश्मीर को रेल नेटवर्क से जोड़ने के मिशन पर डटी हुई है, चाहे हालात कितने भी चुनौतीपूर्ण क्यों न हों। यह सेक्शन न केवल सेना के लिए, बल्कि आम नागरिकों के लिए भी एक वैकल्पिक और तेज़ संपर्क साधन बन सकता है। सामरिक दृष्टि से यह रेल मार्ग देश की सुरक्षा नीति में एक नई दिशा का संकेत देता है। इस सफलता के बाद अब पूरे देश की निगाहें उस दिन पर टिकी हैं जब प्रधानमंत्री इस ऐतिहासिक रेलमार्ग का औपचारिक उद्घाटन करेंगे।

# शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा के लिए करना होगा इंतजार

## स्थगित हुआ लॉन्च मिशन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) के लिए ऐतिहासिक यात्रा को स्थगित कर दिया गया है। नासा और निजी अंतरिक्ष कंपनी एक्सियॉम स्पेस द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक्सियॉम मिशन 4 (एक्स-4) के तहत यह मिशन अब 8 जून 2025 को लॉन्च होगा। पहले यह मिशन 29 मई 2025 को निर्धारित था। एक्सियॉम स्पेस ने बताया कि मिशन को स्थगित करने का फैसला तकनीकी और परिचालन तैयारियों को और मजबूत करने के लिए लिया गया है।

लॉन्च की तारीख में यह बदलाव प्री-लॉन्च जांच के दौरान एक मामूली तकनीकी समस्या पाए जाने के कारण किया गया है। एक्सियॉम स्पेस और इसरो दोनों ने स्पष्ट किया है कि यह एक साधारण तकनीकी खामी है और मिशन की तैयारियों या सुरक्षा पर इसका कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह मिशन भारत के लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय बनेंगे। इसके अलावा, वह राकेश शर्मा के 1984 में सोवियत सोयूज यान के जरिए अंतरिक्ष यात्रा करने के 40 साल बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे। शुभांशु शुक्ला इस मिशन में पायलट की भूमिका निभाएंगे।

**एएक्स-4 मिशन का दल और उद्देश्य-** एएक्स-4 मिशन में चार अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। शुक्ला के साथ इस मिशन में अमेरिका की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन (कमांडर), पोलैंड के स्लावोस उज्नांस्की-विस्निव्स्की और हंगरी के तिबोर कपु शामिल होंगे। यह टीम स्पेसएक्स के ड्रैगन यान में फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए अंतरिक्ष में जाएगी और लगभग 14 दिनों तक अंतरिक्ष स्टेशन पर रहेगी। इस दौरान वैज्ञानिक रिसर्च, प्रौद्योगिकी प्रदर्शन और शैक्षणिक/सार्वजनिक जागरूकता से जुड़ी गतिविधियां की जाएंगी।

**भारत के 'गगनयान' मिशन से जुड़े प्रयोग भी होंगे-** शुभांशु शुक्ला इस मिशन के दौरान भारत के आगामी 'गगनयान' मानव अंतरिक्ष मिशन से संबंधित महत्वपूर्ण प्रयोग भी करेंगे। इनमें मांसपेशियों की क्षति, सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में शरीर का अनुकूलन और अंतरिक्ष में जैविक खेती जैसे विषयों पर अध्ययन शामिल हैं।



### कौन हैं शुभांशु शुक्ला?

लखनऊ, उत्तर प्रदेश में 10 अक्टूबर 1985 को जन्मे शुक्ला भारतीय वायु सेना के एक अनुभवी टेस्ट पायलट हैं, जिन्होंने सु-30 एमकेआई, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डोर्नियर और एन-32 जैसे विमानों पर 2,000 घंटे से अधिक की उड़ान का अनुभव हासिल किया है। 2019 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण के लिए चुने गए शुक्ला ने रूस के यूरी गागरिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में कठिन प्रशिक्षण प्राप्त किया। वे भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान (2026 में प्रस्तावित) के लिए भी प्रमुख अंतरिक्ष यात्री हैं। उनका यह मिशन भारत की वैश्विक मानव अंतरिक्ष उड़ान में सक्रिय भागीदारी की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

## हिमाचल में कॉन्ट्रैक्चुअल भर्ती खत्म

# अब प्रशिक्षु आधार पर होगी, नोटिफिकेशन जारी

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने सरकारी विभागों में कॉन्ट्रैक्ट आधार पर नियुक्तियों की पुरानी व्यवस्था को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। अब प्रदेश में सभी भर्तियां प्रशिक्षु यानी ट्रेनी के तौर पर होंगी। अब तय प्रशिक्षण अवधि पूरी करने के बाद नियमित नियुक्ति दी जाएगी। इस संबंध में राज्य सरकार के कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### इन पर लागू होगी व्यवस्था

नई व्यवस्था न सिर्फ आने वाली भर्तियों पर लागू होगी वरन उन चयनित अभ्यर्थियों पर भी प्रभावी होगी जिनकी नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो चुकी है लेकिन नियुक्ति पत्र जारी नहीं हुए हैं। नई भर्ती प्रणाली के तहत अब सभी नियुक्तियों में चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षु के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

**परफॉरमेंस के आधार पर मूल्यांकन-** कार्मिक विभाग की गाइडलाइन के अनुसार प्रशिक्षु की सेवा पूरी तरह कॉन्ट्रैक्चुअल रहेगी और उसका मूल्यांकन प्रदर्शन के आधार पर होगा। यदि प्रशिक्षु का कार्य संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं। हालांकि सेवाएं समाप्त किए जाने पर प्रशिक्षु को 45 दिनों के भीतर उच्च अधिकारी के समक्ष अपील करने का अधिकार भी मिलेगा।

नई व्यवस्था में अवकाश के नियम भी तय कर दिए गए हैं। प्रशिक्षु को एक माह की सेवा के बाद एक दिन का आकस्मिक अवकाश, साल में 10 दिन का चिकित्सा अवकाश और 5 दिन का विशेष अवकाश मिलेगा। महिला प्रशिक्षुओं को दो से कम जीवित संतान होने की स्थिति में 180 दिन का मातृत्व अवकाश मिलेगा। गर्भपात या अन्य चिकित्सकीय कारणों से 45 दिन का मातृत्व अवकाश एक बार ही मान्य होगा। प्रशिक्षु को मेडिकल, एलटीसी, पेंशन, जीपीएफ और अन्य सेवा लाभ नहीं मिलेंगे। छुट्टियों का वार्षिक कैरी फॉरवर्ड भी मान्य नहीं होगा। यदि कोई प्रशिक्षु बिना अनुमति ड्यूटी से अनुपस्थित रहता है तो उसकी सेवा स्वत: समाप्त मानी जाएगी।

हालांकि, मेडिकल आधार पर अनुपस्थिति को सूचना देने की स्थिति में मान्य किया जा सकता है, लेकिन उस अवधि के लिए वेतन नहीं मिलेगा।

सरकार ने यह भी निर्देश दिए हैं कि राजपत्रित पदों पर नियुक्त प्रशिक्षुओं को मेडिकल बोर्ड से जारी फिटनेस प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा जबकि गैर-राजपत्रित पदों के लिए सरकारी चिकित्सा अधिकारी का प्रमाण पत्र पर्याप्त होगा।

यदि कोई महिला प्रशिक्षु 12 सप्ताह या उससे अधिक की गर्भवती पाई जाती है और उसका कार्य जोखिम भरा है तो उसे अस्थायी रूप से नियुक्ति से रोका जाएगा और डिलीवरी के बाद पुनः फिटनेस जांच के आधार पर प्रशिक्षण में शामिल किया जाएगा।

प्रशिक्षण के दौरान किसी भी दौरे पर जाने की स्थिति में प्रशिक्षु को टीए/डीए मिलेगा, लेकिन अन्य सेवा नियमों जैसे एफआरएसआर, पेंशन नियम, बीमा योजना, ईपीएफ आदि का लाभ नहीं मिलेगा।

सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि 20 फरवरी 2025 के बाद जिन नियुक्तियों के लिए अनुबंध आधार पर प्रस्ताव भेजे गए थे या जिन पदों की चयन प्रक्रिया एजेंसियों द्वारा जारी है, वे सभी इस नई गाइडलाइन के अंतर्गत आएंगे। यह निर्णय हाल ही में लागू किए गए हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारियों की भर्ती एवं सेवा की शर्तें अधिनियम 2024 के तहत लिया गया है जो 20 फरवरी 2025 से प्रभावी हुआ है। अधिनियम के कुछ प्रावधानों को 12 दिसंबर 2003 से लागू माना गया है।



#### क्या शर्तें

प्रशिक्षु को नियुक्ति के समय एक कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर करने होंगे। प्रशिक्षण अवधि के दौरान उन्हें संबंधित पद के वेतनमान की प्रथम श्रेणी के 60 फीसदी के बराबर मासिक मानदेय मिलेगा। इस दौरान उन्हें नियमित कर्मचारियों जैसी सुविधाएं या सेवाएं नहीं मिलेंगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# क्या हॉकी एशिया कप के लिए भारत आएगा पाकिस्तान

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी एशिया कप के लिए पाकिस्तान टीम भारत आएगी या नहीं इस पर संशय बना हुआ। कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच जंग की स्थिति बन गई। 10 मई को सीजफायर जरूर हो गया, लेकिन किसी भी पाकिस्तानी को भारत में एंट्री की परमिशन नहीं मिली है।

बिहार के राजगीर में एशिया कप 27 अगस्त से 7 सितंबर तक खेला जाएगा। यह अगले साल होने वाले वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाइंग टूर्नामेंट है। जिसमें एशिया की टॉप-8 टीमें हिस्सा लेंगी।

**सरकार के निर्देश मानेंगे- हॉकी इंडिया** – हॉकी इंडिया के सेक्रेटरी जनरल भोलानाथ सिंह ने कहा, पाकिस्तान टीम एशिया कप के लिए आएगी या नहीं, इस पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी है। पहलगाम में आतंकी हमला और भारत का ऑपरेशन सिंदूर कुछ दिन पहले ही हुआ। ऐसे में इस वक्त कुछ भी कह पाना मुश्किल है।

टूर्नामेंट शुरू होने में अब भी करीब 3 महीने का समय



बचा है। हम शांति कायम होने का इंतजार कर रहे हैं। सरकार के जो भी निर्देश होंगे, हम उनका पालन करेंगे।भारत और पाकिस्तान के बीच 181 हॉकी मैच खेले गए। 82 में पाकिस्तान और 67 में भारत को जीत मिली। 32 मुकाबले ड्रॉ भी रहे।"

**सरकार ने मना किया तो पाकिस्तान के बिना टूर्नामेंट होगा** – हॉकी इंडिया के एक अधिकारी ने कहा, अगर सरकार ने पाकिस्तान को एंट्री देने से मना किया तो उनके बिना टूर्नामेंट कराया जाएगा। सबकुछ सरकार के फैसले पर निर्भर है। अगर पाकिस्तान खेलने के लिए भारत नहीं आई तो उनके बिना टूर्नामेंट कराने का फैसला पूरी तरह एशियन हॉकी फेडरेशन करेगा। वे चाहें तो 7 टीमों को टूर्नामेंट करा सकते हैं या फिर पाकिस्तान की जगह किसी और टीम को मौका भी दिया जा सकता है।

**2016 में भी भारत नहीं आई थी पाकिस्तान टीम** – 2016 में पठानकोट एयरबेस पर हुए आतंकी हमले के बाद भारत में जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप हुआ था। तब भी पाकिस्तान हॉकी टीम भारत नहीं आई थी। तब पाकिस्तान की जगह मलेशिया को एंट्री देकर टूर्नामेंट कराया

## पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानियों की एंट्री बैन, 27 अगस्त से बिहार में टूर्नामेंट

गया था। दोनों देशों में तनाव के बाद पाकिस्तान का जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए भी भारत आना मुश्किल लग रहा है। टूर्नामेंट चेन्नई और मदुराई में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक खेला जाएगा।भारत ने पिछले साल जूनियर हॉकी एशिया कप में पाकिस्तान को फाइनल हराकर ही टाइटल जीता था।

**वर्ल्ड कप में डायरेक्ट एंट्री दिलाता है एशिया कप** – नीदरलैंड के एम्सरटडैम में अगले साल 14 से 30 अगस्त तक हॉकी वर्ल्ड कप होगा। एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप में डायरेक्ट एंट्री मिलती है। 5 बार की चैंपियन साउथ कोरिया डिफेंडिंग चैंपियन है। वहीं भारत और पाकिस्तान को अपने-अपने चौथे टाइटल का इंतजार है। हॉकी एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के अलावा जापान, कोरिया, चीन, मलेशिया, ओमान और चीनी ताइपे भी हिस्सा लेंगी। 4-4 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। दोनों ग्रुप की 2-2 टॉप टीमों के बीच सेमीफाइनल और इसे जीतने वाली टीमों के बीच 7 सितंबर को फाइनल होना है।

# रोहित-कोहली के संन्यास से घबराने की जरूरत नहीं है : मांजरेकर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि विराट कोहली और



संजय मांजरेकर के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि 'फैब फोर' के विदा लेने के बाद भी भारतीय क्रिकेट ने वापसी की थी। आधुनिक क्रिकेट के दिग्गजों रोहित और विराट ने एक सप्ताह के भीतर टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया।

# विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतने वाली टीम को 3.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलेगी

## उप-विजेता 2.16 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलेंगे



**सिडनी (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए पुरस्कार राशि की घोषणा कर दी गई है। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच लॉर्ड्स में होने वाले एकमात्र टेस्ट से एक महीने से भी कम समय पहले आईसीसी ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के 2023-25 ??संस्करण के लिए एक विशाल पुरस्कार राशि की घोषणा की है।

डब्ल्यूटीसी 2023-25 ??फाइनल के लिए कुल पुरस्कार राशि 5.76 मिलियन अमेरिकी डॉलर है, जो पिछले दो संस्करणों की तुलना में दोगुनी से भी अधिक है। चैंपियन को 3.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलेंगे जो 2021 और 2023 दोनों में दिए गए 1.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर से काफी अधिक है जबकि उप-विजेता को 800,000 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर अब 2.16 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलेंगे।

अंतिम टेस्ट के लिए 30 दिन की उल्टी गिनती को चिह्नित करते हुए आईसीसी ने इस मुकाबले के लिए उत्साह बढ़ाने वाला एक प्रचार वीडियो भी जारी किया जिसमें दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा, शीर्ष तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा, प्रोटियाज स्टार एडेन मार्कराम, ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्टीव स्मिथ और शानदार ट्रैविस हेड के साथ-साथ पूर्व महान खिलाड़ी शॉन पोलक, डेल स्टेन, मैथ्यू हेडन, मेल जोन्स, नासिर हुसैन, शोएब अख्तर और रवि शास्त्री शामिल हैं। इसी के साथ ही दोनों फाइनलिस्टों ने टीमों का भी ऐलान कर दिया है।

दक्षिण अफ्रीका डब्ल्यूटीसी 25 स्टैंडिंग में शीर्ष पर रहा और लॉर्ड्स में फाइनल में जगह बनाने वाली पहली टीम बन गई जिसमें पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और श्रीलंका पर जीत और भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज ड्रॉ रही। ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत पर 3-1 की जीत के साथ फाइनल में अपनी जगह पक्की की। उनके मजबूत अभियान में न्यूजीलैंड और श्रीलंका के खिलाफ घरेलू और विदेशी सीरीज में पाकिस्तान को 3-0 से हराना भी शामिल है।

# नीरज चोपड़ा को टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल बनाया

## धोनी, कपिल और बिंद्रा इसका हिस्सा




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना ने स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा को टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद उपाधि दी है। नीरज को यह सम्मान खेल में असाधारण योगदान और राष्ट्र के प्रति उनकी कमिटमेंट के लिए दिया गया है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार, 14 मई को इसकी घोषणा की। बयान के अनुसार, यह नियुक्ति 16 अप्रैल से प्रभावी है। नीरज चोपड़ा पहले भारतीय सेना में सूबेदार के पद पर थे। उन्हें 2018 में सुबेदार बनाया गया था। नीरज 2016 में भारतीय सेना में नायब सूबेदार के रूप में शामिल हुए थे। नीरज चोपड़ा से पहले पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी, कपिल देव और अभिनव बिंद्रा जैसे खिलाड़ियों को टेरिटोरियल आर्मी में मानद उपाधि दी जा चुकी है।

● **नीरज आज दोहा डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे** – नीरज चोपड़ा शुक्रवार 16 मई को दोहा डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे। नीरज ने पिछले सीजन में 88.36 मीटर भाला फेंककर दूसरा स्थान हासिल किया था। वे 2023 में 88.67 मीटर के स्कोर के साथ चैंपियन बने थे। नीरज के अलावा, जेवलिन थ्रोअर किशोर जेना, मिडिल डिस्टेंस रनर गुलवीर सिंह और पारुल चौधरी भी हिस्सा लेंगी।

**लगातार दो ओलिंपिक मेडल जीत चुके हैं नीरज** – नीरज चोपड़ा दुनिया के नंबर-2 जेवलिन थ्रोअर हैं। वे भारत की ओर से लगातार दो ओलिंपिक गेम्स में मेडल जीत चुके हैं। नीरज ने पेरिस ओलिंपिक में सिल्वर और टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। इसके अलावा, वे वर्ल्ड चैंपियनशिप, एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स जैसे वर्ल्ड क्लास टूर्नामेंट में भारत को गोल्ड मेडल जिता चुके हैं।

# इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ श्रृंखला के लिए साउदी को विशेषज्ञ सलाहकार किया नियुक्त




**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने घोषणा की कि न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउदी को भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के खत्म होने तक इंग्लैंड का विशेषज्ञ कौशल सलाहकार नियुक्त किया गया है। भारतीय टीम इंग्लैंड के दौरे की शुरुआत 20 जून से लीड्स में पहले टेस्ट के साथ करेगी। यह दौरा 31 जुलाई से चार अगस्त तक ओवल में होने वाले पांचवें टेस्ट के साथ खत्म होगा। दिसंबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले साउदी इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय सत्र के शुरुआती मैच से पहले टीम से जुड़ेंगे जो अगले बृहस्तिवार से ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट होगा। 36 वर्षीय साउदी ने 107 टेस्ट मैच में 391 विकेट, 161 वनडे मैच में 221 विकेट और 126 टी20 मैच में 164 विकेट हासिल किए हैं। ईसीबी ने एक बयान में कहा, 'दुनिया भर में विभिन्न परिस्थितियों और सभी प्रारूपों में खेलने के अपने विशाल अनुभव के साथ वह खिलाड़ियों को अहम जानकारी प्रदान करेंगे। सलाहकार की भूमिका के बाद वह बर्मिंघम फीनिक्स के लिए 'द हंड्रेड' में खेलना शुरू करेंगे।

# ला लीगा- रियल मैड्रिड ने मायोर्का को 2-1 से हराया




## एमबाप्पे और रैमॉन ने एक-एक गोल किया, बार्सिलोना का खिताब जश्न टला

**बार्सिलोनी (एजेंसी)।** स्पेनिश लीग ला लीगा में बुधवार को खेले गए मैच में रियल मैड्रिड ने मायोर्का को इंजरी टाइम में गोल कर 2-1 से हरा दिया। मैड्रिड के लिए किलियन एमबाप्पे और जैकोबो रैमॉन ने एक-एक गोल किया।

### बार्सिलोना को खिताब के लिए करना पड़ेगा इंतजार

इसके साथ ही बार्सिलोना को अपने 28वां लीग खिताब के लिए इंतजार करना पड़ेगा। स्पेनिश लीग में सबसे ज्यादा पॉइंट अर्जित करने वाली टीम खिताब जीतती है। बार्सिलोना के 35 मैच के बाद 82 पॉइंट है। वह पॉइंट टेबल में टॉप पर है। जबकि रियल मैड्रिड 36 मैचों के बाद 78 पॉइंट के साथ दूसरे स्थान पर है। स्पेनिश लीग में 20 टीमें खेल रही है। प्रत्येक टीम को एक-दूसरे से दो दो मैच खेलने हैं। एक मैच अपने होम ग्राउंड पर और दूसरा बाहर यानी प्रत्येक टीम को 38 मैच लीग में खेलने हैं। बार्सिलोना को 3 मैच खेलने हैं और एक भी जीतने के बाद वह खिताब जीत जाएगी। जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाली रियल मैड्रिड के दो मैच बाकी है, और दोनों जीतने के बाद भी खिताब हासिल करना मुश्किल है।

### हाफ टाइम में मायोर्का ने 1-0 से आगे

मार्योका ने हाफ टाइम में रियल मैड्रिड से 1-0 से आगे रहा। मार्योका की तरफ से 11 वें मिनट में मार्टिन वाल्जेंट ने गोल कर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। उसके बाद हाफ टाइम तक दोनों टीमों ने कोई और गोल नहीं किए।

### मबाप्पे ने गोल कर टीम को बराबरी पर लाया

मैच के 68वें मिनट में किलियन एमबाप्पे ने गोल कर रियल मैड्रिड को 1-1 की बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। लीग में उनका यह 28वां गोल था।

वह लीग में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। उनसे तीन गोल पीछे बार्सिलोना के रॉबर्ट लेवांडोव्स्की हैं। इनके 25 गोल हैं।

### रैमॉन ने इंजरी टाइम में विजयी गोल दागा

ऐसा लग रहा था कि बार्सिलोना का खिताब तय हो गया, पर इंजरी टाइम में रियल मैड्रिड की ओर से जैकोबो रैमॉन ने गोल कर स्कोर को स्कोर 2-1 कर दिया और टीम को जीत दिला दी।

इसके साथ ही बार्सिलोना को खिताब जश्न मानने के लिए रोक दिया। उन्हें अपने अगले मैच तक इंतजार करना पड़ेगा। बार्सिलोना का मैच गुरुवार को एस्पेनयोल के साथ है। जीत के साथ ही वह खिताब भी जीत लेगी।

# गुजरात में शामिल हो सकते हैं कुसल मेंडिस

## इंग्लैंड के जोस बटलर की जगह लेंगे, दिल्ली ने बांग्लादेशी पेसर रहमान को साइन किया

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** श्रीलंका के विकेटकीपर-बल्लेबाज कुसल मेंडिस गुजरात टाइटंस (जीटी) में शामिल हो सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मेंडिस के इंग्लैंड के जोस बटलर की जगह लेने की संभावना है। हालांकि गुजरात की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बटलर वेस्टइंडीज के खिलाफ 29 मई से शुरू हो रही वनडे सीरीज के कारण आईपीएल के प्लेऑफ मैच के लिए उपलब्ध नहीं हो सकते हैं। इससे पहले, बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बतौर रिप्लेसमेंट टीम में शामिल किया है। वे ओपनर जैक फ्रेजर मैगर्क की जगह लेंगे। मैगर्क मौजूदा सीजन के बाकी मैचों के लिए भारत नहीं आएंगे। फ्रेंचाइजी ने रहमान से 6 करोड़ रुपए में एग्रीमेंट किया है, लेकिन यह



एग्रीमेंट मुश्किल में पड़ता दिखाई दे रहा है। एग्रीमेंट के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के सीईओ निजामुद्दीन चौधरी ने कहा- अभी तक बीसीबी से प्लेयर और बीसीसीआई ने इस एग्रीमेंट के लिए एनओसी नहीं मांगा गया है। उन्होंने क्रिकइंफो से कहा- मुस्तफिजुर को टीम के साथ यूएई जाना है। हमें आईपीएल अधिकारियों से कोई संदेश नहीं मिला है। मुझे मुस्तफिजुर से भी ऐसा कोई आधिकारिक संदेश नहीं मिला है। आमतौर पर आईपीएल किसी भी प्लेयर से एग्रीमेंट का ऐलान तभी करता है, जब जब खिलाड़ी को उसके घरेलू बोर्ड से एनओसी मिल जाती है।

आईपीएल के बचे मैच का शेड्यूल और बांग्लादेश के,श्व दौरे का शेड्यूल क्लैश हो रहा है।

# कैफ बोले-लगता है विराट टेस्ट खेलना जारी रखना चाहते थे

## चयन समिति ने नहीं दिया साथ; 12 मई को लिया था संन्यास



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ का मानना है कि विराट कोहली इंग्लैंड सीरीज के लिए पूरी तरह तैयार थे। लेकिन, उन्हें अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति का समर्थन नहीं मिला। कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी थी।

### रणजी खेलकर इस फॉर्मेट को जारी रखने के दिए थे संकेत

कैफ ने बुधवार को आईएएनएस को दिए एक इंटरव्यू में कहा, मुझे लगता है कि वह इस फॉर्मेट में खेलना जारी रखना चाहते थे। इसको लेकर उनकी बीसीसीआई अधिकारियों और चयनकर्ताओं से बातचीत भी हुई होगी। चयनकर्ताओं ने पिछले 5-6 सालों में उनके प्रदर्शन का हवाला दिया होगा और उन्हें बताया होगा कि टीम में उनकी जगह अब नहीं हो सकती। हमें कभी पता नहीं चलेगा कि क्या हुआ, यह अनुमान लगाना बहुत मुश्किल है कि पर्दे के पीछे वास्तव में क्या हुआ था। उन्होंने आगे कहा, ऑस्ट्रेलिया दौरे से लौटने के बाद रणजी ट्रॉफी खेलने से यह साफ था कि वह आगामी टेस्ट में वापसी करना चाहते थे। उन्हें उम्मीद थी कि उन्हें बीसीसीआई और चयनकर्ताओं से भी समर्थन मिलेगा, पर उन्हें नहीं मिला।

### पिछले पांच सालों में टेस्ट में 3 शतक ही जड़े

कोहली के अगर पिछले सालों के प्रदर्शन को देखें तो पता चला कि उनके प्रदर्शन में गिरावट आई है। उन्होंने इस बीच खेले 68 पारियों में केवल 2028 रन बनाए और तीन शतक ही लगाए। इस दौरान उनका करियर औसत घटकर 46 तक आ गया। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पर्थ में शानदार शतक के साथ वापसी के संकेत दिखे, लेकिन बाकी दौरे में वह केवल 90 रन ही बना पाए और भारत 1-3 से सीरीज हार गया।

# रोहित शर्मा राजनीति में ! महाराष्ट्र सीएम देवेंद्र फडणवीस से मिले

**मुंबई (महाराष्ट्र) (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हाल ही में भारतीय क्रिकेट स्टार रोहित शर्मा का अपने आधिकारिक निवास 'वर्षा' में स्वागत किया। इस खास मुलाकात में रोहित के शानदार टेस्ट करियर को सम्मानित किया गया। फडणवीस ने अपनी भावनाओं को अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर साझा किया और रोहित के प्रति प्रशंसा और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं, जिन्होंने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी।

फडणवीस ने लिखा कि भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा का मेरे आधिकारिक निवास 'वर्षा' में स्वागत करना, उनसे मिलना और बातचीत करना बहुत अच्छा रहा। मैंने उन्हें टेस्ट क्रिकेट से संन्यास पर शुभकामनाएं दीं और उनके सफर के अगले अध्याय में निरंतर सफलता की कामना की!

रोहित ने 11 साल और 67 टेस्ट के करियर के बाद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा। उन्होंने नवंबर 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था और



67 टेस्ट में 40.57 की औसत से 4,301 रन बनाए, जिसमें 12 शतक और 18 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 212 रन था, जो 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज में आया। वे भारत के 16वें सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज के रूप में रिटायर हुए।

रोहित ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत 2013 में कोलकाता के ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ 177 रनों की यादगार पारी के साथ की थी। शुरुआती वादे और कुछ शानदार पारियों के बावजूद, 'हिटमैन' को लंबे प्रारूप में अपनी जगह पक्की करने में मुश्किल हुई, खासकर विदेशी दौरों पर। 2013-18 के बीच, उन्होंने 27 टेस्ट में 39.63 की औसत से 1,585 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और 10 अर्धशतक शामिल थे।

## न्यूज बाइट्स

### 60 लीटर महुआ शराब जब्त, तस्कर फरार

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा थाना के पुलिस ने बुधवार की देर शाम प्रखंड के चांदी गांव से 60 लीटर महुआ देसी शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि संध्या गश्ती में हसपुरा थाना में पोस्टेड पुलिस सहायक अवर निरीक्षक बच्चू खलीफा को उच्च अधिकारियों द्वारा सूचना मिली कि चांदी गांव स्थित बाला पर बड़ी पइन के पास अवैध शराब का निर्माण व बिक्री किया जा रहा है। एएसआई अपने दल बल के साथ क्षेत्र के चौकीदार अरमान को साथ लेकर उस जगह पर पहुंचा। पुलिस को आता देख तस्कर फरार हो गए। पुलिस ने मौके से लगभग 60 लीटर महुआ देशी शराब,शराब बनाने का उपकरण,गैस सिलेंडर चूल्हा एवं बर्तन जप्त किया। बताया की फरार तस्कर की पहचान चांदी गांव निवासी डोमन पासवान व उसके पुत्र ब्रजेश कुमार के रूप में हुई है । पुलिस ने मध्य निषेध अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले की कार्रवाई में जुट गई है। दोनों फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### लंबित कांडों की हुई समीक्षा, त्वरित निष्पादन को दिए गए निर्देश

**ओबरा (औरंगाबाद) (एसवीवी सं.)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दाउदनगर के द्वारा ओबरा थाना में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में थानाध्यक्ष सहित सभी अनुसंधानकर्ताओं ने भाग लिया और अपने-अपने कांडों की प्रगति की जानकारी दी। बैठक का मुख्य उद्देश्य थाना क्षेत्र में दर्ज विभिन्न मामलों की समीक्षा करना और उनके शीघ्र निष्पादन को सुनिश्चित करना था। डीएसपी ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी कांड को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखा जाएगा और दोषियों को समय पर सजा दिलाना ही पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है। समीक्षा के दौरान लंबित मामलों की संख्या, उनकी गंभीरता, अनुसंधान की वर्तमान स्थिति, और अब तक की कार्रवाई की विस्तार से जांच की गई। साथ ही अनुसंधानकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक केस को समयसीमा में निपटाया जाए और उसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएसपी ने यह भी कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए पुलिस का हर पदाधिकारी जिम्मेदार है।

### 10 घंटे में डिहरी रेलवे स्टेशन से लड़की बरामद

**औरंगाबाद (एसवीवी सं.)।** जिले की पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए गुमशुदा लड़की को मात्र 10 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया है। यह सराहनीय कार्रवाई औरंगाबाद पुलिस द्वारा की गई, जिसने मानवीय संवेदनशीलता और कर्तव्यपरायणता का परिचय देते हुए परिजनों की चिंता को जल्द दूर किया। मामला बंदेया थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, जहां की एक युवती के गुम हो जाने की सूचना परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई और विभिन्न स्थानों पर खोजबीन शुरू की गई। मोबाइल लोकेशन, गुप्त सूचनाओं और तकनीकी सहायता के आधार पर पुलिस को डिहरी रेलवे स्टेशन पर युवती के मौजूद होने की जानकारी मिली।

जिला अधिकारी की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक

# डीएम ने लंबित किस्तों के भुगतान में तेजी लाने और आवास निर्माण कार्य पूर्ण कराने का दिया निर्देश

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



गुरुवार को जिला अधिकारी श्रीकान्त शास्त्री की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। यह बैठक जिला पदाधिकारी के पूर्व निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के तहत आयोजित की गई, जिसमें सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (वित्त वर्ष 2024-25 और 2025-26) के तहत जिले को मिले कुल 26,339 आवासों के लक्ष्य की प्रगति पर चर्चा हुई। अब तक 25,247 लाभुकों को आवास स्वीकृति मिल चुकी है, जबकि 1,092 स्वीकृतियाँ लंबित हैं। लंबित स्वीकृतियों में 702 परिवारों को रिमांड करना है क्योंकि वे लाभ के पात्र नहीं हैं, 110 परिवार के पास जमीन नहीं है, 207 परिवार अस्थायी रूप से पलायन पर हैं, 8 परिवार मृतक हैं, 45 परिवारों के आधार दस्तावेजों में समस्या है तथा 3 अन्य कारणों से भी स्वीकृति लंबित है। जिला पदाधिकारी ने संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे स्वयं सत्यापन कर संबंधित रिपोर्ट जिला ग्रामीण विकास अभिकरण को प्रस्तुत करें तथा प्राथमिकता सूची से अयोग्य परिवारों को जल्द रिमांड करें। इसके साथ ही लंबित किस्तों के भुगतान में तेजी लाने और आवास निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सर्वेक्षण 2024 की समीक्षा में बताया गया कि 14 मई 2025 तक जिले में कुल 2,21,242 परिवारों का सर्वे किया गया है, जिनमें से 72,481 अनुसूचित जाति एवं जनजाति के परिवार हैं। जिला पदाधिकारी ने इस दौरान यह भी चिंता जताई कि सर्वेक्षणकर्ताओं द्वारा कई अप्राप्त परिवारों का सर्वे किया गया है, जिससे आमजन शिकायत कर रहे हैं।

इस पर निदेशक, लेखा प्रशासन, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण को आदेश दिया गया कि वे सभी प्रखंडों के कुछ पंचायतों का औचक निरीक्षण करें और जिला स्तर से टीम बनाकर जांच कराएं। जांच में यदि अधिक संख्या में अयोग्य परिवारों के सर्वे में नाम शामिल पाए जाते हैं तो संबंधित सर्वेक्षणकर्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना की समीक्षा के दौरान जिला अधिकारी ने महादलित टोला में शौचालय निर्माण के लिए विशेष निर्देश दिए। ग्राम पंचायत स्तर पर शौचालय विहीन परिवारों की पहचान कर उन्हें शौचालय से जोड़ने का सघन अभियान चलाने को कहा गया। साथ ही उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शौचालय निर्माण कार्य में जीविका दीदियों एवं महादलित परिवारों को प्राथमिकता दें। बैठक में प्रखंड समन्वयकों को भी निर्देश दिए गए कि वे सभी वार्डों में कूड़ा उठाव सुनिश्चित कराएं, जहां कूड़ा नहीं उठ रहा है वहां के मुखिया के साथ बैठक कर कार्य प्रारंभ करें। मनरेगा योजना की समीक्षा में सभी अपूर्ण खेल मैदानों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने तथा लंबित कार्यों को योजना के अनुसार समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए। इस बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, निदेशक डीआरडीए, जिला समन्वयक लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, लेखा अधिकारी डीआरडीए, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक : दाखिल-खारिज, आधार सीडिंग और जमीन पर्चा वितरण पर विशेष ध्यान

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



गुरुवार को डीएम श्रीकान्त शास्त्री ने समाहरणालय सभा कक्ष में राजस्व से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की। इस बैठक में दाखिल-खारिज मामलों, आधार सीडिंग, अभियान बसेरा फेस-2, सीएम डैशबोर्ड, ई-मापी, परिमार्जन प्लस, भू-लगान, अतिक्रमण और अंबेडकर समग्र सेवा समाधान योजना के तहत बंदोबस्ती पर्चा वितरण का विस्तृत निरीक्षण किया गया। जिला पदाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों को जमाबंदी के आधार सीडिंग में तेजी लाने के निर्देश दिए। दाखिल-खारिज मामलों में 75 दिन से अधिक लंबित कुल 174 मामलों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। इनमें सबसे अधिक 145 लंबित मामले औरंगाबाद सदर अंचल में पाए गए। संबंधित अंचल अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर सभी लंबित मामलों का निस्तारण करने का कड़ा निर्देश दिया गया। अभियान बसेरा फेस-2 के अंतर्गत अब तक जिले में कुल 2221 सर्वे किए गए, जिनमें 1470 लोगों को जमीन पर्चा वितरण किया गया है। सर्वे के दौरान 657 आवेदकों को पर्चा योग्य नहीं पाया गया। वहीं, अंबेडकर समग्र सेवा समाधान योजना के तहत शिविरों में कुल 708 आवेदनों में से 522 आवेदकों को पर्चा वितरित कर दिया गया। आधार सीडिंग में भी प्रगति हुई है और अब तक 82% रैयतों का आधार सीडिंग कार्य पूरा हो चुका है। जिला पदाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे हर शनिवार भूमि विवाद से संबंधित बैठक गंभीरता से आयोजित करें और मामलों के त्वरित निपटान को सुनिश्चित करें। बैठक में अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, बंदोबस्त पदाधिकारी शैलेश कुमार दास, प्रभारी राजस्व शाखा सच्चिदानंद सुमन, सदर भूमि सुधार उप समाहर्ता श्वेतांक लाल, सभी अंचल अधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। यह बैठक राजस्व विभाग के कामकाज को प्रभावी और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### एसपी के जनता दरबार में सुनी गई लोगों की समस्याएं, समाधान को दिए गए निर्देश



**एसवीवी सं. (औरंगाबाद)।** एसपी द्वारा आयोजित जनता दरबार में बड़ी संख्या में आम लोग अपनी शिकायतों और समस्याओं को लेकर पहुंचे। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने सभी फरियादियों की बातों को गंभीरता से सुना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए। जनता दरबार में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने घरेलू विवाद, भूमि विवाद, आपराधिक घटनाएं, पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में असंतोष, और न्याय की मांग जैसे विषयों पर अपनी बात रखी। पुलिस अधीक्षक ने सभी शिकायतों को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुना और साफ कहा कि कानून व्यवस्था को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन का शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम आयोजित



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा विभिन्न छात्रावासों के छात्रों के लिए 'शिक्षा न्याय संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक योगेंद्र साव मौजूद रहे, जिन्होंने छात्रों से सीधे संवाद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष भीम सिंह चौहान ने की, जबकि संचालन कांग्रेस नेता आशुतोष कुमार सिंह ने संभाला। कार्यक्रम में कांग्रेस के कई जिला कार्यकारी सदस्य जैसे महेंद्र यादव, चुलबुल सिंह, इरफान अहमद, अजय कुमार सिंह, मोहम्मद बूस्टर और बबलू सिंह सहित भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के छात्र नेता रौशन राज, भूलन सिंह, नितेश सिंह, निकेत सिंह, हर्ष सिंह, पंकज कुमार, राकेश कुमार, शेखर सिंह, आशुतोष कुमार, ऋषु कुमार, मुकुल कुमार, अंश कुमार, प्रिया, स्नेहा, ज्योति, खुशबू, आस्था, अनामिका, शिखा सिंह, नीलम कुमारी, दीप शिखा आदि की उपस्थिति दर्ज की गई। अनुग्रह नगर स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर छात्रावास और अनुग्रह नारायण छात्रावास के छात्रों के साथ भी संवाद स्थापित किया गया। वहीं, कर्पूरी ठाकुर छात्रावास में आयोजित संवाद में छत्तीसगढ़ के विधायक कुंवर सिंह निषाद ने भी छात्रों से बात की और उनके सवालों के जवाब दिए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के बीच शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर खुलकर चर्चा करना और उनकी समस्याओं को समझना था।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से मोटर दुर्घटना पीड़िता को 11 लाख रुपये का मिला मुआवजा

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव तान्या पटेल ने हाल ही में मोटर दुर्घटना वाद संख्या 39/2018 में मृतक मो. नसीरुद्दीन की पत्नी जरीना खातून को कुल 11 लाख रुपये का मुआवजा चेक प्रदान किया। यह मुआवजा ग्राम प्राणपुर की रहने वाली पीड़िता को दिया गया है। मामला दिसंबर 2017 का है, जब मृतक मो. नसीरुद्दीन ट्रक संख्या डब्लूबी 10 एफएफ 3627 के खलासी थे। घटना उस समय हुई जब ट्रक को पीछे करवाने के दौरान टेम्पू संख्या पीबी 10 5039 ने ट्रक को टक्कर मार दी। इस हादसे में नसीरुद्दीन की मौत मौके पर ही हो गई। घटना के बाद मछ्वारा थाना, जिला खन्ना पंजाब में दुर्घटना का केस दर्ज किया गया था (कांड संख्या 217/17)। मामले की सुनवाई राष्ट्रीय लोक अदालत में 8 मार्च 2025 को हुई। इस सुनवाई के दौरान पक्षों ने आपसी समझौते के आधार पर वाद का निस्तारण किया। समझौते के अनुसार पीड़िता को 11 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाना तय हुआ। इसी के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव तान्या पटेल ने पीड़िता को मुआवजे का चेक सौंपा। चेक सौंपते हुए सचिव तान्या पटेल ने पीड़िता को यह सलाह दी कि मुआवजे की राशि का उपयोग परिवार के कल्याण के लिए ही करें और भविष्य की जरूरतों के लिए इस राशि को बैंक में सुरक्षित जमा कराएं ताकि किसी भी प्रकार की आर्थिक समस्या से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत वादों का त्वरित और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करती है, जिससे पीड़ितों को न्याय जल्दी मिल सके।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के इस कदम से यह संदेश जाता है कि न्याय व्यवस्था पीड़ितों के करीब है और उनके हितों की रक्षा के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। इस तरह की पहलें सामाजिक न्याय के सशक्तरण का प्रमाण हैं और न्याय की पहुँच को सुगम बनाने में मददगार साबित हो रही हैं। इस अवसर पर अन्य अधिकारी भी मौजूद थे जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। यह घटना न्याय व्यवस्था में सुधार और आम जनता को न्याय दिलाने के प्रयासों की एक सकारात्मक मिसाल है।

# श्रम संसाधन विभाग की टीम ने बाल श्रमिक को कराया मुक्त



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

गुरूवार को जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार श्रम अधीक्षक के नेतृत्व में श्रम संसाधन विभाग की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया। इसी क्रम में ओल्ड जीटी रोड स्थित ओम बर्तन घर से एक बाल श्रमिक को मुक्त कराया गया। बाल श्रमिक को मुक्त कराने के साथ ही दोषी नियोजक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। बाल श्रम निषेध एवं विनिमय अधिनियम के तहत दोषी नियोजक को 6 माह से 2 वर्ष तक जेल की सजा और 20,000 से 50,000 तक जुर्माने की सजा हो सकती है। इसके अलावा, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार दोषी नियोजक से 20,000 जिला बाल कल्याण एवं पुनर्वास कोष में जमा कराया जाएगा। मुक्त बाल श्रमिक को पुनर्वास के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष से 25,000 की वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाएगी।

धावा दल में संजीव कुमार (श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, औरंगाबाद सदर), अंजनी कुमार (श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, देव), एवं नगर थाना के पुलिस बल के सदस्य शामिल थे। यह कार्रवाई बाल श्रम को रोकने और बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।

# सफलता : पुलिस ने देशी कट्टा के साथ दो अपराधियों को किया गिरफ्तार

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**




पुलिस ने अपराध को अंजाम देने से पहले ही दो अपराधियों को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद के सख्त निर्देशन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए व्यापक वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत 15 मई 2025 को नगर थाना क्षेत्र के ओवरब्रिज के पास रामाबांध बस स्टैंड की ओर से आ रही मोटरसाइकिल को पुलिस ने रोककर जांच की। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि मोटरसाइकिल सवार दोनों युवक संदिग्ध थे। गहन जांच के दौरान अनुज कुमार के पास से एक देशी कट्टा बरामद हुआ, जिसके बाद पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना अपराध स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि हलुवाई के पास 22,000 रुपये बकाया थे और वे यह राशि वापस लेने के लिए कट्टे के साथ हलुवाई को धमकाने जा रहे थे। पुलिस ने इस मामले में नगर थाना में धारा 25 (1)(बी) एवं 26 आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। गिरफ्तार दोनों युवकों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है और इस मामले में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई जारी है।

गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्त अनुज कुमार और रौशन कुमार उम्र में 18 वर्ष के हैं, जो रामाबांध बिगहा के निवासी हैं। इनके पास से देशी कट्टा, मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में अपराध पर कड़ा प्रहार हुआ है और अपराधियों के लिए पुलिस की पकड़ मजबूत होती जा रही है। इस सफलता से यह संदेश भी गया है कि पुलिस अपराध को बर्दाश्त नहीं करेगी और समय रहते अपराधियों को पकड़ कर कानूनी दायरे में लाएगी। पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद ने कहा है कि जिले में अपराध नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं और इस प्रकार की कार्रवाई से अपराधियों में भय का वातावरण बनता है। साथ ही, आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। आगामी दिनों में भी ऐसी कार्रवाईयां तेज़ी से जारी रहेंगी ताकि अपराध पूरी तरह से कम किया जा सके।

पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने जताई जातीय जनगणना और ऑपरेशन सिंदूर पर कड़ी प्रतिक्रिया

# ऑपरेशन सिंदूर देश के लिए गर्व की बात है, राजनीतिक दलों ने एकजुट होकर किया सरकार का समर्थन

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने जातीय जनगणना के विषय पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि पूरा देश जातीय जनगणना की मांग करता है और यह मांग सबसे पहले बिहार और उत्तर प्रदेश से उठी थी। हालांकि कुछ लोग इस विषय को लेकर अनावश्यक हंगामा मचा रहे हैं और इस पर गलत प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि जो लोग जातीय जनगणना को लेकर हाय-तौबा मचा रहे हैं, उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि इससे देश या समाज में कोई बम फटने वाला नहीं है और न ही कोई सवर्ण वर्ग देश से बाहर जाएगा। 'होने दीजिए जातीय जनगणना, फिर देखिए हमें कहां जाना पड़ता है, उन्होंने कहा। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे राजपूतों के नेता नहीं हैं, बल्कि सर्वसमाज के हितों की बात करते हैं और सर्वसमाज के नेता हैं। इसके बाद उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और युद्ध विराम के बाद राजनीतिक दलों द्वारा की जा रही 'किंतु-परंतु' की राजनीति पर विपक्षी नेताओं पर जोरदार हमला बोला। बृजभूषण सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर देश के लिए गर्व की बात है, जिस पर सभी राजनीतिक दलों ने एकजुट होकर सरकार का समर्थन किया था। इसके बाद भी युद्ध विराम को लेकर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रोजाना की बयानबाजी के कारण राजनीति हो रही है। कुछ लोग चाहते हैं कि युद्ध ही सभी समस्याओं का हल हो, लेकिन मैं उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि 1971 के युद्ध में जब 62 हजार पाकिस्तानी सैनिक युद्धबंदी बने थे, तब क्यों नहीं शर्त रखी गई कि या तो पीओके दो या सैनिक वापस लो? उन्होंने कहा कि कश्मीर समस्या आजादी के समय से ही है और इसके मूल में धारा 370 है। जब हरि सिंह ने कश्मीर का भारत में विलय किया, तब भारतीय सेना लाहौर तक पहुंच गई थी, लेकिन संयुक्त राष्ट्र इसमें हस्तक्षेप कर गया। धारा 370 लागू होने के बाद भी लाखों नागरिक और सैनिक मारे गए, लेकिन तब इस पर कोई विरोध क्यों नहीं हुआ। भाजपा जनसंघ काल से इसका विरोध करती रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के प्रयासों से यह धारा हटाई गई, जिसके बाद कश्मीर में शांति की स्थिति बनी।

उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना को पूरी कार्रवाई की छूट दी गई, जिससे पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचा। आतंकवादी मसूद अजहर के परिवार के कई सदस्य मारे गए, जिससे मसूद अजहर फूट-फूट कर रोया। अब जब वे शांति की राह पर आना चाहते हैं तो उन्हें आना देना चाहिए, लेकिन जो ऐसा नहीं करेगा, उसे भारतीय सेना का सामना करना पड़ेगा।

भाजपा नेता ने महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के मामले पर कहा कि यह एक पुराना सवाल है और उन्होंने इससे पहले भी अपनी बात कह दी है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में महिला उत्पीड़न, दहेज प्रथा, दलित उत्पीड़न और यौन उत्पीड़न के खिलाफ बनाए गए कानूनों का दुरुपयोग बढ़ता जा रहा है, जिससे जनता परेशान है। ये कानून संरक्षण के लिए बनाए गए थे, न कि दुरुपयोग के लिए। जनता अब इस सचाई को समझ रही है। जब उनसे पूछा गया कि संसद में इस विषय को क्यों नहीं उठाया गया, तो उन्होंने कहा कि संसद में इतना मौका नहीं मिलता कि वे हर मामले को उठा सकें, लेकिन वे अन्य मंचों पर इस तरह के मुद्दे उठाते रहते हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने पहुंचे औरंगाबाद

# देश की जांबाज बेटी सोफिया कुरैशी पर किए गए विवादित बयान की कड़ी निंदा की

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा गुरुवार को एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए औरंगाबाद गेस्ट हाउस पहुंचे। वहां उन्होंने मीडिया से बातचीत की और देश की वर्तमान राजनीतिक व सामाजिक परिस्थितियों पर अपने विचार व्यक्त किए। बातचीत के दौरान कुशवाहा ने कहा कि हाल ही में भारतीय जवानों ने पाकिस्तान में घुसकर ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवादियों को करारा जवाब दिया है, जो पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। उन्होंने भारतीय सैनिकों की बहादुरी की खुले दिल से प्रशंसा की। उपेंद्र कुशवाहा ने मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा देश की जांबाज बेटी सोफिया कुरैशी पर किए गए विवादित बयान की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि मंत्री का यह बयान बिल्कुल गलत और अस्वीकार्य है। सोफिया कुरैशी भारत की बेटी हैं और उन पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिए। ऐसे अपमानजनक बयान देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

जब उनसे राहुल गांधी को दरभंगा में छात्र न्याय संवाद कार्यक्रम में छात्रों से मिलने से रोके जाने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि इस विषय में उनके पास पूरी जानकारी नहीं है। संभवतः यह परमिशन से जुड़ा मामला हो सकता है। उन्होंने कहा कि जब उन्हें पूरी जानकारी मिलेगी, तभी इस विषय में कुछ कहेंगे। जातीय जनगणना को लेकर पूछे जाने पर उपेंद्र कुशवाहा ने बताया कि यह मांग वे पहले भी उठा चुके थे। लेकिन अब विपक्षी दल इस मुद्दे को अपनी उपलब्धि बताने की कोशिश कर रहे हैं। खासतौर पर कांग्रेस और राजद को ऐसी बातें कहने में शर्म महसूस करनी चाहिए।

# पांच जून को आयोजित होगा आदिगंगा पुनपुन महोत्सव, तैयारी शुरू



**निज संवाददाता | जम्होर (औरंगाबाद)**

औरंगाबाद सदर प्रखंड के जम्होर में मोक्षदायिनी पुनपुन एवं पुण्यदायिनी बटाने नदी के संगम तट पर स्थित आदिगंगा पुनपुन मंदिर के प्रांगण में आदिगंगा पुनपुन महोत्सव का आयोजन 5 जून को गंगा दशहरा के दिन किया जाएगा। मंदिर के महंत गंगा पुत्र देवबली सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गंगा दशहरा के दिन आदि गंगा महोत्सव काआयोजन किया जाएगा। उस दिन सुबह सवेरे आदि गंगा पुनपुन माता की षोडशोपचार विधि से विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। दोपहर में कीर्तन मंडली के द्वारा एकपहरीय राम नाम कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। अपराह्न में विधिवत उद्घाटन के बाद आदि गंगा पुनपुन की महिमा और गरिमा पर विचार गोष्ठी एवं रात्रि में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सभी कार्यक्रम की रूपरेखा तय के लिए एक समिति का गठन किया गया है, जिसका संयोजक आजाद कुमार को बनाया गया है। आदि गंगा पुनपुन मंदिर के बारे में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि मोक्षदायिनी पुनपुन एवं पुण्यदायिनी बटाने नदी के संगम तट पर स्थित यह बिहार राज्य का पहला मंदिर है। इस मंदिर परिसर में पुनपुन माता के अलावा हनुमान, दुर्गा माता, विश्वकर्मा भगवान सहित एक दर्जन से अधिक देवी देवताओं की मूर्तियां स्थापित है।

# वज्रपात से बचाव को लेकर नुक्कड़ नाटक के जरिए चलाया गया जागरूकता अभियान

**निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)**



जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण औरंगाबाद के तत्वावधान में गुरुवार को हसपुरा प्रखंड में वज्रपात (आकाशीय बिजली) से बचाव को लेकर एक अनोखे अंदाज़ में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन एनजीओ की मदद से किया गया जिसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम लोगों को वज्रपात के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई।

हसपुरा पंचायत के विभिन्न स्थानों जैसे मध्य विद्यालय हसपुरा, उच्च विद्यालय हसपुरा के खेल मैदान और हसपुरा डीह स्थित देवी स्थान पर इस नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। कला जत्था के कलाकारों ने 'जब-जब बिजली चमके, मोबाइल करें स्विच ऑफ' जैसे गीतों और रोचक संवादों के माध्यम से दर्शकों को आकर्षित किया और उन्हें बताया कि किस प्रकार वज्रपात के समय सतर्कता बरत कर जान-माल की रक्षा की जा सकती है। टीम लीडर और वरिष्ठ रंगकर्मी मो. फिरोज अहमद ने बताया कि वज्रपात के दौरान लोगों को बिजली के उपकरणों, धातु, नहर, आहर आदि से दूर रहना चाहिए और खुले स्थानों की बजाय पक्के मकानों में शरण लेनी चाहिए। मोबाइल का इस्तेमाल बंद करना चाहिए या कम से कम इंटरनेट जरूर बंद कर देना चाहिए क्योंकि इंटरनेट चालू रहने से खतरा बढ़ जाता है। यदि कोई सुरक्षित स्थान न मिले, तो कान बंद कर, पैरों को सटा कर और घुटनों पर बैठकर खुद को सुरक्षित रखने की कोशिश करनी चाहिए। इस कार्यक्रम में कलाकारों में सुषमा कुमारी, रामदेव राम, दशरथ राम, रवींद्र कुमार, रामेश्वरी प्रसाद, मो. तालिब, श्याम नारायण राम, मुमताज अहमद, ज्योति कुमारी ने शानदार गीत-संगीत और अभिनय से दर्शकों को न केवल मनोरंजन दिया बल्कि महत्वपूर्ण जानकारियां भी दीं।

कार्यक्रम को स्थानीय शिक्षक एचएम राजेश कुमार और संतोष कुमार समेत कई शिक्षकों ने सराहनीय बताया।